(a) whether the Government has notified the implementation of Viksit Bharat Guarantee for Rojgar and Aajeevika Mission (VB-G RAM-G) in Punjab with effect from 1 July 2026, if so, the key features of the scheme;

(b) whether the Government has taken note that, as per its own data, very few workers in Punjab received the full 100 days of guaranteed employment under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS), if so, the details thereof and the steps taken to ensure that eligible workers receive the promised number of workdays under VB-G RAM G; and

(c) the quantum of pending labour wage payments and material payments due to Punjab under MGNREGS/VB-G RAM G along with the timeline for their release as on 1 July 2026?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT(SHRI KAMLESH PASWAN):

(a): Consequent upon enactment of Viksit Bharat–Guarantee for Rozgar and Aajeevika Mission (Gramin) (VB-G RAM G), Act 2025, the VB-G RAM G scheme has been successfully implemented in rural areas of the entire country with effect from 1st July, 2026. All States and Union Territories including Punjab have

notified the Scheme and have started works under VB-G RAM G by providing employment to the willing households as per the provisions of the Act. The transition from Mahatma Gandhi NREGA to VB-G RAM G has been smooth, seamless and worker-centric. Over 9.69 Crore person days have been generated in approximately within a month of the rollout of the scheme in the country. The brief features of the VB-G RAM G Scheme are given at **Statement**.

(b): While the responsibility of implementation of the Scheme is vested with the concerned States/UTs, the Ministry closely monitors the implementation of the scheme and provides necessary support to States to ensure that all eligible rural households are able to avail the employment as per their demand. In case of Punjab 99.71 % of workers were offered employment against their demand in FY 2025-26. Under the VB-G RAM G Scheme statutory guarantee for employment has further been strengthened by increasing the guaranteed days of wage employment up to 125 days against 100 days available under Mahatma Gandhi NREGS. In order to ensure that workers are provided employment against their demand, States/UTs have been advised to maintain adequate shelf of works, undertake advance planning and make workers aware about their rights.

(c): Under Mahatma Gandhi NREGS, the wage payments are directly credited by the Central Government to the accounts of the beneficiaries through Direct Benefit Transfer protocol. At the beginning of each financial year, admissible pending liabilities of the previous years, if any, are duly reimbursed by the

Government of India. Accordingly, all due and admissible pending wage liabilities upto FY 2025-26 have already been cleared.

With regard to Material components, States/UTs are required to furnish fund release proposals to the Government of India. The Central Government releases funds periodically in two tranches with each tranche consisting of one or more instalments, keeping in view the “agreed to” Labour Budget, demand for works, opening balance, pace of utilization of funds, pending liabilities, overall performance and subject to submission of relevant documents by the States/UTs. During the current financial year 2026-27 (as on 05.08.2026), Rs. 245.97 crore (including Rs.167.86 crore for Wage & Rs. 67.31 crore for Material Component) have been released to the State of Punjab under the Mahatma Gandhi NREGS. With regard to VB- G RAM G Scheme it is stated that an Interim Allocation of Rs. 1331.61 crore has been made as Central Share for financial year 2026-27 for the period between 01.07.2026 to 31.03.2027 to the State of Punjab. Subsequently, Mother Sanctions amounting to Rs. 439.80 crore have been issued as first instalment for various components based on the proposal received from the State.

The pending liability under the Wage & Material components under Mahatma Gandhi NREGS stands at Rs. 0.29 crore and Rs.178.52 crore respectively. All States/UTs including Punjab have been requested to submit proposals for pending liabilities, if any for previous financial years to enable this Department to examine the same and release all eligible payments expeditiously.

STATEMENT

The features of the VB-G RAM G Act, 2025

1. Enhanced livelihood guarantee: The principal objective is to align rural development with Viksit Bharat @ 2047 by strengthening the livelihood guarantee framework through 125 days of wage employment per financial year for rural households whose adult members volunteer for unskilled manual work.

2. Viksit Gram Panchayat Plan (VGPP) based planning: Planning will be undertaken through Viksit Gram Panchayat Plans, prepared by Gram Panchayats through Gram Sabha and integrated with national spatial planning systems, while factoring in varying local developmental needs.

3. Four Priority Thematic Areas

(i) Water security: Water related works such as conservation structures, irrigation support, groundwater recharge, rejuvenation of water bodies, watershed development and afforestation will strengthen water security across rural regions.

(ii) Core rural infrastructure: Essential civic, social and service delivery assets like rural roads, public buildings, school infrastructure, sanitation systems, renewable energy facilities and housing work under Central Government schemes will ensure better basic amenities and improved access to services.

(iii) Livelihood related infrastructure: Productive assets for agriculture, livestock,

fisheries, storage, markets, skill development, and circular economy models will support sustainable livelihoods, value addition, and diversified rural income opportunities.

(iv) Special works for extreme weather events: Disaster preparedness and climate adaptation works such as shelters, embankments, flood management structures, rehabilitation works, and forest fire management will help create climate-resilient villages.

4. Convergence and Saturation based Approach: To translate this vision into practice, the Act adopts a convergence and saturation-based approach that brings together complementary Government schemes within a single, coherent rural development architecture.

5. Modern, Technology enabled Governance: The Act establishes a modern, transparent and technology enabled governance architecture to ensure effective implementation, accountability and high integrity service delivery. Biometric authentication, spatial technology enabled planning, mobile and dashboard-based monitoring, weekly public disclosure systems and a strengthened Social Audit mechanism will contribute in ensuring transparency and accountability.

6. Securing peak agricultural seasons: States has been empowered to notify in advance, a period aggregating to 60 days in a financial year covering peak sowing and harvesting season during which works under the Act will not be undertaken, facilitating availability of sufficient farm labour during critical times.

7. Centrally Sponsored Scheme: It is a Centrally Sponsored Scheme with shared responsibilities between the Centre and States.

8. Normative Allocation: To promote inclusive growth and equitable distribution of financial resources in a fair manner, the Central Government will make Normative Allocation to each State based on objective parameters prescribed in the Rules. States will ensure transparent and need-based intra-state distribution of funds across districts and gram panchayats, taking into account the category of the panchayats and local developmental needs, thereby strengthening equity, transparency and accountability.

9. Special relaxations: During natural calamities or extraordinary circumstances, the Central Government may make temporary relaxations for timely response and relief.

10. Institutional Oversight: The Central Gramin Rozgar Guarantee Council and the State Gramin Rozgar Guarantee Councils will be responsible for review, monitoring and effective implementation of the provisions of the legislation in their respective areas. Steering committees at Central and State Level will be responsible to give recommendations on matters concerning normative allocations, convergence etc.

ELECTRIC VEHICLE CHARGING STATIONS AT PETROL PUMPS IN TIRUCHIRAPPALLI

3683. SHRI DURAI VAIKO:

Will the Minister **of HEAVY INDUSTRIES** be pleased to stat**e:**

(a) whether the Government has any proposal to increase the number of Electric Vehicle (EV) charging stations at petrol pumps in Tiruchirappalli district, Tamil Nadu, in view of the growing adoption of electric vehicles;

(b) the details of number of EV charging stations presently functioning at petrol pumps in Tiruchirappalli district and the number proposed to be established during the next three years;

(c) whether the Government is providing any financial assistance or incentives to Oil Marketing Companies and private fuel retail outlets for establishing EV charging infrastructure;

(d) whether the Government proposes to encourage the installation of fast-charging stations at all major petrol pumps along National Highways and urban areas in Tiruchirappalli to improve EV accessibility; and

(e) if so, the details thereof including the timeline for implementation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL (SHRI BHUPATHIRAJU SRINIVASA VARMA):

(a) to (e): Setting up of a charging station is an unlicensed activity and private

players can install EVCS as per Ministry of Power (MoP) Guidelines of September 17, 2024. Further, as per information received from the three OMCs namely BPCL, IOCL and HPCL, a total of 79 EVPCS have been installed in Tiruchirappalli district of Tamil Nadu under the FAME-II scheme out of which, 69 EVPCS are operational as on 01.08.2026.

Further, Rs.2,000 crore has been allocated under the PM E-DRIVE Scheme for the deployment of fast EVPCS on a pan India basis, including major petrol pumps along National Highways and urban areas. As on 31.07.2026, proposals from 10 states namely UP, Rajasthan, Gujarat, AP, Telangana, Kerala, Karnataka, Tamil Nadu, Delhi and Odisha and the three OMCs namely BPCL, IOCL and HPCL have been approved under the PM E-DRIVE scheme for deployment of 7,254 EV chargers. As per inputs received from BHEL, these 3 OMCs have not submitted any proposal to increase the number of Electric Vehicle (EV) charging stations at petrol pumps in Tiruchirappalli district, Tamil Nadu under the PM E-DRIVE scheme.

The timeline for the implementation of the PM E-DRIVE scheme is up to 31.03.2028.

मखाना उत्पादकों को सहायता

3684. श्री दिनेश चंद्र यादवः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) घोषित केंद्रीय बजट 2025-26 में बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की वर्तमान स्थिति क्या

है और इसके गठन के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) मखाना बोर्ड की प्रशासनिक संरचना, इसके कामकाज से जुड़े मंत्रालय/विभाग या एजेंसी का ब्यौरा तथा इसकी संगठनात्मक संरचना क्या है;

(ग) क्या मखाना बोर्ड के माध्यम से मखाना उत्पादकों को गुणवत्तापूर्ण बीज, वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक, प्रशिक्षण, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन, भंडारण, विपणन, निर्यात संवर्धन, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को बढ़ावा, वित्तीय सहायता और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ प्रदान किए जा रहे हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मखाना बोर्ड के संबंध में स्वीकृत बजट, समय-सीमा, अब तक हुई प्रगति और लाभान्वित किसानों की संख्या का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा तथा इस संबंध में प्राप्त उपलब्धियां क्या हैं?

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर):

(क): बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का गठन मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, विपणन और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 14.09.2025 को किया गया था।

मखाना क्षेत्र के समग्र विकास में सहायता के लिए दिनांक 14.09.2025 को ₹476.03 करोड़ के परिव्यय के साथ मखाना विकास के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना को मंज़ूरी दी गई थी। इस योजना के तहत, राष्ट्रीय मखाना बोर्ड अनुमोदित वार्षिक कार्य-योजना (एएपी) के आधार पर राज्यों को वित्तीय सहायता जारी करता है।

(ख): राष्ट्रीय मखाना बोर्ड, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की संरचना का ब्यौरा **विवरण-I** में दिया गया है।

(ग): यह योजना मखाना किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को उत्पादन और

उत्पादकता वृद्धि (क्षेत्रफल विस्तार, बीज उत्पादन), फसलोपरांत प्रबंधन, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन, अनुसंधान एवं विकास, निर्यात संवर्धन, बाजार एवं ब्रांड विकास, विस्तार गतिविधियों और क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान करती है।

(घ): केंद्रीय क्षेत्र की मखाना विकास योजना के तहत, वर्ष 2025-26 के लिए 30 करोड़ रुपए और वर्ष 2026-27 के लिए 90 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। केंद्रीय क्षेत्र की मखाना विकास योजना के तहत राज्यों को स्वीकृत बजट का ब्यौरा **विवरण-II** में दिया गया है।

इस योजना के अंतर्गत, राज्यों में 1,010 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को मखाना की खेती के अंतर्गत लाया गया है, जबकि 73 हेक्टेयर को बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत लाया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) की बागवानी सांख्यिकी इकाई के अंतिम अनुमानों के अनुसार, भारत में मखाना का उत्पादन वर्ष 2024-25 में 2.03 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर की औसत उत्पादकता के साथ 63,910 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2025-26 में (द्वितीय अग्रिम अनुमान) 2.34 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर की औसत उत्पादकता के साथ 80,590 मीट्रिक टन हो गया।

मखाना की उन्नत उत्पादन तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए कुल 89 फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन (एफएलडी) आयोजित किए गए। राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू), केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों (सीएयू), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) संस्थानों आदि में आयोजित सेमिनारों, एक्सपोजर विजिट और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों का क्षमता निर्माण किया गया। वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों की राज्यवार और जिलावार संख्या **विवरण-III** में दी गई है।

विवरण-I

राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की संरचना

I. अध्यक्ष;

II. कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, वाणिज्य और उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से संबंधित केंद्र सरकार के मंत्रालयों/ विभागों का प्रतिनिधित्व करने के लिए पांच सदस्य;

III. कृषि उत्पादन आयुक्त/ प्रधान सचिव कृषि, बिहार और अन्य मखाना उत्पादक राज्यों से रोटेशन के आधार पर दो अधिकारी;

IV. मखाना उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए तीन सदस्य (केंद्र सरकार द्वारा नामित);

V. मखाना प्रसंस्करणकर्ताओं/ निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए दो सदस्य (केंद्र सरकार द्वारा नामित);

VI. निदेशक, आईसीएआर-राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा (बिहार);

VII. निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) या उनके नामित व्यक्ति;

VIII. निदेशक, आईसीएआर- केंद्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीएचईटी), लुधियाना (पंजाब);

IX. अध्यक्ष, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) या उनके नामित व्यक्ति;

X. बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), सबौर, भागलपुर के कुलपति या नामित व्यक्ति; और

XI. राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के सचिव।

<u>विवरण- II</u>

मखाना विकास के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत राज्यों को स्वीकृत बजट

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	राज्य	वर्ष 2025-26	वर्ष 2026-27
		स्वीकृत बजट	स्वीकृत बजट
1.	बिहार	16.49	52.10

2.	छत्तीसगढ़	1.78	4.11
3.	मणिपुर	2.18	3.15
4.	असम	1.05	2.00
5.	मध्य प्रदेश	1.43	2.19
6.	उत्तर प्रदेश	2.65	10.15
7.	उत्तराखंड	0.50	1.00
8.	जम्मू और कश्मीर	0.41	0.99
9.	पश्चिम बंगाल	-	0.88
10.	झारखंड	-	3.84

विवरण-III

वर्ष 2025-2026 के लिए केंद्रीय क्षेत्र की मखाना विकास योजना के तहत लाभान्वित किसानों की राज्यवार और जिलावार संख्या

क्र.सं.	**राज्य**	**ज़िला**	**किसान (संख्या)**
1.	बिहार	भागलपुर	43
		दरभंगा	165
		कटिहार	181
		खगरिया	61
		किशनगंज	112
		मधेपुरा	172
		पटना	5
		पूर्णिया	126
		सहरसा	121
		सुपौल	192
कुल			**1276**
2.	मणिपुर	बिश्नुपुर	199
		काकचिंग	129
		थौबल	131
		इम्फाल पश्चिम	129
		इम्फाल पूर्व	126
कुल			**714**

3.	असम	कामरूप मेट्रो	10
		दरांग	1
		बिश्वनाथ	1
		डिब्रूगढ़	1
		श्रीभूमि	20
		बक्सा	1
		मोरीगांव	8
		धुबरी	8
कुल			**50**
4.	मध्य प्रदेश	नर्मदापुरम	380
		सिवनी	80
		पन्ना	76
कुल			**536**
5.	उत्तर प्रदेश	मऊ	100
		बलरामपुर	200
		चंदौली	201
		सीतापुर	100
		कौशांबी	300
		वाराणसी	50
		कुशीनगर	302
		जौनपुर	50
		अयोध्या	200
		बलिया	50
		बस्ती	150
		भदोही	100
		आजमगढ़	50
		बहराइच	250
		रायबरेली	200
		अंबेडकर नगर	300
		सोनभद्र	100
		सिद्धार्थ नगर	201
		बाराबंकी	100
		देवरिया	100
		संत कबीर नगर	201

		गोरखपुर	301
		प्रयागराज	100
		मिर्जापुर	101
		गोंडा	200
कुल			**4007**
6.	छत्तीसगढ़	धमतरी	533
		महासमुंद	213
		बलोद	209
		रायपुर	269
		दुर्ग	352
कुल			**1576**
कुल योग			**8159**

HOUSES SANCTIONED UNDER PMAY-G IN ANDHRA PRADESH

3685. SHRI G. M. HARISH BALAYOGI:

Will the Minister of **RURAL DEVELOPMENT** be pleased to state:

(a) the details of houses sanctioned, grounded, completed and occupied under Pradhan Mantri Awas Yojana - Gramin (PMAY-G) in Andhra Pradesh, district-wise including Konaseema district;

(b) the number and details of SC/ST/OBC/Women beneficiaries covered under each vertical of PMAY-G in Andhra Pradesh, district and vertical-wise including Konaseema district;

(c) the details regarding quality assurance mechanisms for houses constructed including role of third Party Quality Monitoring Agencies, geo-tagging, inspections and other monitoring mechanisms under PMAY-G in Andhra

Pradesh;

(d) the complaints, deficiencies, substandard construction or violations of prescribed construction standards reported in Andhra Pradesh under PMAY-G during the last three years, district-wise; and

(e) the action taken against contractors, implementing agencies, engineers and other officials including those blacklisted, debarred or penalised for substandard construction, violation of PMAY-G guidelines in Andhra Pradesh?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (DR. CHANDRA SEKHAR PEMMASANI):

(a): As informed by the Government of Andhra Pradesh, the details of houses sanctioned, completed and occupied under Pradhan Mantri Awaas Yojana - Gramin (PMAY-G) are at **Statement-I**.

(b): As informed by the Government of Andhra Pradesh, the details of houses sanctioned to and completed by SC/ST/Others and Women beneficiaries covered under PMAY-G in Andhra Pradesh, including in Konaseema district is at **Statement-II** and **III**.

(c): Under PMAY-G, the house is constructed by the beneficiary himself/herself or under his/her supervision. Further, as per the guidelines of PMAY-G, the States/UTs provide the beneficiaries a bouquet of options of house designs

according to the local climatic conditions, using appropriate local material and technology suitable to the region of their residence. The State/UT Government can also facilitate supply of construction material at competitive rates.

The Ministry of Rural Development has also published a compendium of rural housing typologies “PAHAL” which is available on the program website of PMAY-G. This can also be accessed through AwaasApp.

Further, to ensure good quality construction of houses under PMAY-G, the Government of India has rolled out Rural Mason Training (RMT) Program with the target to train adequate number of masons for house construction in rural areas.

In PMAY-G, programme implementation and monitoring is to be carried out through an end to end e-Governance model-Using AwaasSoft and AwaasApp. Monitoring of PMAY-G is done through real time capture of progress using workflow enabled transactional data in MIS i.e. AwaasSoft. Under PMAY-G, the physical progress of construction of a PMAY-G house is monitored through the geo- tagged, time and date stamped photographs to be updated at every stage of construction and completion.

National-level Monitors and Area Officers of the Ministry also visit PMAY-G houses during the field visits to assess the progress, the procedure followed for the selection of beneficiaries, etc.

(d) and (e): As informed by the Government of Andhra Pradesh, no complaints, deficiencies, substandard construction or violations of prescribed construction

standards were reported under PMAY-G during the last three years.

STATEMENT-I

District-wise houses sanctioned, completed and occupied in Andhra Pradesh under PMAY-G since inception w.e.f 01.04.2016

S. No	District	No. of Houses		
		Sanctioned	Completed	Occupied
1	Alluri Sitharama Raju	14368	4367	4367
2	Anakapalli	8750	4765	4765
3	Anantapur	6192	2580	2580
4	Annamayya	1078	189	189
5	Bapatla	19325	4538	4538
6	Chittoor	316	245	245
7	East Godavari	9779	3425	3425
8	Eluru	19453	7928	7928
9	Guntur	7886	2622	2622
10	Kakinada	4726	1792	1792
11	**Konaseema**	**16212**	**8400**	**8400**
12	Krishna	12506	3610	3610
13	Kurnool	14548	4560	4560
14	Markapuram	5822	1784	1784
15	Nandyal	14932	4523	4523
16	Nellore	14669	3456	3456
17	Ntr	6544	3067	3067
18	Palnadu	16987	6248	6248
19	Parvathipuram Manyam	9748	4749	4749
20	Polavaram	6080	2822	2822
21	Prakasam	7150	1907	1907
22	Sri Sathya Sai	5985	1095	1095
23	Srikakulam	6516	3383	3383
24	Tirupati	5780	2015	2015
25	Visakhapatanam	683	466	466

26	Vizianagaram	3129	2360	2360
27	West Godavari	3840	2761	2761
28	Y.S.R	3925	944	944
	Total	246929	90601	90601

STATEMENT-II

District-wise houses sanctioned and completed across categories in Andhra Pradesh under PMAY-G since inception w.e.f 01.04.2016

S. No	District Name	No. of HousesSanctioned				No. of HousesCompleted			
		SC	ST	Others	Total	SC	ST	Others	Total
1	Alluri Sitharama Raju	5	13886	477	14368	4	4175	188	4367
2	Anakapalli	1134	1131	6485	8750	516	594	3655	4765
3	Anantapur	1464	175	4553	6192	596	72	1912	2580
4	Annamayya	133	43	902	1078	29	8	152	189
5	Bapatla	7521	1263	10541	19325	1719	310	2509	4538
6	Chittoor	136	32	148	316	104	25	116	245
7	East Godavari	4811	224	4744	9779	1384	81	1960	3425
8	Eluru	8384	3006	8063	19453	3063	1492	3373	7928
9	Guntur	3957	630	3299	7886	1229	216	1177	2622
10	Kakinada	1648	220	2858	4726	537	51	1204	1792
11	**Konaseema**	**7947**	**197**	**8068**	**16212**	**3608**	**91**	**4701**	**8400**
12	Krishna	4374	314	7818	12506	1439	75	2096	3610
13	Kurnool	3539	232	10777	14548	950	75	3535	4560
14	Markapuram	1716	415	3691	5822	443	136	1205	1784
15	Nandyal	5088	486	9358	14932	1506	177	2840	4523
16	Nellore	5400	3326	5943	14669	1251	1070	1135	3456
17	Ntr	2986	758	2800	6544	1327	371	1369	3067
18	Palnadu	6351	2685	7951	16987	1968	915	3365	6248
19	Parvathipuram Manyam	935	5653	3160	9748	404	3022	1323	4749
20	Polavaram	0	6074	6	6080	0	2819	3	2822
21	Prakasam	2923	564	3663	7150	724	108	1075	1907
22	Sri Sathya Sai	1401	411	4173	5985	215	101	779	1095

23	Srikakulam	930	1377	4209	6516	453	622	2308	3383
24	Tirupati	2432	1091	2257	5780	653	481	881	2015
25	Visakhapatanam	119	2	562	683	63	1	402	466
26	Vizianagaram	390	215	2524	3129	248	116	1996	2360
27	West Godavari	1203	63	2574	3840	758	47	1956	2761
28	Y.S.R	1171	139	2615	3925	278	51	615	944
	Total	**78098**	**44612**	**124219**	**246929**	**25469**	**17302**	**47830**	**90601**

STATEMENT-III

District-wise houses sanctioned to and completed by women beneficiaries in Andhra Pradesh under PMAY-G since inception w.e.f 01.04.2016

S. No	District Name	House Sanctioned			House Completed		
		Women	Women jointly with Spouse	Total	Women	Women joint with Spouse	Total
1	Alluri Sitharama Raju	2924	10447	13371	880	3118	3998
2	Anakapalli	2510	4549	7059	1133	2515	3648
3	Anantapur	1788	3423	5211	704	1292	1996
4	Annamayya	613	342	955	91	59	150
5	Bapatla	4432	12511	16943	1195	2875	4070
6	Chittoor	50	119	169	38	98	136
7	East Godavari	2983	5460	8443	927	1854	2781
8	Eluru	4343	13132	17475	1589	5615	7204
9	Guntur	2688	3976	6664	971	1245	2216
10	Kakinada	1770	2177	3947	602	863	1465
11	**Konaseema**	**2990**	**9523**	**12513**	**1481**	**4789**	**6270**
12	Krishna	2869	7345	10214	675	2562	3237
13	Kurnool	3909	8289	12198	1175	2486	3661
14	Markapuram	1643	3559	5202	442	1195	1637
15	Nandyal	4223	8837	13060	1222	2786	4008
16	Nellore	6540	6217	12757	1285	1454	2739

17	Ntr	1186	4571	5757	487	2206	2693
18	Palnadu	6489	6881	13370	2741	2316	5057
19	Parvathipuram Manyam	3043	5740	8783	1438	2799	4237
20	Polavaram	1766	2465	4231	855	857	1712
21	Prakasam	2535	3549	6084	622	1042	1664
22	Sri Sathya Sai	1925	3061	4986	324	485	809
23	Srikakulam	1674	4096	5770	918	1929	2847
24	Tirupati	2146	2761	4907	623	1032	1655
25	Visakhapatanam	151	346	497	81	253	334
26	Vizianagaram	1017	1493	2510	767	1114	1881
27	West Godavari	663	2658	3321	440	1960	2400
28	Y.S.R	1267	1950	3217	275	375	650
	Total	**70137**	**139477**	**209614**	**23981**	**51174**	**75155**

ग्राम पंचायत

3686. श्री हनुमान बेनीवालः

श्री राजकुमार रोतः

श्री राजेश रंजनः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 73वें संविधान संशोधन के तीन दशक बाद भी, राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में ग्राम पंचायतों को 29 विषयों का पूरा अधिकार हस्तांतरण, पर्याप्त वित्तीय शक्तियां और आवश्यक प्रशासनिक कर्मचारी नहीं दिए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो उन 29 विषयों के हस्तांतरण की स्थिति और मुख्य निष्कर्ष, मुहैया कराए गए वित्तीय संसाधन और पंचायतों को मुहैया कराए गए कर्मचारियों सहित तत्संबंधी राज्य-बार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यों द्वारा पंचायतों को वित्तीय, प्रशासनिक और कार्यात्मक शक्तियां सौंपने की स्थिति का कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का पंचायतों को वास्तव में स्थानीय स्व-शासन की वास्तविक इकाइयां बनाने के लिए समयबद्ध कार्य-योजना बनाने का विचार है और यदि हां, तो प्रस्तावित समय-सीमा के साथ तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पंचायती राज मंत्री; तथा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह

(क) से (ग): भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची के संदर्भ में पंचायत, 'स्थानीय सरकार" होने के कारण राज्य का विषय है। पंचायतों को राज्यों के पंचायती राज अधिनियमों के अंतर्गत स्थापित और संचालित किया जाता है। भारत के संविधान के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, राज्यों ने अपने अलग-अलग पंचायती राज अधिनियम बनाए हैं। भारत के संविधान का अनुच्छेद 243G, आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए योजनाएं तैयार करने के लिए तथा आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की ऐसी स्कीमों को, जो पंचायतों को सौंपी जा सके, जिनमें भारत के संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में सूचीबद्ध विषय भी शामिल है, के क्रियान्वयन के लिए, किसी भी राज्य के विधान मंडल को, निर्दिष्ट शर्तों के अधीन, उचित स्तर पर पंचायतों को शक्तियों और उत्तरदायित्वों के हस्तांतरण के लिए, कानून द्वारा, प्रावधानों को बनाने का अधिकार देता है। राज्य के विधानमंडल को, पंचायतों को शक्तियों और उत्तरदायित्वों के हस्तांतरण के लिए, ग्यारहवी अनुसूची में वर्णित 29 विषयों पर विचार करना होता है। तदनुसार, ग्यारहवीं अनुसूची में शामिल 29 विषयों का अंतरण, पर्याप्त वित्तीय शक्तियां, ग्राम पंचायतों को आवश्यक प्रशासनिक कर्मचारी उपलब्ध कराना और पंचायतों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने सहित पंचायतों से संबंधित सभी मामले संबंधित राज्य

सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

हालाँकि, पंचायती राज मंत्रालय समय-समय पर अध्ययनों, समीक्षा बैठकों, क्षेत्रों के दौरे, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों, आदि के माध्यम से, पंचायतों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा करता रहता है।

जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में स्थानीय सरकारों की भूमिका और अंतरण की प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए, इस मंत्रालय ने फरवरी, 2025 में "राज्यों में पंचायतों को अंतरण की स्थिति-एक सांकेतिक साक्ष्य आधारित रैंकिंग, 2024" नामक शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट अंतरण सूचकांक को प्रस्तुत करती है, जो कि संविधान के भाग-9 के अंतर्गत आने वाले सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को चिन्हित किए गए छः आयामों, अर्थात् रूपरेखा, कार्य, वित्त, पदाधिकारी, क्षमता में वृद्धि और जवाबदेही के आधार पर उनको समग्र स्कोर और रैंक प्रदान करती है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 2013-14 से 2021-22 के बीच अंतरण सूचकांक का दायरा 39.9% से बढ़कर 43.9% हो गया है। अंतरण सूचकांक और उप-सूचकांकों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, राजस्थान राज्य सहित, की रैंकिंग **विवरण** में संलग्न है।

इन छः चिन्हित आयामों में, **रूपरेखा** में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण, पंचायत चुनाव और राज्य चुनाव आयोग, पंचायतों का कार्यकाल, उनका भंग होना और उपचुनाव, ज़िला योजना समिति का गठन और कामकाज, समितियों और समानांतर निकायों/संस्थाओं में पंचायतों की भूमिका, और पंचायतों को स्वायत्तता देना शामिल है। **कार्य** में पंचायतों को सौंपे गए काम जैसे एक्टिविटी मैपिंग, किया गया व्यय , पंचायतों की वास्तविक भागीदारी और महत्वपूर्ण योजनाओं में पंचायतों की भूमिका शामिल हैं| **वित्त** में पंचायतों को मिलने वाला 15वें वित्त आयोग का अनुदान, राज्य वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर पंचायतों को धन का हस्तांतरण, राजस्व लगाने और कर इकट्ठा करने के लिए पंचायतों को

अधिकार देना, पंचायतों के पास उपलब्ध निधि, पंचायतों का खर्च, और वित्त, अकाउंट्स व बजट से जुड़ी पहलें शामिल हैं। **पदाधिकारी** में पंचायतों का भौतिक बुनियादी ढांचा, पंचायतों की ई-कनेक्टिविटी और पंचायत अधिकारी शामिल हैं। **क्षमता में वृद्धि** में प्रशिक्षण संस्थान और प्रशिक्षण गतिविधियाँ जैसे चुने हुए प्रतिनिधियों और अधिकारियों का प्रशिक्षण शामिल हैं| **जवाबदेही** में पंचायतों का लेखांकन और ऑडिट, पंचायतों का सोशल ऑडिट, ग्राम सभा का कामकाज, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार-रोधी उपाय, तथा पंचायतों का मूल्यांकन और प्रोत्साहन शामिल हैं।

पंद्रहवें वित्त आयोग (XV-FC) ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2025-26 (अंतरिम अवधि 2020–21 सहित) के लिए पंचायतों के तीनों स्तरों, पारंपरिक स्थानीय निकायों और छठी अनुसूची क्षेत्रों सहित 28 राज्यों में कुल ₹2,97,555 करोड़ के अनुदान की सिफारिश की थी, इनमें से 31 मार्च, 2026 तक ₹2,82,632.34 करोड़ जारी किए गए।

(घ): “पंचायत” राज्य का विषय है, इसलिए पंचायतों को स्थानीय स्व-शासन की वास्तविक इकाई बनाने के लिए समय-सीमा के भीतर कार्य-योजना तैयार करने का मामला संबंधित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।

विवरण

अंतरण सूचकांक (डीआई) और उप-सूचकांक में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की रैंकिंग

श्रेणी	डीआई		रूपरेखा		कार्य		वित्त		पदाधिकारियों		क्षमता निर्माण		जवाबदेही	
	राज्य	अंक	राज्य	अंक	राज्य	अंक	राज्य	अंक	राज्य	अंक	राज्य	अंक	राज्य	अंक
सामान्य श्रेणी के राज्य														
1	कर्नाटक	72.23	केरल	83.56	तमिलनाडु	60.24	कर्नाटक	70.65	गुजरात	90.94	तेलंगाना	86.19	कर्नाटक	81.33
2	केरल	70.59	महाराष्ट्र	74.74	कर्नाटक	57.62	केरल	62.89	तमिलनाडु	84.25	तमिलनाडु	84.29	केरल	81.18
3	तमिलनाडु	68.38	कर्नाटक	74.43	ओडिशा	57.46	तमिलनाडु	55.78	केरल	82.99	गुजरात	83.96	महाराष्ट्र	80.36
4	महाराष्ट्र	61.44	हरियाणा	73.3	राजस्थान	56.13	राजस्थान	54.56	कर्नाटक	80.11	गोवा	77.7	उत्तर प्रदेश	76.07
5	उत्तर प्रदेश	60.07	मध्यप्रदेश	70	केरल	53.86	ओडिशा	53.57	छत्तीसगढ	78.33	आंध्र प्रदेश	76.69	तमिलनाडु	71
6	गुजरात	58.26	ओडिशा	69.2	उत्तर प्रदेश	46.89	पश्चिम बंगाल	52.96	बिहार	75.13	उत्तर प्रदेश	74.44	आंध्र प्रदेश	60.49
7	राजस्थान	56.67	राजस्थान	68.54	महाराष्ट्र	46.52	उत्तर प्रदेश	51.76	महाराष्ट्र	73.63	महाराष्ट्र	73.35	तेलंगाना	60.43
8	पश्चिम बंगाल	56.52	छत्तीसगढ	68.51	छत्तीसगढ	42.39	छत्तीसगढ	51.45	आंध्र प्रदेश	68.78	कर्नाटक	71.59	छत्तीसगढ	58.17
9	छत्तीसगढ	56.26	तमिलनाडु	66.83	गुजरात	41.23	तेलंगाना	46.86	पश्चिम बंगाल	67.76	केरल	71.11	पश्चिम बंगाल	57.87
10	तेलंगाना	55.1	पश्चिम बंगाल	62.3	मध्यप्रदेश	39.47	बिहार	43.86	राजस्थान	64.03	पश्चिम बंगाल	70.63	ओडिशा	51.92
11	आंध्र प्रदेश	54.43	गुजरात	61.65	तेलंगाना	38.77	आंध्र प्रदेश	43.19	उत्तर प्रदेश	63.13	मध्यप्रदेश	70	बिहार	51.64
12	मध्य प्रदेश	50.94	आंध्र प्रदेश	60.08	पश्चिम बंगाल	33.07	महाराष्ट्र	42.96	मध्यप्रदेश	62.22	राजस्थान	61.43	गुजरात	47.9
13	ओडिशा	50.03	उत्तर प्रदेश	54.64	पंजाब	31.97	मध्यप्रदेश	42.34	तेलंगाना	58.01	बिहार	55.27	हरियाणा	41.93
14	बिहार	48.24	गोवा	52.88	आंध्र प्रदेश	30.5	गुजरात	41.63	गोवा	46.31	छत्तीसगढ	47.61	राजस्थान	41.43
15	हरियाणा	39.33	बिहार	49.76	झारखंड	27.56	हरियाणा	40.38	हरियाणा	38.48	ओडिशा	43.43	मध्यप्रदेश	36.55

16	गोवा	37.71	पंजाब	47.26	बिहार	18.69	पंजाब	36.36	झारखंड	27.83	हरियाणा	35.35	गोवा	31.75
17	पंजाब	29.34	तेलंगाना	45.35	हरियाणा	16.82	झारखंड	30.05	ओडिशा	27.42	पंजाब	26.34	पंजाब	24.87
18	झारखंड	27.73	झारखंड	42.3	गोवा	6.63	गोवा	26.88	पंजाब	8.2	झारखंड	24.72	झारखंड	16.47
पूर्वोत्तर / पहाड़ी क्षेत्र के राज्य														
1	त्रिपुरा	57.58	उत्तराखंड	70.95	सिक्किम	42.59	त्रिपुरा	59.16	हिमाचल प्रदेश	70.06	हिमाचल प्रदेश	83.68	त्रिपुरा	70.69
2	हिमाचल प्रदेश	53.17	त्रिपुरा	66.5	असम	28.66	हिमाचल प्रदेश	48.41	असम	65.12	त्रिपुरा	76.82	असम	57.14
3	उत्तराखंड	49.11	सिक्किम	65.27	हिमाचल प्रदेश	23.01	उत्तराखंड	47.11	उत्तराखंड	60.49	असम	71.96	उत्तराखंड	52.72
4	असम	49.06	हिमाचल प्रदेश	62.22	त्रिपुरा	21.5	सिक्किम	43.5	त्रिपुरा	52.22	उत्तराखंड	56.02	हिमाचल प्रदेश	39.41
5	सिक्किम	43.81	असम	54.04	उत्तराखंड	16.68	असम	34.06	सिक्किम	31.42	सिक्किम	53.23	सिक्किम	34.94
6	अरुणाचलप्रदेश#	17.96	अरुणाचल प्रदेश#	41.5	अरुणाचल प्रदेश#	12.7	मणिपुर#	13.17	मणिपुर#	21.4	अरुणाचल प्रदेश#	37.4	मणिपुर#	28.75
7	मणिपुर#	17.13	मणिपुर#	34.05	मणिपुर#	11.23	अरुणाचल प्रदेश#	6.83	अरुणाचल प्रदेश#	5.74	मणिपुर#	3.75	अरुणाचल प्रदेश#	22.56
संघ राज्य क्षेत्र														
1	जम्मू और कश्मीर	27.85	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	55.21	जम्मू और कश्मीर	11.88	पुदुचेरी	16.16	लक्षद्वीप#	39.53	जम्मू और कश्मीर	55.08	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	45.73
2	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	27.15	लक्षद्वीप#	31.42	लद्दाख	11.08	जम्मू और कश्मीर	13.29	जम्मू और कश्मीर	36.97	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	54.82	जम्मू और कश्मीर	39.76
3	लक्षद्वीप#	18.32	जम्मू और कश्मीर	23.07	लक्षद्वीप#	10.36	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	9.09	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव#	31.69	लद्दाख	29.32	पुदुचेरी	29.33
4	लद्दाख	16.18	लद्दाख	22.21	पुदुचेरी	4.63	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव#	5.45	लद्दाख	25.25	लक्षद्वीप#	15.18	लक्षद्वीप#	28.13

5	पुदुचेरी	16.16	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव#	22.06	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	4.5	लक्षद्वीप#	3.99	पुदुचेरी	21.49	पुदुचेरी	13.75	लद्दाख	27.43
6	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव#	13.62	पुदुचेरी	9.31	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव#	0	लद्दाख	0	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	20.94	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव#	8.57	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव#	24.91
	राष्ट्रीय औसत	**43.89**		**54.29**		**29.18**		**37.04**		**50.96**		**54.63**		47.51

स्रोत:"राज्यों में पंचायतों को अंतरण की स्थिति-एक सांकेतिक साक्ष्य आधारित रैंकिंग, 2024" नामक शीर्षक से रिपोर्ट

नोट: #वे राज्य जिनके लिए पिछले आँकड़ेइस्तेमाल किए गए हैं।

स्व-सहायता समूहों के लिए लागू की गई ग्रामीण योजनाएं

3687. श्री अरुण कुमार सागर:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए कार्यान्वित की जा रही ग्रामीण योजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजनाओं के अंतर्गत महिलाओं को प्रदान की जाने वाली ऋण और प्रशिक्षण सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में स्थापित महिला स्व-सहायता समूहों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) इन स्व-सहायता समूहों के कामकाज को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं; और

(ङ) स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों की आय पर उक्त योजनाओं का क्या प्रभाव पड़ा है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी):

(क): ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण परिवारों को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित करने तथा उन्हें निरंतर विकसित एवं समर्थित करने के उद्देश्य से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) कार्यान्वित कर रहा है, ताकि समय के साथ उनकी आय में सराहनीय वृद्धि हो सके तथा उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। संचयी रूप से, 10.08 करोड़ महिलाओं को 92.30 लाख स्वयं सहायता समूहों में संचालित किया गया है। मिशन अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए चार मुख्य घटकों अर्थात (1) ग्रामीण गरीबों की स्व-प्रबंधित एवं वित्तीय रूप से टिकाऊ सामुदायिक संस्थाओं का सामाजिक संचालन, संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण; (2) ग्रामीण गरीबों का वित्तीय समावेशन; (3) टिकाऊ आजीविका; तथा (4) सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास में निवेश करता है। यह मिशन देश भर में 28 राज्यों एवं 6 संघ-राज्य क्षेत्रों (दिल्ली

एवं चंडीगढ़ को छोड़कर) में कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ख): मंत्रालय, डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को संस्थागत ऋण तक पहुंच उपलब्ध कराता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, महिला स्वयं सहायता समूह भारतीय रिज़र्व बैंक तथा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों तथा सहकारी बैंकों से जमानत-मुक्त ऋण प्राप्त करते हैं। इन स्वयं सहायता समूहों के प्रशिक्षण हेतु, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) इन समूहों सहित ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास एवं उद्यमशीलता प्रशिक्षण प्रदान करते हैं जिसमे महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया जाता है। ये संस्थान आजीविका एवं उद्यम विकास में सहायता प्रदान करके, बैंक ऋण संबद्धता की सुविधा प्रदान करके तथा प्रशिक्षणोपरांत व्यापक हैंडहोल्डिंग उपलब्ध कराकर स्वरोजगार को बढ़ावा देते हैं।

इसके अतिरिक्त, डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्रों (सीएमटीसी) को बढ़ावा दिया जाता है, जो समुदाय-स्वामित्व एवं समुदाय-प्रबंधित संस्थाएं हैं तथा क्षमता निर्माण, सहकर्मी अधिगम एवं ज्ञान के आदान-प्रदान के केंद्र के रूप में कार्य करती हैं।

(ग): डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत देश में स्थापित महिला स्वयं सहायता समूहों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा **विवरण** में दिया गया है।

(घ): स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कई प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें लैंगिक असमानता, प्रवासन तथा निम्न साक्षरता जैसी सामाजिक बाधाएं शामिल हैं, जो भागीदारी एवं समावेशन को और अधिक बाधित करती हैं। इसके अतिरिक्त, विपणन सुविधाओं के विस्तार, प्रौद्योगिकी तक सीमित पहुंच तथा प्राकृतिक आपदाओं, स्वास्थ्य आपातस्थितियों, जलवायु परिवर्तन एवं आर्थिक मंदी के प्रति संवेदनशीलता जैसी समस्याएं भी विद्यमान हैं।

(ङ): डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक,

आर्थिक एवं संस्थागत सशक्तिकरण हेतु एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है। इन कार्यकलापों के सकारात्मक परिणामों को मंत्रालय द्वारा प्रायोजित स्वतंत्र प्रभाव मूल्यांकन अध्ययनों के माध्यम से सत्यापित किया गया है। 9 राज्यों में लगभग 23,000 परिवारों को कवर करते हुए 2019 एवं 2024 में किए गए आंकड़ा संग्रहण के दो चरणों पर आधारित 3ie प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन (2025) में पाया गया कि एनआरएलएम ब्लॉकों में परिवारों की आय में 9.5% की वृद्धि हुई, जबकि परिपक्व सामुदायिक संस्था समूहों में आय वृद्धि 12% से 33% के बीच रही। इस अध्ययन में प्रति व्यक्ति पारिवारिक उपभोग में 6-11% की वृद्धि के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, आजीविका विविधीकरण एवं समग्र पारिवारिक कल्याण में सुधार की भी रिपोर्ट दी गई।

इसके अतिरिक्त, नीति आयोग के ग्रामीण विकास क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के मूल्यांकन (2025) में डीएवाई-एनआरएलएम को एक अत्यंत प्रासंगिक एवं प्रभावी कार्यक्रम के रूप में आंका गया है, जिसमें आय वृद्धि, विविधीकृत आजीविका अवसरों, बेहतर वित्तीय समावेशन एवं साक्षरता, महिलाओं में अधिक आत्मविश्वास तथा सुदृढ़ सामुदायिक संस्थाओं एवं अन्य विकास पहलों के साथ अभिसरण के माध्यम से बेहतर सामाजिक समावेशन में इसके योगदान का उल्लेख किया गया है। ये निष्कर्ष महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने तथा ग्रामीण परिवारों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण में सुधार लाने में डीएवाई-एनआरएलएम की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हैं। इसने उल्लेखनीय सकारात्मक परिणाम दर्शाए हैं, जिसमें औसत पारिवारिक आय में 49% की वृद्धि हुई है। इसने महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में भी योगदान दिया है, क्योंकि 58% महिलाओं ने बढ़े हुए आत्मविश्वास की जानकारी दी, 52% को आय-सृजन के अवसरों तक बेहतर पहुंच प्राप्त हुई, तथा 46% अपने बैंकिंग लेन-देन को स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करने में सक्षम हो गईं। इसके अतिरिक्त, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों ने सिलाई, बकरी पालन एवं कृषि-व्यापार सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों में विविधीकरण किया है, जिससे आय के स्रोत सुदृढ़ हुए हैं तथा टिकाऊ ग्रामीण

आजीविका को बढ़ावा मिला है।

इसके अतिरिक्त, डीएवाई-एनआरएलएम योजना के अंतर्गत लखपति दीदी पहल एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूह सदस्यों की आय बढ़ाना है, ताकि उन्हें "लखपति दीदी" बनाया जा सके। इसमें स्वयं सहायता समूह सदस्यों को 1 लाख रुपये या इससे अधिक की वार्षिक आय प्राप्त करने में सहायता करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। देश भर में लखपति दीदियों की कुल संख्या 3.46 करोड़ तक पहुंच गई है, जो स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों की आय पर डीएवाई-एनआरएलएम योजना के प्रभाव को दर्शाती है।

विवरण

महिला स्वयं सहायता समूहों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र	देश में स्थापित एसएचजी (राज्यवार)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1,343
2	आंध्र प्रदेश	8,27,133
3	अरुणाचल प्रदेश	12,853
4	असम	3,56,760
5	बिहार	13,53,025
6	छत्तीसगढ़	2,91,453
7	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	1,823
8	गोवा	3,462
9	गुजरात	2,32,911
10	हरियाणा	62,921
11	हिमाचल प्रदेश	43,344
12	जम्मू और कश्मीर	96,637

13	झारखंड	3,20,838
14	कर्नाटक	2,97,982
15	केरल	2,38,981
16	लद्दाख	2,119
17	लक्षद्वीप	348
18	मध्य प्रदेश	4,68,501
19	महाराष्ट्र	6,67,562
20	मणिपुर	13,689
21	मेघालय	47,946
22	मिजोरम	10,083
23	नागालैंड	15,333
24	ओडिशा	5,51,414
25	पुद्दुचेरी	4,927
26	पंजाब	57,337
27	राजस्थान	3,36,928
28	सिक्किम	5,895
29	तमिलनाडु	3,48,977
30	तेलंगाना	3,93,845
31	त्रिपुरा	54,860
32	उत्तर प्रदेश	8,71,820
33	उत्तराखंड	69,811
34	पश्चिम बंगाल	11,67,882
कुल		**92,30,743**

प्रौद्योगिकी आधारित फसल निगरानी प्रणाली

3688. श्री दर्शन सिंह चौधरी:

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार प्रौद्योगिकी-आधारित फसल निगरानी प्रणाली को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए सैटेलाइट, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियां प्रयुक्त का प्रयोग कर रही है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में इस उद्देश्य से शुरू की गई परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और कवरेज क्या है, आवंटित और उपयोग की गई निधि कितनी है तथा फसल आकलन, कीट और रोग प्रबंधन, सिंचाई योजना एवं फसल बीमा दावों के सत्यापन जैसे क्षेत्रों में मुख्य उपलब्धियां क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से किसानों को फसल से जुड़ी तात्कालिक सलाह देने के लिए इन प्रणालियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), डिजिटल कृषि मिशन, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन और अन्य कृषि योजनाओं के साथ जोड़ने के लिए कोई विशेष कार्य योजना कार्यान्वित की जा रही है?

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर):

(क) से (ग): भारत सरकार प्रौद्योगिकी-आधारित फसल निगरानी प्रणालियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सेटेलाइट, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी विभिन्न आधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करती है।

क. रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) का उपयोग:

- फसल (अंतरिक्ष, कृषि-मौसम विज्ञान और भूमि-आधारित प्रेक्षणों का उपयोग करके कृषि उत्पादन का पूर्वानुमान): यह मल्टीस्पेक्ट्रल और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेटेलाइट डेटा का उपयोग करके प्रमुख फसलों के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर कटाई-पूर्व उत्पादन का पूर्वानुमान प्रदान करता है। इसमें 20 राज्यों की 11 प्रमुख फसलें (धान, गेहूं, जूट, कपास, गन्ना, सोयाबीन, तुअर, चना, सरसों, मसूर और रबी ज्वार) शामिल हैं।
- आपदा निगरानी एवं आकलन: एमएनसीएफसी प्रभावी फसल प्रबंधन के लिए नियमित रूप से रिमोट बेस्ड इनपुट जैसे वनस्पति स्थिति मानचित्र, मृदा नमी की स्थिति, सूखा स्थिति आकलन, बाढ़ के कारण जलप्लावन और ओलावृष्टि के प्रभाव आदि प्रदान करता है।
- कृषि निर्णय सहायता प्रणाली: यह सेटेलाइट, मौसम, मृदा, क्रॉप सिग्नेचर, जलाशय और भूजल डेटा के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी सहित भूस्थानिक और गैर-भूस्थानिक डेटा को एकीकृत और मानकीकृत करती है। यह सरकार को साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में सहायता करती है और अनुसंधान संस्थानों और कृषि प्रौद्योगिकी उद्योग द्वारा नवीन समाधानों में सहयोग करती है। कृषि-डीएसएस पर उपलब्ध जानकारी का उपयोग फसल बोने के पैटर्न और फसल विविधीकरण की पहचान करने के लिए फसल मानचित्र तैयार करने, सूखा/बाढ़ की निगरानी करने और किसानों द्वारा फसल बीमा दावों के निपटान के लिए प्रौद्योगिकी/मॉडल-आधारित उपज आकलन के लिए किया जाता है।
- येस-टेक (प्रौद्योगिकी आधारित उपज आकलन प्रणाली): पीएमएफबीवाई के अंतर्गत येस-टेक पहल में ग्राम पंचायत-स्तर पर उपज आकलन और दावा निपटान के लिए सेटेलाइट आधारित फसल उपज मॉडल शामिल हैं। येस-टेक को 12 राज्यों में धान, गेहूं और सोयाबीन की फसलों के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है।
- विंड्स (मौसम सूचना नेटवर्क और डेटा सिस्टम): विंड्स भारत भर में मौसम संबंधी डेटा

इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए पीएमएफबीवाई के अंतर्गत एक राष्ट्रीय पहल है। इसके तहत ब्लॉक/तहसील/तालुक स्तर पर स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) और ग्राम पंचायत स्तर पर स्वचालित वर्षामापी (एआरजी) के नए नेटवर्क के साथ मौजूदा मौसम नेटवर्क को और सुदृढ़ करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में, विंड्स कार्यक्रम 7 राज्यों में कार्यान्वित किया जा रहा है।

ख. ड्रोन का उपयोग:

कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम) के तहत किसान ड्रोन की खरीद के लिए पूर्वोत्तर राज्यों के कृषि स्नातकों, लघु एवं सीमांत किसानों को 50% तक की सहायता प्रदान करके ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। अन्य किसानों को किसान ड्रोन खरीदने के लिए लागत के 40% की वित्तीय सहायता दी जा रही है। किसान ड्रोन के कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिए भी लागत के 40% की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। एसएमएएम योजना के तहत कुल 2122 ड्रोन वितरित/अनुमोदित किए जा चुके हैं।

इसके अतिरिक्त, 'नमो ड्रोन दीदी' केंद्रीय क्षेत्र योजना का उद्देश्य उर्वरक और कीटनाशक छिड़काव सहित कृषि अनुप्रयोगों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन उपलब्ध कराना है। उर्वरक विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, एसएचजी की ड्रोन दीदियों को 1094 ड्रोन वितरित किए जा चुके हैं। इन सभी एसएचजी सदस्यों को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अधिकृत रिमोट पायलट संगठनों (आरपीटीओएस) में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

ग. कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग:

- राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस): यह प्रणाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग का उपयोग करके फसलों में कीटों के प्रकोप का पता लगाती है और फसल की

गुणवत्ता सुधारने के लिए समय पर हस्तक्षेप करके उपज के नुकसान को कम करती है। यह उपकरण किसानों को कीटों की तस्वीरें लेने की सुविधा देता है, जिससे उन्हें कीटों के हमलों से बचाव और फसल के नुकसान को कम करने में सहायता मिलती है। वर्तमान में, यह 73 फसलों के लिए 436 कीटों को कवर करता है। सेटेलाइट आधारित फसल मानचित्रण के लिए खेत की तस्वीरों का उपयोग करते हुए एआई-आधारित विश्लेषण का उपयोग फसल-मौसम मिलान और बोई गई फसलों की निगरानी में किया जा रहा है। अब तक, इस एप्लिकेशन के माध्यम से 35,565 एडवाइजरी जारी की जा चुकी हैं।

- भारत विस्तार: भारत विस्तार (कृषि संसाधनों तक पहुंच हेतु आभासी एकीकृत प्रणाली) कृषि के लिए एक बहुभाषी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। यह प्लेटफॉर्म किसानों को एआई-सक्षम, रियल टाइम और स्थान-विशिष्ट कृषि एडवाइजरी तथा सरकारी योजनाओं और कृषि सहायता सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है। अब तक, इस प्लेटफॉर्म ने 5.9 लाख से अधिक किसानों को सेवा प्रदान की है और किसानों के 93 लाख से अधिक प्रश्नों का समाधान किया है। यह केंद्र सरकार की 18 योजनाओं, फसल और पशुधन संबंधी एडवाइजरी, मौसम पूर्वानुमान, मंडी मूल्य, कीट और रोग की पहचान, मृदा स्वास्थ्य आधारित सुझावों, शिकायत निवारण आदि के संबंध में जानकारी प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म चैटबोट (वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन) और एक विशिष्ट टेलीफोन लाइन के माध्यम से उपलब्ध है।
- किसान सारथी: कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को फसल-विशेष के संबंध में एडवाइजरी प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा विकसित आईसीटी-आधारित मंच किसान सारथी का उपयोग कर रहे हैं। देशभर से 2.97 करोड़ से अधिक किसान इस मंच पर पंजीकृत हैं।

डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत एग्रीस्टैक परियोजना और अन्य आरएस-आईएस पहलें विभिन्न योजनाओं के साथ मिल कर व्यापक डिजिटल सेवाओं में सहयोग करती हैं। इनका उद्देश्य पीएम-किसान योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) आधारित खरीद, उर्वरक बुकिंग और पीएमएफबीवाई के तहत दावों का पारदर्शी, कुशल, सटीक और समय पर निपटान करके लाभार्थियों को सटीक रूप से लक्षित करना है। ये सेवाएं महाराष्ट्र में आपदा राहत वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण को आधे घंटे के भीतर स्वीकृत करने और खरीद योजनाओं में किसानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए बेहतर पहुंच जैसी सेवाओं की त्वरित डिलीवरी को भी सक्षम बनाती हैं। इसके अतिरिक्त, किसान आईडी का उपयोग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत नामांकन, पीएम-आशा की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत खरीद और फसल एवं इनपुट नियोजन में सहायता के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड से लिंक करने के लिए किया जा रहा है। साथ ही, डिजिटल फसल सर्वेक्षण डेटा का उपयोग लगभग रियल टाइम में फसल उत्पादन अनुमान जनरेट करने के लिए किया जा रहा है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, प्राकृतिक खेतों/समूहों की जियो-रेफ्रेंसिंग कृषि मैपर (Krishi Mapper) एप्लिकेशन के अंतर्गत कैप्चर की जाती है।

उत्तराखंड में स्वयं सहायता समूहों को सहायता

3689. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तराखंड राज्य में, हरिद्वार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित, विभाग द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या विभिन्न ग्रामीण योजनाओं के माध्यम से सहायताप्राप्त महिला स्व-सहायता समूहों का जिला-वार ब्यौरा क्या है और कुल संख्या क्या है;

(ख) इन महिला स्व-सहायता समूहों की आय, आजीविका, कौशल विकास, विपणन, वित्तीय समावेश और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा कौन-सी योजनाएं और प्रावधान कार्यान्वित किए जा रहे हैं;

(ग) क्या विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की नियमित रूप से तीसरे पक्ष से संपरीक्षा और प्रभाव आकलन कराया जाता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त संपरीक्षा और मूल्यांकन में क्या प्रमुख निष्कर्ष और सिफारिशें सामने आई हैं तथा योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उन पर क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी):

(क): दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) देश भर में (दिल्ली और चंडीगढ़ को छोड़कर) ग्रामीण परिवारों को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित करने और उन्हें तब तक लगातार पोषित करने एवं सहायता देने के उद्देश्य से कार्यान्वित किया जा रहा है जब तक कि वे एक निश्चित अवधि में अपनी आय में पर्याप्त वृद्धि हासिल न कर लें और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार न कर लें। जून 2026 तक संचयी रूप से 10.08 करोड़ ग्रामीण परिवारों को 92 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में एकजुट किया जा चुका है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उत्तराखंड में हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र सहित जिला-वार डीएवाई-एनआरएलएम के माध्यम से सहायता प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का विवरण और कुल संख्या **विवरण** में दी गई है।

(ख): महिला स्वयं सहायता समूहों की आय, आजीविका, कौशल विकास, विपणन, वित्तीय समावेशन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत उप-योजनाएं और उनके प्रावधान नीचे दिए गए हैं:

i) उप-योजना के रूप में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) गरीबों के टिकाऊ संस्थानों, उनके क्षमता निर्माण, आजीविका, वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने, खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, वाश (एफएनएचडब्ल्यू) और लैंगिक समावेशन जैसे सामाजिक विकास परिणामों को प्रभावी बनाने को बढ़ावा देता है।

ii) स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी) एक समर्पित घटक है जो निम्नलिखित उप-घटकों के माध्यम से गैर-कृषि आजीविका क्षेत्र में उद्यमिता विकास को बढ़ावा देता है:

1. एसवीईपी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों को छोटे गैर-कृषि उद्यम स्थापित करने में सहायता प्रदान करता है।

2. वन स्टॉप फैसिलिटी (ओएसएफ) नियामक अनुपालन, बड़े बाजारों तक पहुंच, बैंक ऋण, उत्पाद विकास, गुणवत्ता मानकीकरण और अन्य व्यवसाय विकास सेवाओं की सुविधा प्रदान करके विकास के चरण वाले नैनो उद्यमों को उन्नत सहायता प्रदान करता है ताकि उद्यम के विस्तार को सक्षम बनाया जा सके।

3. सूक्ष्म उद्यम विकास (एमईडी) वित्त, कौशल विकास और बाजार संपर्कों तक पहुंच में सुधार करके नैनो उद्यमों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे ग्रामीण सूक्ष्म-उद्यमों के सतत विकास के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होता है।

4. क्लस्टर विकास प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और बाजार के जोखिमों को कम करने के लिए साझा संसाधनों और बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाकर सामूहिक उद्यम वृद्धि को बढ़ावा देता है, साथ ही व्यापार नियोजन, बाजार संपर्क, वित्त तक पहुंच और कौशल उन्नयन के माध्यम से मजबूत बाजार क्षमता वाले कारीगरों तथा क्षेत्र-विशिष्ट क्लस्टरों की सहायता करता है।

5. आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना (एजीईवाई) का उद्देश्य सुरक्षित, किफायती और समुदाय-प्रबंधित ग्रामीण परिवहन सेवाएं प्रदान करना है, जिससे दूर-दराज के गांवों में संपर्कता में सुधार हो

सके।

6. इनक्यूबेटर पहल महिलाओं के स्वामित्व वाले या महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास-उन्मुख उद्यमों को पोषित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई है।

- महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी), डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत एक उप-योजना है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य खेती के मॉडल, कृषि-आधारित आजीविका, जिसमें टिकाऊ और जलवायु-अनुकूल पशुधन-आधारित आजीविका भी शामिल है, में व्यवस्थित निवेश करके कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को जीवन-निर्वाह करने वाली कृषकों से अधिशेष उत्पादक के रूप में परिवर्तित करना है। यह उप-योजना कृषि पारिस्थितिक पद्धतियों के संवर्धन, गैर-इमारती लकड़ी वन उत्पादों (एनटीएफपी) की वैज्ञानिक खेती/संग्रहण, मूल्य श्रृंखला विकास, पशुधन संबंधी पहलों और एकीकृत कृषि क्लस्टर को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कुशल बनाना और रोजगार से जुड़े कौशल कार्यक्रमों के माध्यम से उनके लिए सतत आजीविका को बढ़ावा देना है। यह योजना इस बात को अनिवार्य बनाती है कि शामिल किए गए उम्मीदवारों में से कम से कम 33% महिलाएं होनी चाहिए। ग्रामीण महिलाओं को उच्च रोजगार क्षमता वाले क्षेत्रों में मांग-आधारित कौशल प्रशिक्षण, मूल्यांकन, प्रमाणन और वेतनयुक्त रोजगार में प्लेसमेंट प्रदान किया जाता है।
- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के ग्रामीण युवाओं के लिए डीएवाई-एनआरएलएम के तहत एक गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है। आरसेटी का उद्देश्य न्यूनतम 70% सेटलमेंट (जिसमें अधिकतम 10% वेतनयुक्त रोजगार शामिल है) के अधिदेश के साथ स्वरोजगार और सूक्ष्म-उद्यम विकास तथा प्रशिक्षण पूरा होने के बाद दो वर्ष तक

प्रशिक्षुओं को ऋण-संपर्क की सुविधा और हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करना है।

इसके अलावा, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के उत्पादों की बाजार तक पहुंच को मजबूत करने के लिए, डीएवाई-एनआरएलएम निम्नलिखित प्रयास कर रहा है:

i) ग्रामीण विकास विभाग ने एसएचजी उत्पादों के संवर्धन के लिए "सरस", "सरस आजीविका" और "आजीविका" के रूप में ब्रांड पंजीकृत किए हैं।

ii) सरस ब्रांड को लोकप्रिय बनाने और शहरी बाजारों में एसएचजी उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर सरस मेलों का आयोजन किया जाता है। एसएचजी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 2 राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले और 1 फूड फेस्टिवल तथा 50 से अधिक राज्य स्तरीय सरस मेले आयोजित किए जाते हैं।

iii) एसएचजी सदस्यों के चयनित उत्कृष्ट उत्पादों की बिक्री के लिए मध्य दिल्ली में एक रिटेल स्टोर- सरस आजीविका गैलरी संचालित किया जा रहा है। इसी तरह, राज्य भी राज्य के ब्रांडों के तहत खुदरा दुकानें संचालित करते हैं।

iv) एसएचजी के क्यूरेटेड उत्पादों को बेचने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक समर्पित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ई-सरस स्थापित किया गया है। एसएचजी उत्पादों के संवर्धन के लिए अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों/मंचों जैसे जीईएम, ओएनडीसी, अमेज़न, फ्लिपकार्ट, मीशो और जियोमार्ट के साथ गठजोड़/साझेदारी की गई है।

(ग) और (घ): जी हां। सरकार ने डीएवाई-एनआरएलएम के तहत पहले से ही एक व्यापक निगरानी, मूल्यांकन और शिक्षण (एमईएल) ढांचा लागू किया है, जिसमें तीसरे पक्ष के मूल्यांकन, लोकओएस के माध्यम से रियल-टाइम एमआईएस-आधारित निगरानी, आवधिक डेटा सत्यापन तथा क्षेत्र-स्तरीय सत्यापन, और परिणाम-आधारित निगरानी शामिल है। डीएवाई-एनआरएलएम योजना और इसकी उप-योजना के मूल्यांकन और इसके प्रमुख निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं:

3आईई प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन (2025), जो 9 राज्यों में 2019 और 2024 में आयोजित डेटा संग्रह के दो दौरों पर आधारित है तथा जिसमें लगभग 23,000 परिवार शामिल थे, में पाया गया कि एनआरएलएम ब्लॉक में घरेलू आय में 9.5% की वृद्धि हुई, जबकि परिपक्व सामुदायिक संस्थान क्लस्टर में आय में 12% से 33% तक की वृद्धि दर्ज की गई। इस अध्ययन में प्रति व्यक्ति घरेलू खपत में 6-11% की वृद्धि के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, आजीविका विविधीकरण और समग्र घरेलू कल्याण में सुधार की भी सूचना दी गई है।

इसके अलावा, ग्रामीण विकास क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के नीति आयोग के मूल्यांकन (2025) ने डीएवाई-एनआरएलएम को अत्यधिक प्रासंगिक और प्रभावशाली कार्यक्रम के रूप में आंका, जिसमें बढ़ी हुई आय, विविध आजीविका के अवसरों, उन्नत वित्तीय समावेशन एवं साक्षरता, महिलाओं के बीच अधिक आत्मविश्वास और मजबूत सामुदायिक संस्थानों तथा अन्य विकास पहलों के साथ अभिसरण के माध्यम से बेहतर सामाजिक समावेशन में इसके योगदान का उल्लेख किया गया है। ये निष्कर्ष महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण में सुधार करने में डीएवाई-एनआरएलएम की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हैं।

विवरण

उत्तराखंड राज्य में बनाए गए एसएचजी की कुल संख्या का ब्यौरा

क्र. सं.	जिला	बनाए गए एसएचजी की कुल संख्या
1	अल्मोड़ा	6,968
2	बागेश्वर	3,171
3	चमोली	6,362
4	चंपावत	2,585
5	देहरादून	4,246
6	हरिद्वार	6,039

7	नैनीताल	5,440
8	पौड़ी गढ़वाल	7,457
9	पिथौरागढ़	5,320
10	रुद्र प्रयाग	2,754
11	टिहरी गढ़वाल	6,567
12	उधम सिंह नगर	8,033
13	उत्तरकाशी	5,614
	कुल	**70,556**

MEDICAL CERTIFICATION OF CAUSE OF DEATHS

3690. SHRI APPALANAIDU KALISETTI:

Will the Minister of **HOME AFFAIRS** be pleased to state:

(a) the number of deaths reported due to cardiac arrest or sudden cardiac events as per the Medical Certification of Cause of Death (MCCD) and details of data during the last ten years, year-wise and State/UT-wise;

(b) gender and age groups, including deaths below 40 years of age, or as per age categories;

(c) whether deaths due to cardiac arrest among younger age groups (below 40 years) have shown an increasing trend during the said period; and

(d) if so, the details thereof, the factors identified by the Government contributing to early cardiac deaths, and the preventive, screening, and awareness measures being taken to address the same?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI NITYANAND RAI):

(a) and (b): As per the Medical Certification of Cause of Death (MCCD) Reports compiled by the Office of the Registrar General of India (ORGI), data on causes of death are classified in accordance with the International Classification of Diseases (ICD-10). Separate information on "cardiac arrest" is not compiled as a standalone cause of death in the published MCCD reports. However, deaths due to diseases of the circulatory system, including various forms of heart diseases, are compiled and published. The year-wise and State/UT-wise data on medically certified deaths due to diseases of the circulatory system during the last ten years are available in MCCD Reports. Further, gender and age groups-wise by major cause group including diseases of the circulatory system is also part of annual MCCD Reports. The Annual MCCD Reports are available at the following link: https://censusindia.gov.in/census.website/data/MCCDREP

(c) and (d): Health is a State subject. The data regarding cases of heart attack is not maintained centrally. Indian Council of Medical Research (ICMR) has informed that in order to understand the reasons for heart attack, ICMR-National Institute of Epidemiology (ICMR-NIE) conducted a multi-centric matched case-control study in 25 hospitals across India. Cases were patients aged 18-45 years admitted in the study hospitals with newly diagnosed Acute Myocardial Infarction (AMI) between October 2021 and January 2023. Controls were patients aged 18-

45 years admitted in the same hospital for other causes, matched for time of hospitalization. Information was collected regarding the various risk factors. The study observed that hospitalization with AMI was associated with presence of any known comorbidity, family history of thrombotic events and ever been smoker.

Under the National Programme for Prevention and Control of Non-Communicable Diseases (NP-NCD), 770 District NCD Clinics, 6410 Community Health Center NCD Clinics and 233 Cardiac Care Units have been set up. Further, a population-based initiative for prevention, control and screening for common NCDs including hypertension has been rolled out in the country under National Health Mission (NHM) as a part of Comprehensive Primary Health Care. Under the initiative, persons more than 30 years of age are targeted for their screening.

To manage acute cardiac events a hub-and-spoke model has been implemented. District hospitals and Community Health Centers (spokes) are equipped to provide initial thrombolysis and stabilization, while tertiary hospitals and medical colleges (hubs) offer advanced interventions. Ambulance services, telemedicine platforms and streamlined referral pathways further enhance access, especially in rural areas.

Government of India provides financial support under NHM for awareness generation activities for Non-Communicable Diseases (NCDs) including

cardiovascular diseases to be undertaken by the States and Union Territories. The preventive aspect is strengthened under Comprehensive Primary Health Care through Ayushman Arogya Mandir, by promotion of wellness activities and targeted communication at the community level. Furthermore, healthy eating is also promoted through Food Safety & Standards Authority of India. Fit India movement is implemented by Ministry of Youth Affairs and Sports, and various Yoga related activities are carried out by Ministry of AYUSH.

स्टार्टअप्स का पंजीकरण

3691. श्री इमरान मसूदः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में स्टार्टअप्स, यूनिकॉर्न और नवोन्मेषी कंपनियों के पंजीकरण, निवेश और अनुपालन से जुड़ी चुनौतियों का अप्रैल से जून 2026 के दौरान मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त के संबंध में उद्योग जगत और निवेशकों से प्राप्त सुझावों की जांच की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने स्टार्टअप्स कंपनियों के लिए सांविधिक अनुपालनों को सरल और डिजिटलीकृत करने हेतु कोई नई पहल शुरू की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या कारोबार में सुगमता और निवेश आकर्षण पर उक्त उपायों के प्रभाव का मूल्यांकन किया जा रहा है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद):

(क) और (ख): सरकार स्टार्टअप्स, निवेशकों और अन्य हितधारकों के साथ नियमित रूप से परामर्श से स्टार्टअप पंजीकरण, निवेश और विनियामक अनुपालन से संबंधित मुद्दों की निरंतर समीक्षा करती है। इन परामर्शों के आधार पर, स्टार्टअप इकोसिस्टम को सरल बनाने और निवेश माहौल को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न उपाय शुरू किए गए हैं।

तदनुसार, सरकार ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के उभरते स्वरूप और विविधता को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करने के लिए अधिसूचना सा.का.नि. 108(अ), दिनांक 4 फरवरी 2026 के जरिए स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत स्टार्टअप्स को मान्यता प्रदान करने के दायरे और पात्रता मानदंडों का विस्तार किया है। प्रमुख संशोधन निम्नानुसार हैं:

i. कारोबार की सीमा में वृद्धि: वार्षिक कारोबार की वह सीमा जहां तक किसी स्टार्टअप को मान्यताप्राप्त 'स्टार्टअप' माना जा सकता है, उस सीमा को 100 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए कर दिया गया है, जिससे बढ़ते हुए उद्यम, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत लाभ प्राप्त करते रहें।

ii. 'डीप टेक स्टार्टअप' श्रेणी की शुरुआत: विस्तारित पात्रता मानदंडों सहित उन्नत और उभरती प्रौद्योगिकियों पर कार्य करने वाले स्टार्टअप्स के लिए एक अलग श्रेणी शुरू की गई है:

क. अवधि सीमा: निगमन या पंजीकरण की तारीख से 20 वर्ष तक।

ख. कारोबार की सीमा: 300 करोड़ रुपए तक, जो डीप टेक्नोलॉजी उद्यमों से संबद्ध लंबी निर्माणावधि पूर्व और पूंजी सघनता को मान्यता प्रदान करती है।

iii. पात्र कंपनी श्रेणियों का विस्तार: बहु-राज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के

तहत पंजीकृत बहु-राज्य सहकारी सोसाइटी और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सहकारी समिति अधिनियमों के तहत पंजीकृत सहकारी समितियां अब स्टार्टअप की मान्यता हेतु पात्र हैं, जो निर्धारित मानदंडों को पूरा करने के अध्यधीन है। राजपत्र अधिसूचना निम्नलिखित लिंक पर एक्सेस की जा सकती है:

ये संशोधन, स्टार्टअप्स, निवेशकों और संबंधित मंत्रालयों/विभागों सहित पूरे स्टार्टअप इकोसिस्टम के हितधारकों से परामर्श करने के बाद तैयार किए गए थे। इसके अलावा, स्टार्टअप इंडिया पोर्टल और राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) पर उपलब्ध पूर्णतया डिजिटल एप्लीकेशन प्रक्रिया के माध्यम से स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत स्टार्टअप की मान्यता को सरल बनाया गया है। मान्यता की प्रक्रिया, पंजीकरण को आसान बनाने हेतु स्व-प्रमाणन, सरल दस्तावेजीकरण प्रक्रिया और ऑनलाइन गाइडेंस सामग्री पर आधारित है।

इन उपायों के परिणामस्वरूप, 30 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार डीपीआईआईटी द्वारा 2,40,092 कंपनियों को स्टार्टअप्स के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इनमें से, 1 अप्रैल, 2026 से 30, जून 2026 की अवधि के दौरान 16,334 कंपनियों को स्टार्टअप्स के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। निवेश के संबंध में, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, सरकार ने हाल ही में सेबी-पंजीकृत वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के माध्यम से स्टार्टअप्स के लिए उद्यम और वृद्धिशील पूंजी जुटाने हेतु अप्रैल, 2026 में 10,000 करोड़ रुपए के कॉर्पस से स्टार्टअप इंडिया निधियों का कोष 2.0 को प्रचालित किया है। इस स्कीम में डीप-टेक, माइक्रो वेंचर कैपिटल, विनिर्माण-केंद्रित और क्षेत्र/चरण-निरपेक्ष निधियों हेतु समर्पित श्रेणियां शामिल हैं और इसे भी स्टार्टअप्स, निवेशकों और अन्य इकोसिस्टम हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद डिज़ाइन किया गया था।

यह स्कीम, स्टार्टअप्स के लिए निधियों का कोष (एफएफएस 1.0) के अनुभव पर आधारित है, जिसके तहत सहायता प्राप्त एआईएफ ने 30 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार 1,460

स्टार्टअप्स में 27,902.7 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसमें से, एआईएफ ने 1 अप्रैल, 2026 से 30 जून 2026 की अवधि के दौरान 33 स्टार्टअप्स में 921 करोड़ रुपए का निवेश किया।

इसके अलावा, निवेशकों और उद्योगजगत से परामर्श के आधार पर, सरकार निवेश इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर उपाय करती है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. उदारीकृत एफडीआई नीति: अधिकांश क्षेत्र स्वतःअनुमोदन मार्ग के तहत 100% एफडीआई के लिए खुले हैं, जिसमें 90% से अधिक एफडीआई अंतर्वाह इसी मार्ग के जरिए प्राप्त होता है।

ii. राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस): यह एक डिजिटल सिंगल- विंडो प्लेटफॉर्म है, जो निवेशकों को भारत में व्यवसाय स्थापित करने हेतु अपेक्षित अनुमोदनों और मंजूरी के लिए एक एकीकृत इंटरफेस उपलब्ध करवाता है।

iii. एफटीए/पीटीए का लाभ उठाना: सरकार राष्ट्रीय सुधार पहलों के अनुरूप हाल के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और वरीयता प्राप्त व्यापार समझौतों (पीटीए) का लाभ उठाकर निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को भी सुगम बना रही है।

iv. निवेश सुविधा के अन्य उपाय: मेक इन इंडिया, ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस सुधार, उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीमें, भारतीय औद्योगिक भूमि बैंक, परियोजना मॉनीटरिंग समूह (पीएमजी), पीएम गतिशक्ति, और अन्य क्षेत्र-विशिष्ट पहलों से समग्र निवेश माहौल को सुदृढ़ कर रही हैं।

(ग) से (ङ): सरकार ने अनुपालन बोझ को कम करके, विनियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाकर और डिजिटल गर्वनेंस को बढ़ावा देकर एक पारदर्शी, पूर्वानुमान योग्य और निवेशक-अनुकूल विनियामक इकोसिस्टम तैयार करने हेतु अनुपालनों को सरल और डिजिटल बनाने तथा ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) में सुधार हेतु कई पहलें शुरु की हैं। इन पहलों का ब्यौरा **विवरण-I** में दिया गया है।

इसके अलावा, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, स्टार्टअप्स को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत विभिन्न अनुपालन रियायतें और छूट भी प्रदान की जाती हैं। इसका ब्यौरा **विवरण-II** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, जैसा कि उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लेख किया गया है, स्टार्टअप इंडिया पोर्टल और राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) के माध्यम से स्टार्टअप को मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया को उत्तरोत्तर सरल और डिजिटल बनाया गया है, जिससे ऑनलाइन आवेदन, रीयल-टाइम ट्रैकिंग, स्व-प्रमाणन और सरलीकृत दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया सक्षम हो सकी है।

इन उपायों का प्रभाव स्टार्टअप इकोसिस्टम की निरंतर वृद्धि में परिलक्षित हुआ है। 30 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार, डीपीआईआईटी द्वारा 2,40,092 कंपनियों को स्टार्टअप्स के रूप में मान्यता प्रदान की गई है, जो अधिक पहुंच, ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार और नवप्रयोग तथा निवेश हेतु अनुकूल वातावरण को दर्शाता है।

<u>विवरण-I</u>

देशभर में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) में सुधार हेतु डीपीआईआईटी द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा:

1. भारत सरकार ने वर्ष 2020 में मंत्रालयों/राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में गवर्नमेंट टु बिजनेस और नागरिक इंटरफेस को सरल, तर्कसंगत, डिजिटल बनाने और गैर-अपराधीकृत करते हुए ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज़ ऑफ लिविंग में सुधार हेतु बोझिल अनुपालनों को कम करने के लिए व्यवसायों और नागरिकों हेतु एक प्रकार की विशिष्ट पहली पहल**, विनियामक अनुपालन बोझ (आरसीबी)** शुरू की। विनियामक अनुपालन बोझ (आरसीबी) पहल के तहत, डीपीआईआईटी नागरिकों और व्यवसायों पर अनुपालन बोझ को कम करने तथा प्रक्रियाओं को सरल, कानूनों को तर्कसंगत, प्रक्रियाओं के

डिजिटाइजेशन तथा गौण अपराधों के गैर— अपराधीकरण जैसी चार प्रमुख रणनीतियों के माध्यम से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज़ ऑफ लिविंग को बढ़ाने हेतु विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर कार्य करता है। केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने स्वतः-पहचान कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 47,865 से अधिक अनुपालनों को कम किया गया। कुल कम किए गए अनुपालनों में से, 16,136 अनुपालनों को सरल बनाया गया है, 22,289 अनुपालनों को डिजिटल किया गया है, 5,170 अनुपालनों को गैर-अपराधीकृत किया गया है, और 4,270 अनुपालनों में अतिरेक को हटाया गया है। इसके अलावा, डीपीआईआईटी ने 42,000 से अधिक कम किए गए अनुपालनों का विश्लेषण किया और विभिन्न राज्यों में 670 से अधिक विशिष्ट अधिनियमों की मैपिंग की। इस विश्लेषण के आधार पर, आरसीबी प्लस पहल में 23 अधिनियमों को शामिल किया गया, जिसके तहत 10 से अधिक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अनुपालनों को कम किया है। आरसीबी प्लस पहल की शुरुआत 24 अक्टूबर, 2024 को की गई थी। अब तक, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा चिह्नित 7,882 अनुपालनों में से 5,429 को कम किया गया है।

2. वर्ष 2014 में **व्यवसाय सुधार कार्य योजना (बीआरएपी)** शुरू की गई थी ताकि राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को व्यवसाय-केंद्रित विनियामकीय सुधारों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रतिस्पर्धी संघवाद को बढ़ावा दिया जा सके। बीआरएपी एक सुव्यवस्थित सुधार फ्रेमवर्क उपलब्ध कराता है, जिसमें सिंगल विंडो प्रणाली, भूमि प्रशासन, श्रम विनियमन, निर्माण परमिट, पर्यावरणीय पंजीकरण, उपयोगिता सेवाओं हेतु परमिट, निरीक्षण, अनुबंधों का प्रवर्तन, सूचना की पारदर्शिता तथा क्षेत्र-विशिष्ट सुधार जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। इन सुधारों को अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुचारू बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना, विनियामकीय दक्षता में सुधार करना तथा व्यवसायों की स्थापना एवं उनके प्रचालन में लगने वाले समय और लागत को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। विगत वर्षों में,

बीआरएपी के माध्यम से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा हजारों व्यवसाय-अनुकूल सुधार कार्यान्वित किए गए हैं, जिससे देशभर में निवेश के लिए अधिक निवेश अनुकूल माहौल का निर्माण हुआ है।

3. निवेशकों संबंधी सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिए, डीपीआईआईटी ने **राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा संस्थापित सिंगल विंडो प्रणाली** का व्यापक मूल्यांकन किया। इस मूल्यांकन के आधार पर, डीपीआईआईटी ने राज्य सिंगल विंडो प्रणाली संबंधी एक विस्तृत मार्गदर्शिका जारी की, जिसमें पारदर्शिता, सेवा प्रदायगी, उपयोगकर्ता अनुभव, विभागीय सेवाओं के साथ एकीकरण तथा अनुमोदनों की ऑनलाइन कार्यवाही करने में सुधार के लिए आठ अनिवार्य तथा पांच वांछनीय विशेषताएं निर्धारित की गई हैं। इन विशेषताओं का अनुपालन व्यवसाय सुधार कार्य योजना (बीआरएपी) 2026 फ्रेमवर्क का अभिन्न अंग है।

4. राज्य स्तर से परे, व्यावसायिक परिवेश में सुधार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, डीपीआईआईटी ने **जिला व्यवसाय सुधार कार्य योजना (जिला बीआरएपी)** भी तैयार की है। जिला व्यवसाय सुधार कार्य योजना का उद्देश्य विनियामक प्रशासन में सुधार, निवेशकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने तथा सार्वजनिक सेवाओं की दक्षतापूर्ण उपलब्धता को बढ़ावा देकर जिला स्तर पर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ करना है। इस फ्रेमवर्क का मुख्य फोकस व्यावसायिक अनुमोदनों एवं पंजीकरणों का शुरु से अंत तक डिजिटलीकरण, समयबद्ध निरीक्षण, पारदर्शी भूमि प्रशासन, जिला उद्योग केन्द्रों (डीआईसी) को निवेशक सुविधा केन्द्रों के रूप में सुदृढ़ करना, निवेश के लिए तैयार औद्योगिक पार्कों का विकास तथा विशेष रूप से टियर-II और टियर-III शहरों में उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इस पहल का उद्देश्य जिला एवं राज्य प्राधिकरणों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा जमीनी स्तर पर निवेश को सुगम बनाना है।

<u>विवरण-II</u>

कारपोरेट कार्य मंत्रालय के अनुसार, स्टार्टअप्स को कंपनी अधिनियम 2013 के तहत

निम्नलिखित अनुपालन रियायत/छूट प्रदान की जाती हैं:

क्र.सं.	**धारा**	**विषय**	**स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 में प्रावधान**
1.	धारा 2(40)	वित्तीय विवरण	स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय विवरण के भाग के रूप में नकदी प्रवाह विवरण की आवश्यकता वैकल्पिक है।
2.	धारा 73(2) खंड (क) से (ङ)	जमा राशियों की स्वीकृति	स्टार्टअप्स को अपने सदस्यों से जमा राशि स्वीकार करते समय प्रक्रियात्मक अनुपालन (जैसे कंपनी की वित्तीय स्थिति दर्शाने वाला परिपत्र जारी करना, क्रेडिट रेटिंग, परिपक्व जमा राशि की 20% राशि जमा करना, तथा पुनर्भुगतान में चूक संबंधी प्रमाणन) से छूट दी गई थी।
3.	धारा 92(1)	वार्षिक रिटर्न	यदि कंपनी के पास कंपनी सचिव नहीं है, तो स्टार्टअप के निदेशकों को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की वार्षिक रिटर्न पर हस्ताक्षर करने की अनुमति है।
4.	धारा 173(5)	बोर्ड की बैठकें	कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत, कंपनी के निदेशक मंडल को कम से कम प्रत्येक 120 दिनों में एक बार, अर्थात वर्ष में 4 बोर्ड की बैठकें आयोजित करना आवश्यक हैं। तथापि, स्टार्टअप्स को तिमाही बोर्ड बैठकें आयोजित करने से छूट दी गई है और उन्हें एक कैलेंडर वर्ष में दो बोर्ड बैठकें, अर्थात प्रत्येक छह माह में एक बार आयोजित करने की अनुमति है।
5.	कंपनी (निगमन) नियम, 2014 का नियम 6	ओपीसी का सार्वजनिक और प्राइवेट कंपनियों में बदलना	यह अपेक्षा कि किसी ओपीसी की प्रदत्त पूंजी 50 लाख रुपए से अधिक होने और उसका औसत वार्षिक कारोबार 2 करोड़ रुपए से अधिक होने पर उसे स्वयं को सार्वजनिक और प्राइवेट कंपनियों में बदलना होगा, इसका लोप कर दिया गया था। चूंकि कई स्टार्टअप्स एक व्यक्ति वाली कंपनी (ओपीसी) हैं, इससे उन्हें

क्र.सं.	धारा	विषय	स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 में प्रावधान
			ओपीसी का दर्जा बनाए रखने की अनुमति मिलती है।
6.	कंपनी (शेयर पूंजी और डिबेंचर) नियम, 2014 का नियम 8(4)	स्वेट इक्विटी	सामान्यतः, किसी कंपनी में स्वेट इक्विटी शेयरों का निर्गमन किसी भी समय कंपनी की चुकता पूंजी के 25% से अधिक नहीं हो सकता। हालांकि, स्टार्टअप्स के मामले में, यह सीमा उसकी चुकता शेयर पूंजी के 50% तक है।
7.	कंपनी (शेयर पूंजी और डिबेंचर) नियम, 2014 का नियम 12(1)(ग)	कर्मचारी स्टॉक विकल्प (ईएसओपी)	सामान्यतः, ऐसे कर्मचारी जो प्रमोटर हो या प्रमोटर ग्रुप से संबंधित व्यक्ति हो, तथा ऐसे निदेशक जो स्वयं या अपने रिश्तेदार अथवा किसी निकाय कॉर्पोरेट के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कंपनी की 10% से अधिक इक्विटी रखता हो, उसे ईएसओपी नहीं दिए जाते हैं। स्टार्टअप्स को प्रमोटर और निदेशकों को ईएसओपी जारी करने की अनुमति है।
8.	कंपनी (जमा की स्वीकृति) नियम, 2014 का नियम 2(1)(ग)(xvii)	परिवर्तनीय नोट	स्टार्टअप्स किसी व्यक्ति से एक किश्त में परिवर्तनीय नोट (जो इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय हो या जारी करने की तिथि से दस वर्ष से अधिक की अवधि में पुनःभुगतान योग्य न हो) के माध्यम से 25 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि प्राप्त कर सकते हैं, और ऐसे लेनदेन को जमा राशि नहीं माना जाता है।
9.	कंपनी (जमा की स्वीकृति) नियम, 2014 का नियम 3(3)	जमा राशियों की स्वीकृति	सामान्यतः कंपनियां अपने सदस्यों से कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी, फ्री रिजर्व और प्रतिभूति प्रीमियम खाते के 35% से अधिक जमा राशि स्वीकार या नवीनीकृत नहीं कर सकती। लेकिन स्टार्टअप्स को अपने सदस्यों से किसी भी सीमा तक जमा राशि स्वीकार करने की अनुमति दी गई है।

SCHOLARSHIPS AWARDED UNDER PM-YASASVI

3692. SHRI BALRAM NAIK PORIKA:

Will the Minister of **SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT** be pleased to state:

(a) the details of the number of scholarships awarded under PM-Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India (PM-YASASVI) Central Sector Scheme and other schemes along with the amount disbursed and beneficiaries from SC/ST/OBC/EWS categories during the last three years; and

(b) the other steps taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT (SHRI B. L. VERMA):

(a) and (b): The Department of Social Justice and Empowerment implements the following Scholarship schemes for OBCs and SCs:

1. PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India (PM-YASASVI) umbrella Scheme for OBC, EBC & DNT students having the following four components:

   I. Pre-Matric Scholarship for OBC, EBC and DNT Students

   II. Post-Matric Scholarship for OBC, EBC and DNT Students.

   III. Top Class School Education for OBC,EBC and DNT Students

IV. Top Class College Education for OBC, EBC and DNT Students

2. Scholarships for Higher Education for Young Achievers (SHREYAS) for SCs, having the following four components:

I. Top Class Education for SCs (TCS)

II. Free Coaching Scheme for SCs, OBCs and beneficiaries of PM CARES Children (FCS)

III. National Overseas Scholarship for SCs (NOS)

IV. National Fellowship for SCs (NFSC)

3. Scholarships for Higher Education for Young Achievers Scheme (SHREYAS-OBC) having the following two components:

I. National Fellowship for OBCs

II. Dr. Ambedkar Central Sector Scheme of Interest Subsidy on Educational Loans for Overseas Studies for Other Backward Classes (OBCs) and Economically Backward Classes (EBCs)

4. In addition to the above mentioned Schemes, the Department of Social Justice and Empowerment also implements Pre-Matric Scholarships Scheme for SCs and Others and Post-Matric Scholarships Scheme for SCs.

Details of amount disbursed and beneficiaries under all the schemes implemented by the Department of Social Justice and Empowerment for the last three years are at **Statement-I.**

The Ministry of Tribal Affairs implements the following Scholarship Schemes to

promote and encourage secondary and higher education amongst ST population in the country: -

I. Pre-Matric Scholarship for ST students (Class IX and X)

II. Post Matric Scholarship for ST students (Class XI and above)

III. National Scholarship for Higher Education for ST students (Top Class)

IV. National Fellowship for Higher Education for ST students (NFST)

V. National Overseas Scholarship for ST students (NOS)

Details of amount disbursed and beneficiaries under all five schemes of Ministry of Tribal Affairs for the last three years are at **Statement-II.**

The Department of Higher Education implements the Pradhan Mantri Uchchatar Shiksha Protsahan [PM-USP] Yojana with the following components :

I. PM-USP Central Sector Scheme of Scholarship for College and University Students

II. PM-USP Special Scholarship Scheme for Jammu & Kashmir and Ladakh

Details of amount disbursed and beneficiaries under the two schemes of Department of Higher Education for the last three years are at **Statement-III.**

STATEMENT-I

Beneficiaries under all the schemes

						Amount Disbursed in Crore	
S.No.	**Name of Scheme**	**2023-24**		**2024-25**		**2025-26**	
		Amount Disburse	**Beneficiaries**	**Amount Disburse**	**Beneficiaries**	**Amount Disburse**	**Beneficiaries**

		d		d		d	
1	Centrally Sponsored Scheme of Pre-Matric Scholarship for OBC, EBC & DNT Students	195.63	18.43 Lakh	158.49	20.61 Lakh	252.21	25.22 Lakh
2	Centrally Sponsored Scheme of Post-Matric Scholarship for OBC, EBC & DNT Students	988.45	27.16 Lakh	895.47	24.53 Lakh	1138.88	31.29 Lakh
3	Central Sector Scheme of Top Class Education in School for OBC, EBC & DNT Students	6.73	3,177	32.48	13,769	75.63	27,007
4	Central Sector Scheme of Top Class Education in College for OBC, EBC & DNT Students	124.41	5,806	318.39	14,922	428.59	18,701

5	Post-Matric Scholarships Scheme for SCs	5475.42	47,38,578	5562.23	48,04,208	6186.96	47,53,420
6	Pre-Matric Scholarships Scheme for SCs & others	446.64	21,29,540	460.91	21,65,983	562.36	26,79,049
7	National Fellowship for OBC Students	89.70	2,009	148.15	2,197	105.19	2,506
8	Dr. Ambedkar Central Sector Scheme of Interest Subsidy on Educational Loans for Overseas Studies for OBCs & EBCs	56.24	2,789	9.49	837	0.20	104
9	Scholarships for Higher Education for Young Achievers (SHREYAS) for SCs	379.98	8,472	404.61	10,897	395.4	9,897

STATEMENT-II

Beneficiaries under all five schemes of Ministry of Tribal Affairs

Amount Disbursed in Crore							
S. No.	Name of Scheme	2023-24		2024-25		2025-26	
		Amount Disbursed	Beneficiaries	Amount Disbursed	Beneficiaries	Amount Disbursed	Beneficiaries
1	Pre-Matric Scholarship for ST students (Class IX and X)	308.60	10,26,448	163.69	8,94,939	155.24	9,33,688
2	Post Matric Scholarship for ST students (Class XI and above	2668.68	21,76,484	2598.34	21,85,183	3854.36	26,50,164
3	National Scholarship for Higher Education for ST students (Top Class)	70.44	5,429	95.38	7,013	72.93	8,571
4	National Fellowship for Higher Education for ST students (NFST)	159.56	2,975	144.62	2,698	146.65	2,961
5	National	7.00	65	6.00	58	8.00	64

	Overseas Scholarship for ST students (NOS)						

STATEMENT-III

Beneficiaries under the two schemes of Department of Higher Education

							Amount Disbursed in Cr
S.No.	Name of Scheme	2023-24		2024-25		2025-26	
		Amount Disbursed	Beneficiaries	Amount Disbursed	Beneficiaries	Amount Disbursed	Beneficiaries
1	PM-USP CSSS	217.26	1,69,790	259.65	2,04,049	255.66	2,00,730
2	PM-USPY SSSJKL	200	11,887	143.9	11,212	258.79	12,436

प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में भंडारण क्षमता

3693. श्री नीरज मौर्यः

श्रीमती रुचि वीराः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में चिह्नित प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) में शत-प्रतिशत भंडारण क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य वर्ष क्या है और निर्धारित लक्ष्यों के प्रति अब तक प्राप्त प्रगति का वर्तमान प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या कई क्षेत्रों में पुराने और जर्जर पैक्स भवनों को नमी-नियंत्रण तकनीक और वैज्ञानिक

भंडारण के निर्धारित मानकों के अभाव के बावजूद आधुनिक गोदामों के रूप में विज्ञापित किया जा रहा है;

(ग) क्या भूमि विवादों और पैक्स की कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण बैंक ऋण स्वीकृत होने में होने वाली देरी ग्रामीण उत्तर प्रदेश में इस योजना के भौतिक विस्तार में बाधा बन रही है;

(घ) क्या सरकार का उन छोटे और सीमांत किसानों के लिए कोई विशेष कोटा या अन्य सहायता प्रदान करने की संभावना है जो भंडारण शुल्क वहन करने में असमर्थ हैं और अपनी उपज को औने-पौने दामों पर बेचने के लिए विवश हैं; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह):

(क): सहकारिता क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 12 जिलों में 12 पैक्स/सहकारी समितियों की पहचान की गई है जिसमे 0.52 लाख मीट्रिक टन क्षमता के 13 परियोजनाओं के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर लिए गए हैं। तथापि, राज्य सरकार द्वारा इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना शेष है । इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के कोटवा पांडेय पैक्स में 1,500 मीट्रिक टन क्षमता का एक गोदाम पहले ही निर्मित किया जा चुका है।

यह योजना माँग आधारित है तथा इसका क्रियान्वयन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चरणबद्ध तरीके से किया जाता है। अतः इस योजना के अंतर्गत किसी राज्य के लिए पृथक लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। तथापि, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की कृषि विपणन अवसंरचना (AMI) योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पैक्स/सहकारी समितियों द्वारा गोदामों का निर्माण 18 माह के भीतर पूर्ण कर अंतिम अनुदान (सब्सिडी) के दावे हेतु पूर्णता संबंधी अभिलेख प्रस्तुत किए जाना अपेक्षित है । तथापि, यदि विलंब के कारण पूर्णतः न्यायोचित पाए जाते हैं, तो

निर्माण अवधि में अधिकतम 6 माह का अतिरिक्त विस्तार प्रदान किया जा सकता है।

(ख): नहीं महोदय, योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता केवल पैक्स/अन्य सहकारी समितियों के स्तर पर नवीन वैज्ञानिक भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए उपलब्ध कराई जाती है। सहकारिता क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत निर्मित सभी गोदाम योजना के प्रारंभ होने के उपरांत ही निर्मित किए जा रहे हैं। पुरानी अथवा जर्जर पैक्स भवनों को योजना के अंतर्गत आधुनिक वैज्ञानिक गोदाम के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है।

(ग): महोदय, योजना के अंतर्गत ऋणों के शीघ्र स्वीकृति एवं वितरण को सुगम बनाने के लिए अनेक सुधारात्मक उपाय किए गए हैं। कृषि अवसंरचना कोष (AIF) के अंतर्गत ऋण की पुनर्भुगतान अवधि को 2+5 वर्ष से बढ़ाकर 2+8 वर्ष कर दिया गया है, जिससे उधारकर्ताओं को अधिक पुनर्भुगतान लचीलापन प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, नभसंरक्षण योजना के अंतर्गत उपलब्ध क्रेडिट गारंटी सुविधा का विस्तार किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) के समान प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) तक भी किया गया है।

इसी प्रकार, कृषि विपणन अवसंरचना (AMI) योजना के अंतर्गत पूंजीगत अनुदान को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 33.33 प्रतिशत कर दिया गया है तथा मार्जिन मनी की आवश्यकता को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, योजना के अंतर्गत नाबार्ड की विशेष पुनर्वित्त (Special Refinance) योजना का भी उपयोग किया जा रहा है, जिससे सहभागी सहकारी समितियों पर वित्तीय बोझ में उल्लेखनीय कमी आती है। साथ ही, कृषि अवसंरचना कोष (AIF) के अंतर्गत उपलब्ध 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान के साथ मिलकर, सहकारिता क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत पैक्स के लिए प्रभावी ऋण ब्याज दर लगभग 1 प्रतिशत रह जाती है।

इसके अतिरिक्त, सहकारिता क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत पात्र सहकारी समितियाँ, जिनमें पैक्स भी शामिल हैं, स्वामित्व वाली अथवा पट्टे (लीज) पर उपलब्ध भूमि

पर भंडारण अवसंरचना का निर्माण कर सकती हैं। आवश्यकता होने पर भूमि उपलब्ध कराने में संबंधित राज्य सरकारों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है। भूमि की उपलब्धता, ऋण स्वीकृति तथा पैक्स/अन्य सहकारी समितियों की वित्तीय क्षमता से संबंधित विषयों का समाधान संबंधित राज्य सरकारों तथा कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर किया जाता है।

(घ) और (ङ): नहीं, महोदय।सहकारी क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत भंडारण शुल्क के लिए पृथक कोटा अथवा विशेष अनुदान प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है।

IMPORTS AND DUMPING

3694. SUSHRI S. JOTHIMANI:

Will the Minister of **COMMERCE AND INDUSTRY** be pleased to state:

(a) whether the Government is aware of the significant rise in low-cost Chinese imports in sectors such as textiles, toys, plastics, electronics, and light engineering, leading to severe market distortion in India, if so, the details thereof;

(b) the details of import volume and value of these categories from China during the last three years, year-wise;

(c) whether the Government has assessed the economic impact of this surge on domestic manufacturing units, particularly MSME clusters in Tamil Nadu such as Karur, Tiruppur, Coimbatore, and Erode;

(d) the measures taken to curb practices such as under-invoicing, mis-declaration of country of origin, and routing of Chinese goods through third

countries to evade duties; and

(e) whether the Government proposes to introduce stronger trade-remedy actions including anti-dumping duties, stricter Quality Control Orders (QCOs), and enhanced customs surveillance to protect Indian industry, if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI JITIN PRASADA):

(a) to (e) :India's imports from China is spread across various product categories. In the category of raw materials, India imports products such as lithium, cobalt, nickel, graphite, rare earth elements etc. that are essential inputs for clean energy technologies, electric vehicles, electronics and semiconductors. Further import of intermediate goods, capital equipment, and advanced technologies support domestic production and deeper integration with global value chains (GVCs) particularly in strategic sectors such as energy, pharmaceuticals, fertilizers, electronics (especially semiconductors), and advanced manufacturing besides facilitating infrastructure development, investment and export competitiveness, while also meeting growing domestic demand shaped by the country's rapid economic growth, industrialization and urbanization.

The Government has actively strengthened domestic manufacturing capabilities, resource development, and supply chain resilience through several

initiatives such as Make in India and Production Linked Incentive (PLI) Schemes in key strategic sectors.

Details of import value of goods under textiles (Chapter 50 to 63), toys (Chapter 95), plastics (Chapter 39), engineering goods (Chapter 84 and 85) from China during the last three years is as under:

(value in USD billion)

Sector	2023-24	2024-25	2025-26
Textile	3.68	3.64	4.46
Toys	0.26	0.29	0.35
Plastic	5.67	6.34	6.71
Engineering	53.83	63.95	75.82

To curb practices such as under-invoicing, mis-declaration of country of origin, and routing of Chinese goods through third countries to evade duties, Central Board of Indirect Taxes and Customs (CBIC) continuously monitors and investigates cases involving customs duty evasion, including under-invoicing, mis-declaration of description, quantity, value and country of origin, and attempts to route goods through third countries to circumvent applicable customs duties and trade policy measures.

Based on the specific intelligence, Directorate of Revenue Intelligence (DRI) undertakes targeted investigations and enforcement actions against such

fraudulent practices. Intelligence is developed through data analytics, international cooperation, and inter-agency coordination. Wherever violations are detected, appropriate action is taken under the provision of the Customs Act, 1962, including seizure of goods, initiation of investigations, recovery of duty, and prosecution, wherever warranted. CBIC continuously strengthens intelligence gathering, risk assessment, and customs enforcement mechanisms to detect and prevent customs fraud, including evasion of duties through under-valuation, mis-declaration and false claims relating country of origin.

The Government has introduced stricter quality standards and measures for quality controls, testing protocols, and mandatory certification to curb sub-standards imports and to promote manufacture of quality products. Quality Control Orders (QCOs) for several products have been implemented to curb the import and manufacture of sub-standard products. In addition, where required, Directorate General of Trade Remedies (DGTR) investigates and imposes Anti-dumping and Countervailing Duty.

वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन

3695. श्री आलोक शर्मा:

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

श्रीमती स्मिता उदय वाघः

श्री सुधीर गुप्ताः

डॉ. भोला सिंहः

श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण:

श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:

डॉ. राजेश मिश्रा:

श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

श्री नव चरण माझी:

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः

श्रीमती मालविका देवी:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन (एल्डरलाइन' - 14567) के कार्यान्वयन की समीक्षा की है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यदि हाँ, तो उत्तर प्रदेश और दाहोद लोक सभा क्षेत्र सहित राज्य-वार और जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास पिछले तीन वर्षों के दौरान 'एल्डरलाइन' - 14567 के माध्यम से प्राप्त और हल की गई शिकायतों का डेटा है और यदि हाँ, तो महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिला तथा जलगांव, दाहोद, कालाहांडी और नुआपाड़ा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित राज्य-वार और जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने समय पर सहायता प्रदान करने के लिए 'एल्डरलाइन' - 14567 को राज्य के सामाजिक कल्याण विभागों, पुलिस प्राधिकरणों, स्वास्थ्य देखभाल संस्थाओं और विधिक सेवा प्राधिकरणों के साथ एकीकृत करने के लिए कोई तंत्र स्थापित किया है तथा वरिष्ठ नागरिकों को कुल कितना फंड प्रदान किया गया है और यदि हाँ, तो नुआपाड़ा जिले और

कच्छ सहित राज्य-वार और जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को आपातकालीन सहायता, काउंसलिंग, बचाव कार्य, कानूनी मार्गदर्शन और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने में इस हेल्पलाइन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो राज्य-वार और जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार का उन्नत डिजिटल अवसंरचना, जागरूकता अभियानों और जिला स्तरीय आउटरीच के माध्यम से 'एल्डरलाइन' - 14567 को मजबूत करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो महाराष्ट्र और विशेषकर जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य-वार और जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित सहायता प्रणालियों की स्थापना करके, जागरूकता बढ़ाकर और पहुंच में सुधार करके एल्डरलाइन नेटवर्क को सुदृढ़ करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो कालाहांडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य-वार और जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी. एल. वर्मा):

(क): सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) के घटक के तहत टोल-फ्री नंबर 14567 वाली एल्डरलाइन - राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन (एनएचएससी) का संचालन कर रहा है। वर्तमान में, एल्डरलाइन आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप, मेघालय और पश्चिम बंगाल को छोड़कर देश भर के 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में काम कर रही है। मंत्रालय ने इस हेल्पलाइन को लागू करने के लिए संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र और सेवा प्रदाताओं के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। वे एल्डरलाइन को लागू करने वाली केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए), राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) को वार्षिक निगरानी रिपोर्ट

प्रस्तुत करते हैं।

(ख): मंत्रालय, राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) के माध्यम से एल्डरलाइन (14567) पर प्राप्त हुई और हल की गई शिकायतों/समस्याओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार डेटा रखता है। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित पिछले तीन वर्षों का राज्य-वार विवरण और बुलंदशहर, जलगांव, दाहोद, कालाहांडी और नुआपाड़ा से संबंधित जिला-वार ब्यौरा **विवरण** में दिया गया है।

(ग): वरिष्ठ नागरिक राष्ट्रीय हेल्पलाइन (एल्डरलाइन-14567) वरिष्ठ नागरिकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्य के समाज कल्याण विभागों और अन्य स्थानीय हितधारकों के साथ मिलकर समन्वित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से कार्य करती है। राज्य हेल्पलाइन के कार्य क्षेत्र के अनुसार, हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समाधान शिकायत की प्रकृति के आधार पर संबंधित राज्य समाज कल्याण विभागों, पुलिस प्राधिकारियों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, कानूनी सहायता सेवाओं, वृद्धाश्रमों और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय करके किया जाता है। संबंधित राज्य सरकारें, जहां भी आवश्यक हो, जमीनी स्तर पर कार्रवाई और पुनर्वास में सहायता करती हैं। एल्डरलाइन (14567) के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सीधे कोई आर्थिक वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाती है।

(घ): वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन (एल्डरलाइन-14567) की प्रभावशीलता का मूल्यांकन संबंधित राज्य सरकारों और राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) द्वारा सतत निगरानी के माध्यम से किया जाता है। राज्य संपर्क केंद्र समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं, जिसमें तिमाही और वार्षिक रिपोर्ट शामिल हैं। इन रिपोर्टों में प्राप्त हुई कॉल, दी गई सेवाओं, समाधान की गई शिकायतों और क्षेत्र में किए गए जमीनी हस्तक्षेप का विवरण होता है। इन रिपोर्टों में सूचना, मार्गदर्शन, भावनात्मक सहायता, काउंसलिंग, बचाव और कानूनी, स्वास्थ्य देखभाल व कल्याण संबंधी सहायता के लिए संबंधित अधिकारियों को रेफरल जैसी सेवाएं शामिल हैं।

(ड.) और (च): मंत्रालय, महाराष्ट्र के जलगांव और ओडिशा के कालाहांडी सहित देश भर में वरिष्ठ नागरिकों तक सेवाओं की प्रभावी और सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है और संबंधित राज्य सरकारों से परामर्श करके वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन (एल्डरलाइन-14567) के कार्यान्वयन की निरंतर समीक्षा करता है। योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए, हेल्पलाइन के कार्यान्वयन की समय-समय पर समीक्षा की जाती है जिसमें डिजिटल सेवा प्रदान करना, जागरूकता फैलाना, आउटरीच गतिविधियां, पहुंच सुगम बनाना और संबंधित राज्य विभागों व स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय करना शामिल है। इसे संबंधित राज्य सरकारों और सेवा प्रदाताओं के साथ किए गए त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के तहत परिचालन ढांचे के अनुसार, संबंधित राज्य संपर्क केन्द्रों के माध्यम से लागू किया जाता है।

विवरण

राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन -एल्डरलाइन 14567 के तहत पिछले 3 वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24 से) में प्राप्त और समाधान की गई शिकायतों के राज्य-वार आंकड़े

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	प्राप्त और समाधान की गई शिकायतों की संख्या
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	363
2.	अरुणाचल प्रदेश	5
3.	असम	1959
4.	बिहार	16205
5.	चंडीगढ़	394
6.	छत्तीसगढ	601
7.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	1233
8.	दिल्ली-एनसीआर	20085
9.	गोवा	879

10.	गुजरात	11438
11.	हरियाणा	1738
12.	हिमाचल प्रदेश	1120
13.	जम्मू-कश्मीर	4316
14.	झारखंड	20647
15.	कर्नाटक	36436
16.	केरल	2422
17.	लद्दाख	1426
18.	मध्य प्रदेश	21952
19.	महाराष्ट्र	31049
20.	मणिपुर	451
21.	मिजोरम	642
22.	नागालैंड	447
23.	ओडिशा	13959
24.	पुडुचेरी	2737
25.	पंजाब	14235
26.	राजस्थान	6374
27.	सिक्किम	34
28.	तमिलनाडु	26810
29.	तेलंगाना	9234
30.	त्रिपुरा	4015
31.	उत्तर प्रदेश	59125
32.	उत्तराखंड	6106
कुल योग		**318473**

उत्तर प्रदेश, गुजरात और ओडिशा के बुलंदशहर, जलगांव, दाहोद, कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में पिछले 3 वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24 से) के दौरान प्राप्त और समाधान की गई शिकायतों के जिला-वार आंकडे

क. बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश)

श्रेणी	**कुल**
भावनात्मक सहायता	1

पूछताछ	28
जमीनी हस्तक्षेप	18
मार्गदर्शन	203
सूचना	199
अन्य	22
कुल	**471**

ख. जलगांव (महाराष्ट्र)

श्रेणी	**कुल**
भावनात्मक सहायता	82
पूछताछ	26
जमीनी हस्तक्षेप	187
मार्गदर्शन	22
सूचना	224
अन्य	82
कुल	**1012**

ग. दाहोद (गुजरात)

श्रेणी	**कुल**
भावनात्मक सहायता	3
पूछताछ	4
जमीनी हस्तक्षेप	1
मार्गदर्शन	43
सूचना	49
अन्य	12
कुल	**112**

घ. कालाहांडी (ओडिशा)

श्रेणी	**कुल**
भावनात्मक सहायता	1
पूछताछ	2
जमीनी हस्तक्षेप	4
मार्गदर्शन	391
सूचना	17
अन्य	19
कुल	**434**

ङ. नुआपाड़ा (ओडिशा)

श्रेणी	**कुल**
पूछताछ	1
मार्गदर्शन	54
सूचना	5
अन्य	7
कुल	**67**

ADVANCED CHEMISTRY CELL BATTERIES

3696. SHRI T.M. SELVAGANAPATHI:

Will the Minister of **HEAVY INDUSTRIES** be pleased to state**:**

(a) whether the Government has invited global bids to set up advanced battery manufacturing plants with a total capacity of 10 gigawatt hours under the Production Linked Incentive scheme for Advanced Chemistry Cell batteries;

(b) whether it is also a fact that the objective is to cut dependence on imported Advanced Chemistry Cell batteries by strengthening local manufacturing;

(c) whether the Government had approved Rs.18,100 crore Production Linked Incentive scheme to build 50 gigawatt hours of battery manufacturing capacity in the country; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL (SHRI BHUPATHI RAJU SRINIVASA VARMA):

(a): Yes.

(b): Yes.

(c): Yes.

(d): The Ministry of Heavy Industries (MHI) administers the Production Linked Incentive (PLI) scheme, namely the "National Programme on Advanced Chemistry Cell (ACC) Battery Storage," with a total outlay of ₹18,100 crore to establish 50 GWh of domestic ACC manufacturing capacity. Out of the targeted manufacturing capacity of 50 GWh, 40 GWh capacity has been awarded to four beneficiary firms. Further, the remaining 10 GWh ACC Capacity has been earmarked for Grid Scale Stationary Storage applications.

The PLI ACC Scheme aims to reduce India’s dependence on imported ACCs by strengthening domestic manufacturing capabilities and incentivising

large domestic and international players to establish a globally competitive ACC battery-manufacturing ecosystem in the country.

INCLUSION OF PUNJAB UNDER EV MANUFACTURING INITIATIVES

3697. SHRI MALVINDER SINGH KANG:

Will the Minister of **HEAVY INDUSTRIES** be pleased to state:

(a) whether the State of Punjab has been included under the Government's electric vehicle manufacturing initiatives;

(b) the details of incentives extended to manufacturers in Punjab and the number of EV manufacturing projects approved in the State;

(c) the details of investment generated and employment likely to be created under such projects; and

(d) whether any additional proposals from Punjab are under consideration?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL (SHRI BHUPATHI RAJU SRINIVASA VARMA):

(a) to (d): To promote electric vehicle manufacturing, Ministry of Heavy Industries (MHI) administers two Production Linked Incentive (PLI) Scheme as below:

i. **PLI Scheme for Automobile & Auto Component Industry in India (PLI-Auto scheme) is** notified on 23.09.2021, for enhancing India's manufacturing

capabilities for Advanced Automotive Technology products (including EV) with a budgetary outlay of ₹25,938 crore. **The scheme** has been implemented on pan India basis (including Punjab) and as on 31.03.2026, two (2) units have been set up in Punjab. The status of implementation is as below:-

Parameter	Cumulative till 31.03.2026
Investment (Rs. crore)	44,326
Incremental Sales (Base Year FY2019-20) (Rs. crore)	52,414
Employment generated (Nos.)	67,820
Incentive disbursed (Rs. crore)	2,386.36

ii. **PLI Scheme for National Programme on Advanced** Chemistry **Cell (ACC) Battery Storage has been** notified on 09.06.2021 for manufacturing of ACC in the country with a budgetary outlay of ₹18,100 cr. Out of 50 GWh capacity, 40 GWh ACC capacity is end-use agnostic and can be utilized for any application (including EVs). PLI ACC scheme is a national programme and it does not define or mandate particular locations for setting up cell manufacturing units. Till 04.08.2026, no beneficiary firm has claimed any incentive under the PLI ACC scheme.

iii. **Scheme for Promotion of Manufacturing of Electric Passenger Cars in India**

(SPMEPCI) was notified on 15.03.2024 to promote the manufacturing of electric cars in India. Application window was open for 120 days till 21.10.2025, however, no applications were received.

REVISED TARGET FOR CONSTRUCTION OF HOUSES UNDER PMAY-G

3698. SHRI BRIJMOHAN AGRAWAL:

Will the Minister of **RURAL DEVELOPMENT** be pleased to state:

(a) the details and total target of houses to be constructed, allocated, sanctioned and completed under Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin (PMAY-G) during the last five financial years; State-wise;

(b) the total funds allocated and released by the Government under PMAY-G during the last five financial years, State and UT-wise;

(c) the details of revised target for construction of 4.95 crore houses by March 2029 and the additional target under the extended phase of PMAY-G, State-wise; and

(d) whether the Government has withheld or delayed release of PMAY-G funds on account of alleged irregularities, if so, the details of action taken, State-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (DR. CHANDRA SEKHAR PEMMASANI):

2	**राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण**	**डूंगरपुर केंद्रीय सहकारी बैंक ने 756 सदस्यों को ₹533.40 लाख रुपये** की राशि के **ऋण स्वीकृत किए।**
3	**दीर्घकालिक कृषि और गैर-कृषि ऋण**	**डूंगरपुर केंद्रीय सहकारी बैंक ने 270.00 लाख रुपये** के ऋण वितरित किए।
4	**विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना**	**बांसवाड़ा जिले में** 3 गोदाम (प्रत्येक 500 मीट्रिक टन) **स्वीकृत किए गए हैं**, जिनमें से **2 पूरे हो चुके हैं** और **1 निर्माणाधीन है**।
5	**कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी)**	**बांसवाड़ा जिले** में **47 सीएचसी** स्थापित किए गए हैं, जिससे **3,217 किसान** लाभान्वित हुए हैं।
6	**प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके)**	**169 पैक्स पीएमकेएसके** के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिससे **33,320** किसान **लाभान्वित हुए हैं**।
7	**कॉमन सेवा केंद्र (सीएससी)**	**170 पीएसीएस** को **सीएससी** के रूप में ऑनबोर्ड किया गया है, जिससे **19,177 किसान लाभान्वित हुए हैं।**
8	**पैक्स कंप्यूटरीकरण**	**235 पैक्स** का कंप्यूटरीकरण किया गया है और उन्हें **गो-लाइव/ई-पैक्स** घोषित किया गया है।
9	**एनसीसीएफ प्रापण**	आरएमएस 2026-27 **के दौरान**, **प्रतापगढ़ जिले में** एमएसपी पर 9,962 क्विंटल चना (चना) **का प्रापण किया गया**, जिससे **632 किसान लाभान्वित हुए**।
10	**एनसीडीसी सहायता**	पिछले पांच वर्षों के दौरान, **एनसीडीसी** ने अपनी योजनाओं के तहत **बांसवाड़ा जिले** में **1.85 करोड़ रुपये** और **डूंगरपुर जिले** में **0.47 करोड़ रुपये** वितरित किए ।
11	**इफको और कृभको कार्यक्रम**	**अप्रैल 2021 से जुलाई 2026** के **दौरान**, **इफको** ने बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों **में किसान आउटरीच और प्रचार कार्यक्रम आयोजित** किए, जिससे **34,828 किसान लाभान्वित हुए, जबकि कृभको** ने प्रतापगढ़ जिले **में किसान लाभ कार्यक्रम आयोजित किए**, जिससे **367 किसान लाभान्वित हुए,** जिसमें कुल **80,000 रुपये का** बजटीय आबंटन हुआ।

<u>विवरण -II</u>

बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के तहत पिछले 5 वर्षों में घोटाले (गबन/अनियमितता/धोखाधड़ी) के

दर्ज मामले

क्रम सं.	बांसवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सीसीबी का नाम	एपिसोड की संख्या	ऐसे मामलों की संख्या जिनमें कार्रवाई की गई है
1	बांसवाड़ा	1	1
2	डूंगरपुर	शून्य	शून्य
3	चित्तौड़गढ़	शून्य	शून्य

<u>विवरण -III</u>

(क) प्राथमिक सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से जीवंत और पारदर्शी बनाना

1. प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) को बहुउद्देशीय, बहुआयामी तथा पारदर्शी संस्था बनाने के लिए आदर्श उपविधियां:

सरकार ने राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों, राष्ट्रीय स्तर के परिसंघों, राज्य सहकारी बैंकों (StCBs), जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs), आदि सहित सभी हितधारकों के परामर्श से पैक्स के लिए आदर्श उपविधियां तैयार कर सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को परिचालित की हैं, जो पैक्स को 25 से अधिक व्यावसायिक कार्यकलाप करने, शासन में सुधार लाने, अपने प्रचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने हेतु सक्षम बनाते हैं । महिलाओं और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देते हुए पैक्स की सदस्यता को अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने के भी उपबंध किए गए हैं । अब तक 32 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा आदर्श उपविधियां अपनाई गई हैं या उनकी मौजूदा उपविधियां, आदर्श उपविधियों के अनुरूप हैं।

2. कंप्यूटरीकरण द्वारा पैक्स का सशक्तीकरण:

पैक्स को सशक्त करने के लिए 2925.39 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय से कार्यशील पैक्स के कंप्यूटरीकरण की परियोजना को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है जिसमें देश के सभी

कार्यशील पैक्स को कॉमन ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर लाकर राज्य सहकारी बैंकों (StCBs) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs) के माध्यम से नाबार्ड के साथ लिंक किया जाना है। इस परियोजना के अधीन 31 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के कुल 79,630 पैक्स अनुमोदित किए गए हैं । 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में कुल 63,707 पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर पर ऑनबोर्ड किया गया है, और 65,875 हार्डवेयर वितरित किए गए हैं। दिनांक 15 जुलाई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, अब तक 54,707 पैक्स को ई-पैक्स घोषित किया जा चुका है और इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से कुल 51.58 करोड़ लेनदेन किए गए हैं।

3. सभी पंचायतों को आच्छादित करने के लिए नए बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना:

भारत सरकार ने आगामी पांच वर्षों में देश की सभी पंचायतों और गांवों को आच्छादित करने के लक्ष्य से नए बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मात्स्यिकी सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना को अनुमोदित किया है। यह पहल नाबार्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी), और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों द्वारा समर्थित है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार, कुल 38,138 नई पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं; दिनांक15.2.2023 को योजना के अनुमोदन के बाद से दिनांक 15.06.2026 तक देश भर में 21,292 डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी समितियों को सशक्त किया गया है।

4. सभी पंचायतों को आच्छादित करने के लिए नए बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना हेतु मार्गदर्शिका/मानक प्रचालन प्रक्रिया (SOP) का विमोचन:

योजना के प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और राष्ट्रीय

मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के समन्वय से दिनांक 19.09.2024 को एक मानक प्रचालन प्रक्रिया (मार्गदर्शिका) जारी की है जिसमें सभी संबंधित हितधारकों के लिए लक्ष्य और समय-सीमा दर्शायी गई है।

5. सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना: सरकार ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई), कृषि यांत्रिकीकरण पर उपमिशन (एसएमएएम), प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), आदि सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से पैक्स स्तर पर अन्न भंडारण के लिए गोदामों, कस्टम हायरिंग केंद्रों, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयों तथा अन्य कृषि-अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु योजना अनुमोदित की है। इससे खाद्यान्न की बर्बादी तथा परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज की बेहतर कीमत प्राप्त हो सकेगी एवं पैक्स स्तर पर ही विभिन्न कृषि आवश्यकताएं पूरी हो सकेगीं। पायलट परियोजना के अधीन 11 राज्यों के 11 पैक्स में गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है । इसके अलावा, पायलट परियोजना का विस्तार करते हुए देशभर में 600 से अधिक पैक्स को सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अधीन गोदामों के निर्माण हेतु चिह्नित किया गया है। कैबिनेट सचिव ने सितंबर 2026 तक 5 लाख मीट्रिक टन की क्षमता बनाने का लक्ष्य सौंपा है।

वर्तमान में, राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड), और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (NCCF) ने 10.86 लाख मीट्रिक टन की क्षमता वाले 680 पैक्स /सहकारी गोदामों को किराए पर लेने का आश्वासन दिया है । 505 पैक्स (2.84 लाख मीट्रिक टन) में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिसमें से 302 पैक्स में निर्माण कार्य पूरा होने से कुल 1.71 लाख मीट्रिक टन की क्षमता का सृजन हुआ है (आंध्र प्रदेश – 0.79 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाले 117 गोदाम,

राजस्थान – 0.60 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाले 120 गोदाम, महाराष्ट्र – 0.16 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाले 18 गोदाम, गुजरात – 0.15 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाले 43 गोदाम और तमिलनाडु – 0.013 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाले 4 गोदाम)। इसके अतिरिक्त, 14.56 लाख मीट्रिक टन की कुल भंडारण क्षमता वाले 496 पैक्स /सहकारी समितियों को चिह्नित किया गया है।

6. सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की मार्गदर्शिका/मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) का विमोचन: इस योजना के सुचारु एवं एकरूप कार्यान्वयन के लिए एक व्यापक मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) – "मार्गदर्शिका" तैयार कर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के साथ साझा की गई है । इस मार्गदर्शिका में योजना के अधीन विभिन्न समितियों का गठन, अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) में लिए गए निर्णय, योजना के अधीन अभिसरण की गई विभिन्न योजनाओं का परिचय एवं उनके लाभ, आवेदन प्रक्रिया, चरणबद्ध कार्यान्वयन हेतु परियोजना फ्लो-चार्ट, अनुमानित परिणाम और निर्धारित समय-सीमा, सहकारिता मंत्रालय और अन्य हितधारकों की भूमिकाएं व जिम्मेदारियां, गोदाम निर्माण हेतु भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए) के दिशानिर्देश, योजना के अधीन पैक्स के चयन के मानदंड शामिल हैं ।

7. सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के संबंध में कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई) योजना के अधीन किए गए संशोधन: सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की द्वितीय अंतरमंत्रालयी बैठक (आईएमसी) बैठक, जो दिनांक 23.10.2024 को आयोजित हुई थी, में लिए गए निर्णयों के आधार पर कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा कृषि विपणन अवसंरचना योजना में निम्नलिखित संशोधन किए गए:

- योजना की वित्तीय व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए मार्जिन धनराशि की आवश्यकता को 20% से घटाकर 10% किया गया ।
- निर्माण लागत को संशोधित करके मैदानी क्षेत्रों में ₹3000–3500/मीट्रिक टन से बढ़ाकर

₹6000 -7000/ मीट्रिक टन तथा पूर्वोत्तर राज्यों में ₹4000/मीट्रिक टन से बढ़ाकर ₹8000/मीट्रिक टन किया गया।

- सब्सिडी को 25% से बढ़ाकर 33.33% किया गया (मैदानी क्षेत्रों में ₹875/मीट्रिक टन से बढ़ाकर ₹2333/मीट्रिक टन तथा पूर्वोत्तर राज्यों में ₹1333.33/मीट्रिक टन से बढ़ाकर ₹2666/मीट्रिक टन किया गया)।
- पैक्स के लिए आंतरिक सड़क, तौल पुल, चाहरदीवारी, आदि सहायक अवसंरचना पर कुल अनुमत सब्सिडी का 1/3 (एक तिहाई) अतिरिक्त सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया।

8. सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अधीन भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा गोदामों की पहचान एवं किराया आश्वासन से संबंधित प्रगति: दिनांक 02.06.2025 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर भारतीय खाद्य निगम को पैक्स की पहचान करने, किराया आश्वासन प्रदान करने तथा इन गोदामों का वार्षिक किराये पर उपयोग सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है। इसमें हुई प्रगति निम्नानुसार है:

- प्रथम चरण में, भारतीय खाद्य निगम ने 2500 मीट्रिक टन एवं उससे अधिक (पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों के लिए 1671 मीट्रिक टन एवं उससे अधिक) की क्षमता के गोदामों को किराये पर लेने के लिए 216 संभावित स्थानों की पहचान की है।
- भारतीय खाद्य निगम द्वारा 18 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के इन 216 संभावित स्थानों में लगभग 26.03 लाख मीट्रिक टन भंडारण आवश्यकता का आकलन किया गया है।
- राज्यों द्वारा 200 पैक्स/सहकारी समितियों की पहचान की गई है और वे अतिरिक्त पैक्स/ सहकारी समितियों की सक्रियता पूर्वक पहचान कर रहे हैं।

9. ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए कॉमन सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में पैक्स:

पैक्स के माध्यम से बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अद्यतन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड तथा आईआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट, आदि जैसी 300 से भी अधिक ई-सेवाएं प्रदान करने के लिए उन्हें सक्षम बनाने हेतु सहकारिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नाबार्ड तथा सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। अब तक 55,514 पैक्स ने ग्रामीण जनता को कॉमन सेवा केंद्र की सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है।

10. पैक्स द्वारा नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की स्थापना: 10,000 किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना और संवर्धन की केंद्रीय क्षेत्रक योजना के अधीन कृषि और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को सहकारी सोसाइटी अधिनियम के अधीन किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना और संवर्धन के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक एजेंसी के रूप में नामोदिष्ट किया गया है । कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा एनसीडीसी को 746 किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना और संवर्धन का लक्ष्य सौंपा गया था तथा एनसीडीसी द्वारा सहकारी क्षेत्र में 746 किसान उत्पादक संगठनों का पंजीकरण किया गया । तत्पश्चात, इस योजना के अधीन पैक्स के सशक्तीकरण के माध्यम से सहकारी क्षेत्र में किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना और संवर्धन के लिए सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनसीडीसी को किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना के अतिरिक्त लक्ष्य सौंपे गए और उसे 1117 किसान उत्पादक संगठनों का लक्ष्य दिया गया और एनसीडीसी ने पैक्स के सदस्यों के माध्यम से 1117 किसान उत्पादक संगठनों को पंजीकृत/ऑनबोर्ड कर इस लक्ष्य को प्राप्त किया । यह किसानों को आवश्यक बाजार लिंकेज प्रदान करने और उनके उपज का उचित एवं लाभकारी मूल्य दिलाने में

सहायक होगा।

एनसीडीसी ने दिनांक 31.05.2026 तक इस योजना के अधीन किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ)/क्लस्टर-आधारित व्यावसायिक संगठनों (सीबीबीओ) को 320 करोड़ रुपये संवितरित किए हैं।

11. खुदरा पेट्रोल/डीज़ल आउटलेट के लिए पैक्स को प्राथमिकता: सरकार ने पैक्स को खुदरा पेट्रोल/डीज़ल आउटलेट के आबंटन के लिए कंबाइंड कैटेगरी 2 (सीसी-2) में शामिल करने की अनुमति प्रदान कर दी है। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) से प्राप्त सूचना के अनुसार, 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 394 पैक्स ने खुदरा पेट्रोल/डीजल आउटलेट्स के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है और 13 आउटलेट्स चालू कर दिए गए हैं।

12. पैक्स को थोक उपभोक्ता पेट्रोल पंप को खुदरा आउटलेट में परिवर्तित करने हेतु अनुमति: मौजूदा थोक उपभोक्ता लाइसेंस प्राप्त पैक्स को तेल विपणन कंपनियों (OMCs) द्वारा खुदरा आउटलेट में परिवर्तित होने के लिए एक बारगी विकल्प दिया गया है। तेल विपणन कंपनियों द्वारा साझा की गई सूचना के अनुसार 5 राज्यों के 115 थोक उपभोक्ता पेट्रोल पंप लाइसेंस प्राप्त पैक्स ने खुदरा आउटलेट में परिवर्तित होने की सहमति दी है जिसमें से 62 पैक्स को इस संबंध में तेल विपणन कंपनियों द्वारा चालू किया गया है।

13. पैक्स द्वारा अपने कार्यकलापों में विविधता लाने के लिए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप की पात्रता: सरकार ने अब पैक्स को एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप हेतु आवेदन करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इससे पैक्स को अपने आर्थिक कार्यकलाप को बढ़ाने और अपनी आय प्रवाह के विविधीकरण का एक विकल्प प्राप्त होगा।

14. ग्रामीण स्तर पर जेनेरिक औषधियों तक सुगम पहुंच हेतु प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में पैक्स: सरकार द्वारा पैक्स को प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के

रूप में कार्य करने की अनुमति प्रदान की गई है, जिससे उन्हें आय के अतिरिक्त स्रोत प्राप्त होंगे और ग्रामीण जनता को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक औषधियों तक सुगम पहुँच सुनिश्चित होगी। अब तक 4,275 पैक्स/सहकारी समितियों ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है जिसमें से 4,255 पैक्स को फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) द्वारा प्रारंभिक मंजूरी दी गई है और 846 पैक्स को फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया से स्टोर कोड मिल गए हैं जिनमें से 645 पैक्स ने पीएम भारतीय जन औषधि केंद्रों के रूप में काम करना शुरू कर दिया है।

15. प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) के रूप में पैक्स: देश में किसानों को उर्वरक और अन्य संबंधित सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने हेतु पैक्स को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) के रूप में चलाने हेतु सक्षम किया गया है। राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा साझा की गई सूचना के अनुसार, अब तक कुल 38,974 पैक्स पीएमकेएसके के रूप में कार्य कर रहे हैं।

16. पैक्स द्वारा ग्रामीण नल जलापूर्ति योजनाओं (पीडब्ल्यूएस) का प्रचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) कार्य: ग्रामीण क्षेत्रों में पैक्स को नल जलापूर्ति योजनाओं के प्रचालन व रख-रखाव (ओ एंड एम) कार्य करने के लिए पात्र बनाया गया है। राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, पंचायत/ग्राम स्तर पर प्रचालन व रख-रखाव (ओ एंड एम) सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा 1,480 पैक्स को चिह्नित/चयनित किया गया है, इनमें से 118 पैक्स ने कार्य करना शुरू कर दिया है।

17. पैक्स के स्तर पर PM-KUSUM का अभिसरण: पैक्स से जुड़े किसान सौर कृषि जल पंप अपना सकते हैं और अपने खेतों में फोटोवोल्टेइक मॉड्यूल इंस्टॉल करा सकते हैं।

18. प्रधानमंत्री सूर्य घर– मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी–एमबीवाई) का सहकारी समितियों के स्तर पर अभिसरण: इस पहल का उद्देश्य सहकारी समितियों की व्यापक जमीनी स्तर

की उपस्थिति का लाभ उठाते हुए स्वच्छ और कम लागत वाली रूफटॉप सौर ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में तेजी लाना है। इस पहल के केंद्रित कार्यान्वयन के लिए 100 नगरों का चयन किया गया है।

19. डोर-स्टेप वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक मित्र सहकारी समितियों को माइक्रो-एटीएम: डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी समितियों को जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs) और राज्य सहकारी बैंकों (StCBs) का बैंक मित्र बनाया जा सकता है। उनके सुगम व्यवसाय, पारदर्शिता और वित्तीय समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए नाबार्ड के सहयोग से इन बैंक मित्र सहकारी समितियों को 'डोर-स्टेप वित्तीय सेवाएं" प्रदान करने के लिए माइक्रो-एटीएम दिए जा रहे हैं। इस पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए दिनांक 19 सितंबर, 2024 को मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) लॉन्च की गई है। अब तक गुजरात राज्य में बैंक मित्र सहकारी समितियों को 10,060 नए माइक्रो-एटीएम वितरित किए जा चुके हैं।

20. दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों को रुपे किसान क्रेडिट कार्ड: जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs) और राज्य सहकारी बैंकों (StCBs) की पहुंच का विस्तार करने तथा डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को आवश्यक लिक्विडिटी प्रदान करने और तुलनात्मक रूप से निम्नतर ब्याज दरों पर ऋण प्रदान करने तथा अन्य वित्तीय लेनदेनों में सक्षम बनाने हेतु सहकारी समितियों के सदस्यों को रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का वितरण किया जा रहा है। इस पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए दिनांक 19 सितंबर, 2024 को मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) लॉन्च की गई है। गुजरात राज्य में अब तक 6.57 लाख नए रुपे किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

21. मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) की स्थापना: मछुआरों को बाजार लिंकेज तथा प्रसंस्करण सुविधाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने प्रारंभिक चरण में 70 मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों का पंजीकरण किया है। इसके अतिरिक्त, मत्स्य पालन विभाग, भारत सरकार ने 1,000 मौजूदा मात्स्यिकी सहकारी समितियों को एफएफपीओ में बदलने का

कार्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को आबंटित किया है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने एफएफपीओ के रूप में सशक्त करने के लिए 1,000 प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों की पहचान की है, जिसके लिए 280.65 करोड़ रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया है। सीबीबीओ द्वारा चयनित समितियों के लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत एनसीडीसी ने दिनांक 31 मई 2026 तक की स्थिति के अनुसार एफएफपीओ/सीबीबीओ को ₹130 करोड़ संवितरित किए हैं।

22. श्वेत क्रांति 2.0: सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र के नेतृत्व में "श्वेत क्रांति 2.0" का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य सहकारी कवरेज का विस्तार करना, रोजगार सृजन और महिला सशक्तीकरण है, जिसका लक्ष्य " अनाच्छादित क्षेत्रों में डेयरी किसानों को बाजार तक पहुंच प्रदान करके और संगठित क्षेत्र में डेयरी सहकारी समितियों की हिस्सेदारी बढ़ाकर, अगले पांच वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों के दुग्ध प्रापण को वर्तमान स्तर (यानी आधार वर्ष 2023-24 में 660 एलकेजीपीडी) से 50% बढ़ाकर वर्ष 2028-29 में 1007 एलकेजीपीडी करना है"। माननीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री की उपस्थिति में दिनांक 19.09.2024 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा श्वेत क्रांति 2.0 की "मार्गदर्शिका" (एसओपी) लॉन्च की गई । माननीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री की उपस्थिति में दिनांक 25.12.2024 को माननीय गृह और सहकारिता मंत्री ने 6,600 नई स्थापित सहकारी डेयरी समितियों (डीसीएस) का उद्घाटन किया । अब तक 31 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 25,282 सहकारी दुग्ध समितियां (डीसीएस) पंजीकृत की गई हैं ।

23. आत्मनिर्भरता अभियान: सहकारिता मंत्रालय ने आयात निर्भरता घटाने के लिए दलहन (तुअर, मसूर और उड़द) के उत्पादन को प्रोत्साहित करने और एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम (ईबीपी) के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एथेनॉल के उत्पादन के लिए भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) के माध्यम

से मक्के के उत्पादन को प्रोत्साहित करने की पहल शुरू की है। दोनों संगठनों ने सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों के पंजीकरण के लिए क्रमशः अपने स्वयं के वेब पोर्टल, यानी ई-संयुक्ति और ई-समृद्धि विकसित किए हैं। दोनों ने तुअर, उड़द, मसूर और मक्का के पूर्व-पंजीकृत किसानों को उनकी उपज का 100% न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का आश्वासन दिया है। हालांकि, यदि बाजार मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक हो जाता है, तो किसान अपनी उपज खुले बाजार में बेचने के लिए स्वतंत्र हैं। एनसीसीएफ के ई-संयुक्ति पोर्टल पर कुल 44,09,590 किसान पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं। इसी तरह 15,84,759 किसानों ने नेफेड के ई-समृद्धि पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है।

(ख) <u>सहकारी बैंकों का सशक्तीकरण</u>

24. शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को व्यापार विस्तारण हेतु नई शाखाएं खोलने की अनुमति: शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पूर्वानुमति के बिना पिछले वित्तीय वर्ष में मौजूदा शाखाओं की संख्या का 15% (अधिकतम 10 शाखाएं) नई शाखाएँ खोल सकेंगे।

25. शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को आरबीआई द्वारा अपने ग्राहकों को डोर-स्टेप सेवाएं प्रदान करने की अनुमति: शहरी सहकारी बैंकों द्वारा अब डोर-स्टेप बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा सकती है। इन बैंकों के खाताधारक अब अपने घर पर ही विभिन्न बैंकिंग सुविधाएं जैसे नकद निकासी, नकद जमा, केवाईसी, डिमांड ड्राफ्ट और पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र, आदि का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

26. शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को शामिल करने हेतु शेड्यूलिंग मानदंडों की अधिसूचना: शहरी सहकारी बैंक जो व्यवसाय प्राधिकार की पात्रता शर्तों का अनुपालन करते हैं तथा पिछले दो वर्षों से टियर- 3 के रूप में वर्गीकरण हेतु आवश्यक न्यूनतम जमा राशि बरकरार रखे हुए हैं, अब भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम,1934 की अनुसूची-II में शामिल होने के लिए पात्र हैं एवं 'अनुसूचित' का दर्जा

प्राप्त कर सकते हैं।

27. शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के साथ नियमित संवाद हेतु आरबीआई में एक नोडल अधिकारी नामित: सहकारिता क्षेत्र की गहन समन्वय और केंद्रित संवाद हेतु काफी समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने एक नोडल अधिकारी अधिसूचित किया है।

28. शहरी सहकारी बैंकों के लिए पीएसएल लक्ष्य को 75% से घटाकर 60% करने हेतु राहत: भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) लक्ष्य को 75% के पूर्व स्तर से घटाकर 60% कर शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को राहत दी है। इस छूट से शहरी सहकारी बैंकों पर अनुपालन दबावों में कमी आई है और उन्हें अपने ऋण पोर्टफोलियों के प्रबंधन में अधिक प्रचालनात्मक लचीलेपन की प्राप्ति हुई है।

29. शहरी सहकारी बैंकों के लिए आवास ऋण सीमा 10% से बढ़ाकर 25% की गई: शहरी सहकारी बैंकों के सदस्यों के लिए आवास ऋण सीमा को उनकी कुल परिसंपत्ति का 10% से बढ़ाकर उनके ऋण एवं अग्रिम का 25% (3 करोड़ रुपये तक) कर दिया गया है

30. महिला ऋण पुनर्भुगतान के लिए 2 लाख रुपये के लक्ष्य को हटाकर 12% (दुर्बल वर्ग) की उप-सीमा में राहत: दुर्बल वर्गों के लिए 12% की उप-सीमा के तहत महिला उधारकर्ताओं के लिए ₹2 लाख के लक्ष्य को हटाने से अब प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) का अनुपालन सरल हो गया है और शहरी सहकारी बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के दायित्वों को पूरा करने में अधिक प्रचालन स्वतंत्रता की प्राप्ति हुई है।

31. शहरी सहकारी संस्थानों को राहत देते हुए ऋण सीमा को 50% बढ़ाते हुए ₹1 करोड़ से बढ़ाकर ₹3 करोड़ किया गया: शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए ऋण और अग्रिम की 50% सीमा के तहत ऋण और अग्रिम एक्सपोज़र सीमा को ₹1 करोड़ से बढ़ाकर ₹3 करोड़ (या टियर-I पूंजी का 0.4%, जो भी कम हो) कर दिया गया है, जो उन्हें व्यक्तिगत उधारकर्ताओं की उच्च ऋण मांगों को

पूरा करने में मदद करता है, व्यावसायिक विकास का समर्थन करता है और रिटेल तथा एसएमई ऋण क्षेत्रों में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करता है।

32. स्वर्ण ऋण हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक सीमा हटाई गई: भारतीय रिजर्व बैंक ने शहरी सहकारी बैंकों के लिए 2 लाख रुपये की मौद्रिक सीमा को हटाकर उन्हें वाणिज्यिक बैंकों के अनुरूप किया।

33. शहरी सहकारी बैंकों के लिए अंब्रेला संगठन: भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन से शहरी सहकारी बैंक क्षेत्र के लिए एक अम्ब्रेला संगठन (यूओ) के रूप में नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव एंड क्रेडिट सोसाइटीज लि. (एनएएफसीयूबी) की स्थापना की गई जो लगभग 1,500 शहरी सहकारी बैंकों को आवश्यक आईटी अवसंरचना और प्रचालनात्मक सहयोग प्रदान कर रहा है। इसने डिजि लोन और डिजि पे जैसी विभिन्न सेवाएं लॉन्च की हैं।

34. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिभूति प्राप्तियों के ग्लाइड पथ को वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2027-28 तक बढ़ाया गया: भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 24.02.2025 के परिपत्र के माध्यम से शहरी सहकारी बैंकों में पूंजी और तरलता के बेहतर प्रबंधन के लिए गैर-निष्पादित आस्तियों का परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी के माध्यम से दो वर्ष का अतिरिक्त समय प्रदान किया है जिससे ये बैंक संकटग्रस्त परिसंपत्तियों के नुकसान को कम कर सकें।

35. सहकारी बैंकों को वाणिज्यिक बैंकों की तरह बकाया ऋणों का वन टाइम सेटलमेंट करने की अनुमति: सहकारी बैंक अब बोर्ड-अनुमोदित नीतियों के माध्यम से तकनीकी राइट-ऑफ करने सहित उधारकर्ताओं के साथ निपटान की प्रक्रिया भी प्रदान कर सकेंगे।

36. उच्चतर आवास ऋण सीमाएं: भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्रामीण सहकारी बैंकों के लिए व्यक्तिगत आवासन ऋण की सीमा को ढाई गुना बढ़ाकर ₹75 लाख कर दिया है और उन्हें अपनी कुल जोखिम सीमा के 5% तक वाणिज्यिक रियल एस्टेट /आवासीय आवास (सीआरईआरएच) क्षेत्र को ऋण देने में

सक्षम बनाया है।

37. सहकारी बैंकों में 'आधार सक्षम भुगतान प्रणाली' (AePS) के लिए लाइसेंस शुल्क घटाया गया: सहकारी बैंकों को 'आधार सक्षम भुगतान प्रणाली' (AePS) में ऑनबोर्ड करने के लाइसेंस शुल्क को लेनदेन की संख्या से लिंक करके घटा दिया गया है। सहकारी वित्तीय संस्थानों को उत्पादन-पूर्व चरण में अब यह सुविधा पहले तीन महीनों तक निःशुल्क प्राप्त होगी। इससे ऑनबोर्ड हुए बैंकों के सदस्यों को बायोमीट्रिक्स के माध्यम से अपने घर पर ही बैंकिंग की सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

38. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दिनांक 01.08.2025 को आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (AePS) में सहकारी समितियों को ऑनबोर्ड होने के लिए एक नई संरचना की शुरूआत की है। अब, केवल एसटीसीबी को प्रमाणीकरण उपयोगकर्ता एजेंसियों (एयूए)/ईकेवाईसी उपयोगकर्ता एजेंसियों (केयूए) के रूप में शामिल होने की आवश्यकता है; डीसीसीबी को राज्य सहकारी बैंक के माध्यम से उप एयूए/केयूए के रूप में इसका नि:शुल्क उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

39. ऋण प्रदाय में सहकारी समितियों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी), राज्य सहकारी बैंकों (StCBs) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs) को सीजीटीएमएसई योजना में सदस्य ऋण संस्थान (एमएलआई) के रूप में अधिसूचित किया गया: सहकारी बैंक अब दिए गए ऋणों पर 85 प्रतिशत तक जोखिम कवरेज का लाभ उठा सकेंगे। सहकारी क्षेत्र के उद्यमों को भी अब सहकारी बैंकों से समपार्श्विक- मुक्त (कोलेटरल-फ्री) ऋण मिल सकेगा। योजना के अधीन सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) के रूप में सहकारी बैंकों के पंजीकरण के लिए सीजीटीएमएसई ने 5% सकल एनपीए या उससे कम को 7% सकल एनपीए या उससे कम पर युक्तिसंगत किया है।

40. सहकारी बैंकों के निदेशक मंडल के कार्यकाल को उसके गठन के अनुरूप (अधिकतम 10

लगातार वर्ष) करने के लिये बैंककारी विनियमन अधिनियम में संशोधन किया गया है।

41. प्राथमिकता क्षेत्र दिशानिर्देशों के तहत कृषि सहकारी समितियों (डेयरी) के लिए ऋण सीमा ₹5 करोड़ से बढ़ाकर ₹10 करोड़ की गई: भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिनांक 24.03.2025 के मास्टर निदेश द्वारा कृषि सहकारी समितियों (डेयरी) के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण की सीमा को ₹5 करोड़ से बढ़ाकर ₹10 करोड़ कर दिया है । यह कदम बैंकों को कृषि सहकारी समितियों (डेयरी) को अपने सदस्यों के उत्पादन की खरीद करने में अधिक ऋण सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

42. सहकार सारथी (साझा सेवा निकाय): ग्रामीण सहकारी बैंकों को प्रौद्योगिकीय सेवाएं प्रदान करने और उनके सशक्तीकरण के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के बाद सहकार सारथी (साझा सेवा निकाय) प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की गई है। इसने ग्रामीण सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए 15 सेवाएं लॉन्च की हैं।

43. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 07.10.2025 की अपनी अधिसूचना के माध्यम से ग्रामीण सहकारी बैंकों को अपने **एकीकृत ऑम्बड्समैन योजना** में शामिल किया है। इससे ग्रामीण सहकारी बैंकों के कार्यों में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी।

44. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 04.12 2025 के मास्टर निदेश द्वारा **राज्य सहकारी बैंकों** (StCBs) **और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों** (DCCBs) **को स्वचालित माध्यम से नई शाखाएं (अधिकतम 10) खोलने की अनुमति** प्रदान कर दी है। पात्रता के अध्यधीन राज्य सहकारी बैंक और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक अब बिना विलंब के अपनी नई शाखाएं खोल सकेंगे और अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे।

45. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 28.11.2025 के मास्टर निदेश द्वारा **ग्रामीण और शहरी सहकारी बैंकों को आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए वित्तीय मानदंडों में शिथिलता**

प्रदान की है । सकल एनपीए का 7% से कम होना और शुद्ध एनपीए का 3% से अधिक न होने एवं शुद्ध लाभ की शर्तों की पूर्वापेक्षाओं को हटा दिया गया है । अब सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को आसानी से आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर सकेंगे ।

46. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 04.12 2025 के मास्टर निदेश द्वारा व्यवसाय प्राधिकार के लिए **पात्रता शर्तें मानदंड (ईसीबीए) जारी किया है जो पूर्व के वित्तीय सुदृढ़ और सुप्रबंधित (एफएसडब्ल्यूएम) प्रावधानों को अधिक्रांत करेंगे ।** इन मानदंडों से विगत दो वर्षों में कोई **शास्ति के न होने से संबंधित उपबंध** को हटा दिया गया है । अब सहकारी बैंक आसानी से नई शाखाएं खोल सकेंगे और अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे ।

47. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 07.01.2026 के पत्र के माध्यम से **बैंककारी विनियमन अधिनियम की धारा 20** के संदर्भ में स्पष्टीकरण जारी किया है जिसके कारण ग्रामीण सहकारी बैंकों के निदेशकगण और उनसे संबंधित सहकारी समितियां, विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन अपने संबंधित **राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों से ऋण लेने के लिए अब पात्र हो गए हैं** ।

48. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 19.01.2026 की अधिसूचना के माध्यम से पीएसएल फ्रेमवर्क के **ऑन-लेंडिंग प्रावधानों के अधीन राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को पात्र संस्था** के रूप में शामिल किया है । अब बैंकों द्वारा एनसीडीसी को कृषि, आवासन, सामाजिक अवंसरचना, इत्यादि के लिए आगे सहकारी समितियों को ऑन-लेंडिंग हेतु दिया गया ऋण पीएसएल की श्रेणी के अधीन आएगा।

49. भारतीय रिजर्व बैंक ने **एनयूसीएफडीसी** को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42(2) के तहत एक वित्तीय वर्ष के दौरान चुकता पूंजी के लिए 200 अंशदाताओं की सीमा से **छूट** प्रदान की है।

50. भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्रामीण सहकारी बैंकों के लिए बीमा वितरण हेतु कॉर्पोरेट एजेंट बनने के लिए **₹50 करोड़ की नेटवर्थ की शर्त को हटा** दिया है ।

51. भारतीय रिजर्व बैंक ने अब आरसीएस के साथ समझौता ज्ञापन के संदर्भ की शर्तों को संशोधित करके यूसीबी के लिए **टीएएफसीयूबी को सशक्त** किया है। इससे कमजोर यूसीबी के पुनरुद्धार, उनके विलय और क्षमता निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

52. भारतीय रिजर्व बैंक ने **इफको जैसे निर्दिष्ट उधारकर्ताओं को** बैंकों से अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के 50% से अधिक (अतिरिक्त निधियां) उधार लेने के लिए छूट प्रदान की है।

53. कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की समिति ने भारत सरकार की **विभिन्न योजनाओं के तहत भागीदार संस्थानों के रूप में सहकारी बैंकों को शामिल करने** की सिफारिश की है। विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, जैसे पशुपालन और डेयरी विभाग ने भी सहकारी बैंकों को शामिल करने के लिए अपनी योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन किया है।

54. बीमा व्यवसाय शुरू करने के लिए सहकारी बैंकों को कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में ऑनबोर्ड करने के उद्देश्य से, सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों और सहकारी बैंकों से इफको की संयुक्त उद्यम कंपनी के साथ कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में जुड़ने का अनुरोध किया है।

55. साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम तथा तत्काल रिपोर्टिंग एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों और सहकारी बैंकों से **I4C और एनसीआरपी पोर्टलों पर ऑनबोर्ड** होने का अनुरोध किया है। 1200 से अधिक सहकारी बैंक I4C पर ऑनबोर्ड हो चुके हैं।

56. राष्ट्रीय सहकारिता नीति, 2025 के अधिदेश के अनुसरण में **नाबार्ड के अधीन एक टास्क फोर्स का गठन** किया गया है जो नीति निर्माण के लिए आवश्यक इनपुट्स प्रदान करेगा और ग्रामीण सहकारी बैंकिंग क्षेत्र द्वारा सामना की जा रही समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करेगा।

57. मंत्रालय ने NAFCUB के अधीन **'शहरी सहकारी बैंकों और सहकारी साख समितियों के रूपांतरण' पर एक टास्क फोर्स का गठन** किया है। इस कार्य बल ने तीन रिपोर्ट सौंप दी हैं।

58. मंत्रालय के अनुरोध पर, **नाबार्ड ने कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) में सुधारों, पुनर्गठन और नवाचार पर एक रिपोर्ट** सौंपी है।

59. मंत्रालय ने **नेशनल कोऑपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक्स फेडरेशन लिमिटेड (एनएएफसीआरडी) के लिए इरमा के माध्यम से** एक विस्तृत अध्ययन पूरा कर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप एक स्वीकृत कार्य योजना तैयार हुई है जो ऋण विस्तार का मार्गदर्शन करती है, गैर-कृषि क्षेत्र के कार्यकलापों को बढ़ावा देती है और सहकारी शासन को सशक्त करती है।

60. मंत्रालय ने **अमृत काल (2022-2047) में एनएएफएससीओबी की भूमिका को और बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक अध्ययन** पूरा कर लिया है। इसमें सहकारी क्रेडिट, डिजिटल एकीकरण, वित्तीय सेवाओं के विविधीकरण और संस्थागत सुदृढ़ीकरण के सुधारों की रूपरेखा दी गई है। सुशासन, राज्य-स्तरीय क्षमता निर्माण और समावेशी आउटरीच पर जोर देने के साथ, यह रोडमैप एनएएफएससीओबी को सहकारी बैंकिंग का नेतृत्व करने और पूरे भारत में सतत ग्रामीण विकास को गति देने के लिए तैयार करता है।

(ग) <u>सहकारी समितियों को आयकर अधिनियम में राहत</u>

61. एक करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक की आय वाली सहकारी समितियों के आयकर पर अधिभार को 12% से घटाकर 7% कर दिया गया है: ₹1 करोड़ से ₹10 करोड़ तक की आय वाली सहकारी समितियों के लिए अधिभार (Surcharge) की दर 12% से घटाकर 7% कर दी गई है। इससे सहकारी समितियों पर आयकर का बोझ कम होगा तथा उनके पास अपने सदस्यों के हित में कार्य करने के लिए अधिक पूंजी उपलब्ध होगी।

62. सहकारी समितियों के न्यूनतम वैकल्पिक कर (MAT) को 18.5% से घटाकर 15% किया गया: सहकारी समितियों के लिए न्यूनतम वैकल्पिक कर (MAT) की दर 18.5% से घटाकर 15% कर दी गई है। इस प्रावधान से अब इस संबंध में सहकारी समितियों और कंपनियों के बीच समरूपता

हो गई है।

63. आयकर अधिनियम की धारा 269ST के अधीन नकद लेनदेन में राहत: आयकरअधिनियम की धारा 269ST के अधीन सहकारी समतियों द्वारा नकद लेनदेन में हो रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार ने एक स्पष्टीकरण जारी कर यह स्पष्ट किया है कि किसी सहकारी समिति द्वारा अपने वितरक के साथ किसी एक दिन में किए गए 2 लाख रुपये से कम के नकद लेनदेन को पृथक माना जाएगा और उस पर आयकर जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

64. नई विनिर्माण सहकारी समितियों के लिए कर में कटौती: दिनांक 31 मार्च, 2024 तक विनिर्माण कार्य शुरू करने वाली नई सहकारी समितियों पर, पूर्व में लागू 30% तक की कर दर तथा अधिभार के स्थान पर, 15% की एक समान (फ्लैट) निम्न कर दर लागू की जाएगी। इससे विनिर्माण क्षेत्र में नई सहकारी समितियों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा।

65. प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) और प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (PCARDBs) द्वारा नकद जमा राशि एवं भुगतान की सीमा में वृद्धि: प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) तथा प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (PCARDBs) के लिए नकद जमा एवं भुगतान की सीमा प्रति सदस्य ₹20,000 से बढ़ाकर ₹2 लाख कर दी गई है। इससे उनके कार्यकलापों को सुगमता मिलेगी, उनके व्यवसाय में वृद्धि होगी तथा उनकी समितियों के सदस्यों को लाभ मिलेगा।

66. प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) और प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (PCARDBs) द्वारा नकद ऋण की सीमा और नकद ऋण चुकौती की सीमा में वृद्धि:

प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) तथा प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (PCARDBs) के लिए नकद में ऋण की सीमा और नकद ऋण चुकौती की सीमा को प्रति सदस्य

₹20,000 से बढ़ाकर ₹2 लाख कर दी गई है। इससे उनके प्रचालन संबंधी कठिनाइयों तथा अनुपालन (Compliance) के बोझ में कमी आएगी।

67. नकद निकासी पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की सीमा में वृद्धि: सहकारी समितियों के लिए स्रोत पर कर कटौती (TDS) के बिना नकद निकासी की सीमा ₹1 करोड़ प्रति वर्ष से बढ़ाकर ₹3 करोड़ प्रति वर्ष कर दी गई है। इससे सहकारी समितियों के नकदी प्रवाह में वृद्धि होगी।

68. करदाताओं को वस्तुओं की खरीद के संबंध में निम्न या शून्य स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाणपत्र प्राप्त करने में सक्षम करना: आयकर उपबंधों के अधीन, वस्तुओं की खरीद के लिए किए गए भुगतानों पर भुगतानकर्ता (Payer) को स्रोत पर कर कटौती (TDS) करना आवश्यक होता है । दिनांक 01.04.2025 से प्राप्तकर्ता (Payee) को निम्न/शून्य कर कटौती प्रमाणपत्र (Low/Nil Deduction Certificate) प्राप्त करने का विकल्प प्रदान किया गया है। इससे वस्तुओं की खरीद के लिए किए गए भुगतानों पर टीडीएस संबंधी अनुपालन (Compliance) का बोझ कम होगा।

69. धारा 206C(1H) के अधीन वस्तुओं के विक्रय पर टीसीएस को अप्रभावी बनाया गया: वस्तुओं के विक्रय पर टीसीएस एकत्र करने की आवश्यकता दिनांक 1 अप्रैल 2025 से हटा लिया गया है।

70. प्राथमिक सहकारी समितियों को अपने सदस्यों द्वारा उत्पादित पशु चारा और कपास के बीजों की आपूर्ति पर कटौती की अनुमति: वर्तमान में उन सहकारी समितियों को, जो अपने सदस्यों द्वारा उगाए गए या उत्पादित दूध, तिलहन, फल अथवा सब्जियों की आपूर्ति किसी संघीय सहकारी समिति तथा ऐसे समान कार्यकलाप से जुड़े अन्य संस्थाओं को करती हैं, उनके लाभ एवं आय पर कटौती की अनुमति प्रदान की जाती है। यह कटौती अब उनके सदस्यों द्वारा उत्पादित पशु आहार तथा कपास के बीज की आपूर्ति पर भी प्रदान की गई है। सदस्यों द्वारा उत्पादित पशु आहार तथा कपास के बीज की आपूर्ति से प्राप्त लाभ पर कटौती प्रदान करने से प्राथमिक सहकारी समितियों को

अपने कार्यकलापों का विविधीकरण करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे जमीनी स्तर पर मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा, किसान-सदस्यों की निविष्टि लागत में कमी आएगी तथा उनकी शुद्ध आय में वृद्धि और उन्हें बेहतर आजीविका सुरक्षा प्राप्त होगी।

71. नई कर व्यवस्था के अधीन अंतर-सहकारी समिति लाभांश में सदस्यों का आगे वितरित किए जाने की सीमा तक कटौती की अनुमति: पुरानी कर व्यवस्था के अंतर्गत एक सहकारी समिति को किसी अन्य सहकारी समिति से प्राप्त लाभांश पर कटौती की अनुमति थी। इसी प्रकार, नई कर व्यवस्था के अंतर्गत भी यह कटौती उस सीमा तक अनुमन्य की गई है, जिस सीमा तक लाभांश को आगे सदस्यों को वितरित किया जाता है। यह राहत सहकारी संरचना में दोहरे कराधान से बचाव करेगी।

72. दिनांक 31.01.2026 तक निवेश करने के संबंध में अधिसूचित राष्ट्रीय सहकारी परिसंघों द्वारा प्राप्त लाभांश में सदस्यों को आगे वितरित किए जाने की सीमा तक तीन वर्षों की अवधि के लिए कटौती: दिनांक 31.01.2026 तक किए गए निवेशों पर अधिसूचित राष्ट्रीय सहकारी परिसंघों को प्राप्त लाभांश पर, उसे आगे सदस्यों में वितरित किए जाने की सीमा तक, वर्ष 2028-29 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए कटौती की अनुमति प्रदान की गई है। यह राहत सहकारी संरचना के भीतर दोहरे कराधान को रोकने में सहायक होगी।

73. बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन पंजीकृत सहकारी समितियों को "सहकारी समिति" की परिभाषा में शामिल किया जाना: "बहु-राज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002" के अधीन पंजीकृत सहकारी समितियों को अधिनियम में "सहकारी समिति" की परिभाषा के अंतर्गत स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। इससे ऐसी सहकारी समितियां सुचारू रूप से कर लाभ और प्रोत्साहन प्राप्त कर सकेंगी, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में प्रचालनरत बहुराज्य सहकारी समितियों का सशक्तीकरण होगा।

(घ) <u>सहकारी चीनी मिलों का पुनरुद्धार</u>

74. सहकारी चीनी मिलों को आयकर से राहत: सरकार ने एक स्पष्टीकरण जारी कर यह स्पष्ट किया है कि सहकारी चीनी मिलों को अप्रैल, 2016 से गन्ना किसानों को गन्ने के उच्चतर मूल्य का भुगतान करने पर उचित एवं लाभकारी मूल्य या राज्य सलाह मूल्य तक कोई अतिरिक्त कर नहीं देना पड़ेगा।

75. सहकारी चीनी मिलों के आयकर से संबंधित दशकों पुरानी लंबित मुद्दों का समाधान: सरकार ने अपने केंद्रीय बजट 2023-24 में यह प्रावधान किया है कि सहकारी चीनी समितियों को आकलन वर्ष 2016-17 से पूर्व की अवधि में गन्ना किसानों को किए गए भुगतानों को व्यय के रूप में दावा करने की अनुमति होगी जिससे उन्हें 46,000 करोड़ रुपये से भी अधिक की राहत मिलेगी।

76. सहकारी चीनी मिलों के सशक्तीकरण के लिए 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना: सरकार ने एथेनॉल संयंत्र या कोजेनरेशन संयंत्र स्थापित करने या कार्यशील पूंजी के लिए या फिर तीनों प्रयोजनों के लिए एनसीडीसी के माध्यम से एक योजना आरंभ की है। मंत्रालय ने इस योजना के अधीन एनसीडीसी को 1000 करोड़ रुपये (वित्तीय वर्ष 2022-23 में 500 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 500 करोड़ रुपये) जारी किए और एनसीडीसी ने 56 सहकारी चीनी मिलों को 10,005 करोड़ रुपये के ऋण संवितरित किए हैं।

77. एथेनॉल की खरीद में सहकारी चीनी मिलों को प्राथमिकता: भारत सरकार द्वारा एथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम (ईबीपी) के अधीन एथेनॉल की खरीद में सहकारी चीनी मिलों को अब निजी कंपनियों के समरूप रखा गया है।

78. शीरा आधारित एथेनॉल संयंत्रों को मल्टी-फीड एथेनॉल संयंत्रों मे परिवर्तित करके सहकारी चीनी मिलों को सशक्त करना: सहकारिता मंत्रालय ने नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज़ लि. (NFCSFL) के परामर्श से सहकारी चीनी मिलों (CSMs) के मौजूदा

शीरा आधारित एथेनॉल संयंत्रों को मल्टी-फीड एथेनॉल संयंत्रों में परिवर्तित करने की पहल की है। सहकारी चीनी मिलें एथेनॉल उत्पादन संयंत्र स्थापित करके शीरा और शुगर सिरप से भी एथेनॉल का उत्पादन करती हैं। तथापि, एथेनॉल के उत्पादन के लिए कच्चे माल, अर्थात शीरा और शुगर सिरप की उपलब्धता कई कारणों से सीमित हैं, जैसे शुगर सिरप के डायवर्जन पर सरकारी नीति, एथेनॉल के उत्पादन के लिए B-heavy शीरा और गन्ना पेराई मौसम की अवधि तथा वर्षा पर निर्भर गन्ने की उपलब्धता, आदि। सीमित करने वाले इन कारकों के चलते एथेनॉल संयंत्र वाली सहकारी चीनी मिलें पूरे वर्ष अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर पाती हैं। भारत सरकार ने एथेनॉल उत्पादन के लिए मक्का को प्राथमिकता दी है, इसलिए यह सहकारी चीनी मिलों के लिए उचित है कि वे अपने मौजूदा एथेनॉल उत्पादन संयंत्रों को मल्टी-फीड एथेनॉल उत्पादन संयंत्रों में बदलें जिससे वे मक्का को कच्चे माल के रूप में उपयोग करके एथेनॉल का उत्पादन कर सकें। जहां एनसीडीसी ने इस उद्देश्य हेतु ऋण प्रदान करने पर सहमति दी है वहीं खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (DFPD) ने विशेष रूप से सहकारी चीनी मिलों के लिए उनके ऋण पर 6% प्रति वर्ष या वास्तविक ब्याज का 50%, जो भी कम हो, की दर से 5 वर्षों की अवधि के लिए ब्याज अनुदान प्रदान करने की एक योजना शुरू की है। इसके अतिरिक्त, तेल विपणन कंपनियां (OMCs) सहकारी चीनी मिलों को पहली प्राथमिकता देंगे जो एथेनॉल प्रापण में ब्याज अनुदान योजना से लाभान्वित होंगी और एकल फीडस्टॉक से बहु-फीडस्टॉक की ओर रूपांतरित हो सकेंगी।

79. शीरा पर जीएसटी को 28% से घटाकर 5% किया गया: सरकार ने शीरा पर जीएसटी को 28% से घटाकर 5% करने का निर्णय लिया है जिससे सहकारी चीनी मिलें डिस्टिलरियों को उच्चतर दरों पर शीरा की बिक्री करके अपने सदस्यों के लिए अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे।

80. बंद सहकारी चीनी मिलों का पुनरुद्धार: गुजरात के तलाला, कोडिनार और वलसाड स्थित 3 बंद सहकारी चीनी मिलों के पुनरुद्धार एवं आधुनिकीकरण के लिए इंडियन पोटाश लिमिटेड (IPL)

ने लगभग ₹305 करोड़ का निवेश किया है तथा इन मिलों में पुनः कार्य शुरू करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। इंडियन पोटाश लिमिटेड ने इन मिलों पर स्थानीय सहकारी बैंकों के लगभग ₹300 करोड़ के बकाया ऋण का भुगतान किया जिसके फलस्वरूप राज्य एवं जिला स्तर के सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों, विक्रेताओं, किसानों और सांविधिक निकायों के ₹40.09 करोड़ के लंबित बकायों का भी निपटान किया गया। गन्ना क्षेत्र के विस्तार तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत गन्ना किस्मों को बढ़ावा दिया गया जिससे हजारों किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था लाभान्वित हुए। गुजरात में इस मॉडल की सफलता के बाद, ओडिशा की बडंबा सहकारी चीनी मिल के पुनरुद्धार हेतु इंडियन पोटाश लिमिटेड (IPL) और ओडिशा सरकार के बीच लगभग ₹360 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।.

(ङ) <u>तीन नई राष्ट्र-स्तरीय बहुराज्य सहकारी समितियां</u>

81. प्रमाणित बीजों हेतु नई राष्ट्रीय बहु-राज्य सहकारी बीज समिति: सरकार ने बहु-राज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) नामक एक नई शीर्ष बहुराज्य सहकारी बीज समिति लिमिटेड की स्थापना की है जो एक अम्ब्रेला संगठन के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न मंत्रालयों की योजनाओं एवं नीतियों का लाभ उठाकर पैक्स के माध्यम से बीजों की दोनों पीढ़ियों, अर्थात् बुनियादी और प्रमाणित बीजों के उत्पादन, परीक्षण, प्रमाणीकरण, प्रापण, प्रसंस्करण, भंडारण, ब्रांडिंग, लेबलिंग और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगी। BBSSL ने 19,407 किसानों की भागीदारी से 16,877 हेक्टेयर क्षेत्र में 15 फसलों के लिए 6,07,620 क्विंटल उन्नत बीजों का उत्पादन किया है। "भारत बीज" ब्रांड के अंतर्गत, BBSSL ने विभिन्न फसल किस्मों के 3,18,572 क्विंटल उन्नत बीजों का वितरण किया है। समिति ने बीज उत्पादन, विपणन तथा संबद्ध कार्यकलापों के प्रचालन के लिए 17 राज्यों में बीज लाइसेंस प्राप्त किए

हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, BBSSL ने आठ रणनीतिक समझौता ज्ञापन (MoUs) एवं सहयोग व्यवस्थाएं में प्रवेश किया, जिनमें बीज क्षेत्र के अनुसंधान और विकास हेतु ICRISAT, सहकारिता-आधारित बीज आलू इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने हेतु बनस डेयरी, पारंपरिक और स्वदेशी बीज किस्मों के संरक्षण, शुद्धीकरण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु SSIAST तथा IRDF, संकर मक्का उत्पादन हेतु IARI–IIMaizeR, महिला किसान सशक्तीकरण हेतु FDRVC, तथा सहकारी और संस्थागत नेटवर्कों के माध्यम से बीज उत्पादन, विपणन एवं वितरण हेतु NSCL और NAFED के साथ समझौता ज्ञापन और सहयोग व्यवस्था शामिल हैं। BBSSL देश में सर्वाधिक सदस्यता वाली सहकारी समिति के रूप में भी उभरी है जिसमें वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान 37,206 सदस्य सहकारी समितियाँ थीं, जो अभी बढ़कर 38,665 हो गई है।

82. जैविक खेती हेतु नई राष्ट्रीय बहु-राज्यीय सहकारी जैविक समिति: सरकार ने बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) नामक एक नई शीर्ष बहुराज्य सहकारी ऑर्गेनिक समिति की स्थापना की है जो एक अम्ब्रेला संगठन के रूप में कार्य करते हुए अपने सदस्य सहकारी समितियों, जिनमें पैक्स (PACS) और एफपीओ (FPOs) शामिल हैं, के माध्यम से जैविक उत्पादों के एकत्रीकरण, प्रमाणीकरण, परीक्षण, प्रापण, भंडारण, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, लेबलिंग, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक सुविधाओं तथा विपणन के लिए संस्थागत सहायता प्रदान करती है। साथ ही, यह जैविक किसानों के लिए वित्तीय सहायता की व्यवस्था करने तथा जैविक उत्पादों के प्रचार एवं विकासात्मक गतिविधियों को भी सुगम बनाती है। अब तक 14,286 पैक्स/सहकारी समितियाँ NCOL की सदस्य बन चुकी हैं। NCOL ने अपने उत्पादों को “भारत ऑर्गेनिक्स” ब्रांड नाम के अंतर्गत लॉन्च किया है तथा अब तक 29 जैविक उत्पाद (अरहर दाल, भूरा चना, चना दाल, काबुली चना, मसूर मलका, मसूर टूटा, मसूर साबुत, मूंग धुली, मूंग

टूटा, मूंग साबुत, राजमा चित्रा, उड़द दाल, उड़द दाल गोटा (सफेद), उड़द दाल टूटा, उड़द दाल साबुत, आटा, गुड़ क्यूब, गुड़ पाउडर, ब्राउन शुगर, खांडसारी शुगर, बेसन, एप्पल साइडर विनेगर, काजू, अखरोट गिरी, कश्मीरी बादाम मामरा, पारंपरिक ब्राउन बासमती चावल, पारंपरिक सफेद बासमती चावल, मर्तबान में गुड़ क्यूब तथा भारत ऑर्गेनिक्स A2 देसी गाय का घी) दिल्ली-एनसीआर एवं बेंगलुरु में उपलब्ध हैं।

भारत ऑर्गेनिक्स के उत्पादों का मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में 245 से अधिक कीटनाशकों के लिए 100 प्रतिशत बैच परीक्षण किया जाता है। उपभोक्ताओं तक पहुँच को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, NCOL ने डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (D2C) पोर्टल एवं मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से देशभर के 20,000 से अधिक पिनकोड क्षेत्रों में उत्पादों की डिलीवरी संभव हुई है। NCOL ने अपने उत्पादों को Zepto, Blinkit, Swiggy, BigBasket तथा Amazon जैसे प्रमुख डिजिटल एवं क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर भी सफलतापूर्वक उपलब्ध कराया है, जिससे उच्च-विकास वाले उपभोक्ता वर्गों तक पहुँच सुनिश्चित हुई है।

83. निर्यात को बढ़ावा देने हेतु नई राष्ट्रीय बहुराज्य सहकारी निर्यात समिति: सरकार ने बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन एक नई शीर्ष बहुराज्य सहकारी निर्यात समिति, अर्थात् राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (NCEL) की स्थापना एक अम्ब्रेला संगठन के रूप में की है जो भारतीय सहकारी क्षेत्र में उपलब्ध अधिशेष उत्पादों एवं सेवाओं का देश की भौगोलिक सीमाओं से परे व्यापक बाजारों तक पहुंच बनाकर निर्यात करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे वैश्विक स्तर पर भारतीय सहकारी उत्पादों/सेवाओं की मांग बढ़े तथा इनके लिए सर्वोत्तम संभव मूल्य प्राप्त हो सके। यह प्रापण, भंडारण, प्रसंस्करण, विपणन, ब्रांडिंग, लेबलिंग, पैकेजिंग, प्रमाणीकरण, अनुसंधान और विकास, आदि सहित विभिन्न कार्यकलापों तथा सहकारी समितियों द्वारा उत्पादित सभी प्रकार की वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार के माध्यम से निर्यात को प्रोत्साहित करेगी। अब तक

16,408 पैक्स/सहकारी समितियां NCEL की सदस्य बन चुकी हैं। NCEL द्वारा अब तक 38 देशों को चावल, गेहूं, मक्का, चीनी, प्याज, जीरा आदि 54 कृषि जिंसों का लगभग 15.40 लाख मीट्रिक टन निर्यात किया गया है, जिसका कुल मूल्य 6,341 करोड़ रुपये है। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान NCEL द्वारा अपनी सदस्य सहकारी समितियों को 20% लाभांश प्रदान किया गया है।

84. बीज अनुसंधान केंद्र (BAK) की स्थापना: माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने दिनांक 6 अप्रैल 2025 को कलोल, गुजरात में एक अत्याधुनिक बीज अनुसंधान केंद्र की आधारशिला रखी। यह "बीज अनुसंधान केंद्र" किसानों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार और समावेशी विकास को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करेगा। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (ICRISAT), इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) ने दिनांक 3 जून 2025 को इस केंद्र की स्थापना के लिए एक त्रिपक्षीय सेवा समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए हैं

85. केले के लिए टिश्यू कल्चर सुविधाएं स्थापित करने की पहल: केले की वर्षभर उपलब्धता, किफायत, स्वाद, पोषण मूल्य और औषधीय गुणों के कारण इसकी देश और विदेश, दोनों में उच्च मांग है और इसके निर्यात की भी अपार संभावनाएं हैं। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों में केले के लिए टिश्यू कल्चर सुविधा (TCF) स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन सुविधाओं के माध्यम से, बीबीएसएसएल 'true to the type' मातृ पौधों का अनुरक्षण करेगा, टिश्यू कल्चर से तैयार केले के पौधे/रोपण सामग्री का उत्पादन करेगा, और किसानों को 100% रोगमुक्त पौधे/रोपण सामग्री वितरित करेगा। इससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उनकी आय में संधारणीय वृद्धि होगी।

86. आलू के लिए टिश्यू कल्चर सुविधाएं स्थापित करने की पहल: भारतीय बीज सहकारी

समिति लिमिटेडऔर बनस डेयरी के बीच गुजरात और उत्तर प्रदेश में आलू के टिश्यू कल्चर को प्रोत्साहित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

87. पारंपरिक प्राकृतिक बीजों के संरक्षण और संवर्धन की पहल: रसायन-मुक्त भारतीय पारंपरिक प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों की बढ़ती रुचि के चलते पारंपरिक प्राकृतिक बीजों की मांग में संभावित रूप से वृद्धि होगी। अतः, इन बीजों के संरक्षण, पुनरुत्पादन और संवर्धन के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता है । "भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL)" ने खाद्यान्न, सब्जियों, फलों, आदि के बीजों तक सीमित न रहते हुए देशी पौधों की किस्मों के प्राकृतिक बीजों की पहचान करने और उनके संरक्षण, संवर्धन, प्रजनन, उत्पादन, वितरण, प्रोत्साहन तथा इससे संबंधित सभी प्रकार के कार्यकलापों के लिए एक प्रणाली विकसित करने की पहल की है । प्राकृतिक स्वदेशी बीजों के प्रोत्साहन के क्षेत्र में कार्यरत राज्य सरकारों एवं तकनीकी संस्थानों से अनुरोध किया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने हेतु BBSSL को हर संभव प्रशासनिक, संस्थागत और तकनीकी सहयोग प्रदान करें।

(च) <u>सहकारी समितियों में क्षमता निर्माण</u>

88. सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना: सहकारिता मंत्रालय ने इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आणंद (इरमा) को परिवर्तित करके सहकारी क्षेत्र में "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी (टीएसयू) नामक राष्ट्रीय स्तर के एक विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इसे संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित एवं घोषित किया गया है।

इस संबंध में, "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 को लोकसभा तथा राज्यसभा में क्रमश: 26 मार्च 2025 और 1 अप्रैल 2025 को पारित किया गया था। इसके अलावा, अधिनियम के प्रवृत्त होने और विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु राजपत्र अधिसूचना दिनांक 4 अप्रैल, 2025 को जारी की गई जिसके अनुसार विश्वविद्यालय की स्थापना 6 अप्रैल, 2025 से प्रभावी मानी गई।

चूंकि, इस विश्वविद्यालय की स्थापना एक तत्कालीन संस्थान को परिवर्तित करके की गई थी, अतः यह तत्काल प्रभाव से कार्यशील हो गया है। इसके अलावा, अतिरिक्त अवसंरचना निर्माण के लिए गुजरात सरकार द्वारा 50 वर्षों के पट्टे पर भूमि भी आबंटित कर दी गई है और दिनांक 5 जुलाई, 2025 को विश्वविद्यालय के नए भवन का शिलान्यास भी कर दिया गया है।

इसके अलावा, दिनांक 12.06.2026 को विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति को नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय के नियमित वित्त अधिकारी और कुलसचिव की भी नियुक्ति क्रमश: दिनांक 27.02.2026 और 15.04.2026 को की जा चुकी है। विश्वविद्यालय के शासी बोर्ड और कार्यकारी परिषद का गठन भी कर दिया गया है और विश्वविद्यालय के परिनियम मंत्रालय द्वारा अधिसूचित कर दिए गए हैं। इसके अलावा, टीएसयू द्वारा यूनिवर्सिटी के अध्यादेश भी अधिसूचित कर दिए गए हैं।

89. "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी (TSU) द्वारा नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत और संबद्धता: "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी ने वर्ष 2025-26 शैक्षणिक वर्ष के दौरान तीन नए एमबीए कार्यक्रमों (कृषि व्यवसाय प्रबंधन, सहकारी प्रबंधन तथा सहकारी बैंकिंग और वित्त) की शुरूआत की है।

इसके अलावा, इस विश्वविद्यालय ने तीन बाह्य कैंपस शुरू किए हैं। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से इन कैंपसों में एमबीए (विकास प्रबंधन और सहकारिता) कार्यक्रम प्रदान किया जाएगा। इन कैंपसों को ब्योरा निम्नानुसार है:

- भुवनेश्वर, ओडिशा
- गांधीनगर, गुजरात
- गडग, कर्नाटक

इस विश्वविद्यालय से संबद्धता के संबंध में वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकॉम),

पुणे सहित 16 संस्थानों को संबद्ध किया गया है।

90. अध्ययन बोर्ड और अध्ययन उप-बोर्ड: त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय सहकारिता नीति, 2025 के अनुरूप पाठ्यक्रमों के मानकीकरण एवं आवधिक समीक्षा हेतु मुख्यालय स्तर पर एक अध्ययन बोर्ड तथा संस्थान स्तर पर अध्ययन उप-बोर्डों की परिकल्पना की गई है। इस पहल का लक्ष्य पाठ्यक्रम में एकरूपता सुनिश्चित करना, शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न राज्यों में स्थित राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद के सभी संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए समान अधिगम परिणामों को प्रोत्साहित करना है।

तदनुसार, सहकारिता मंत्रालय के अपर सचिव (सीटीपी) की अध्यक्षता में फरवरी, 2026 में मुख्यालय स्तर पर अध्ययन बोर्ड का गठन किया गया। इसके साथ ही, एनसीसीटी के सभी संस्थानों द्वारा अपने-अपने स्तर पर अध्ययन उप-बोर्डों का भी गठन किया गया है।

91. एक लाख पैक्स सचिवों का प्रशिक्षण और प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम: सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद द्वारा एक लाख प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों के सचिवों के क्षमता निर्माण हेतु एक व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पैक्स के सचिवों को आवश्यक प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक दक्षताओं से सुसज्जित करना है, जिससे वे अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें, व्यावसायिक कार्यकलापों में विविधीकरण को प्रोत्साहित कर सकें तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों को सुदृढ़ बना सकें।

इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विस्तृत प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं अध्ययन सामग्री तैयार की गई है। कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिनांक 24-25 मार्च, 2026 को पुणे स्थित वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकॉम) में राष्ट्रीय स्तर के 'प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण' (ToT) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसीटी के विभिन्न संस्थानों के 43 संकाय सदस्यों को

मास्टर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया गया। तदोपरांत, वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान जिला स्तर पर पैक्स सचिवों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने प्रस्तावित हैं

92. iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर ई-लर्निंग पाठ्यक्रमों का विकास: सहकारिता मंत्रालय के निदेशानुसार, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद द्वारा iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर अपलोड किए जाने हेतु 12 पाठ्यक्रम चिह्नित कर प्रस्तावित किया गया है। इनमें से 7 पाठ्यक्रमों को iGOT कर्मयोगी द्वारा सामग्री विकास हेतु अनुमोदित किया गया है। तदनुसार, एनसीसीटी ने अपने विभिन्न संस्थानों के विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से अनुमोदित पाठ्यक्रमों की विषय-वस्तु विकसित की। विकसित सामग्री को वीडियो-आधारित ई-लर्निंग पाठ्यक्रमों में रूपांतरित किए जाने हेतु iGOT कर्मयोगी द्वारा सूचीबद्ध एजेंसियों को दिया गया है। जून, 2026 माह के दौरान, सभी 7 पाठ्यक्रमों को iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध और लाइव करा दिया गया है।

93. एनसीसीटी में ई-ऑफिस प्रणाली का कार्यान्वयन : राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद मुख्यालय तथा इसके सभी प्रशिक्षण संस्थानों में VPN कनेक्टिविटी के माध्यम से ई-ऑफिस प्रणाली के सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है जिससे निर्बाध, पारदर्शी एवं कागजरहित निष्पादन सुनिश्चित हुआ है। ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारु क्रार्यान्वयन एवं प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु सभी संस्थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशासन प्रभाग द्वारा प्रणाली का निर्बाध कार्यकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रचालनात्मक एवं तकनीकी समस्याओं का सक्रियतापूर्वक समाधान किया जा रहा है।

94. सहकारिता मंत्रालय ने एग्रीकल्चरल फाइनेंस कॉरपोरेशन (AFC) इंडिया लि. के माध्यम से नेशनल लेबर कोऑपरेटिव फेडरेशन (NLCF) पर एक व्यापक राष्ट्र-स्तरीय अध्ययन पूरा किया है जिसके द्वारा NLCF को बेहतर अवसंरचना, विविध सेवाओं और मजबूत प्रशिक्षण पहलों के साथ एक

व्यवसाय-चालित इकाई के रूप में स्थापित करने की रणनीतिक सिफारिशें की है।

95. मंत्रालय ने अपने द्वारा किए गए उपायों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन पूरा कर लिया है, जिससे लिनाक के माध्यम से सहकारी क्षेत्र की मजबूती और समावेशिता को और बढ़ाने के लिए कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि उत्पन्न होगी।

96. सहकारिता मंत्रालय ने अमृत काल (2022-2047) के दौरान भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ की विकास क्षमता का आकलन करने के लिए एक रणनीतिक अध्ययन शुरू करवाया है जिसे एग्रीकल्चरल फाइनेंस कॉरपोरेशन (AFC) इंडिया लि. द्वारा संचालित किया जाएगा। इस अध्ययन का लक्ष्य बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम की धारा 24 का अनुपालन सुनिश्चित करना, सहकारी शिक्षा का आधुनिकीकरण करना, 25 वर्षीय विकास रोडमैप तैयार करना और एनसीयूआई के शासन, आउटरीच, प्रशिक्षण अवसंरचना और सहकारी क्षेत्र के देशव्यापी विकास में उसकी भूमिका को मज़बूत करना है।

97. सहकारिता मंत्रालय ने अमृत काल (2022-2047) के दौरान नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशर्स कोऑपरेटिव्स लिमिटेड (FISHCOPFED) के व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के लिए AFC इंडिया लि. के माध्यम से एक राष्ट्रीय अध्ययन शुरू किया है। इसका लक्ष्य विविधीकरण, शासन सुधार, डिजिटल पहुंच और सहकारी सशक्तीकरण के माध्यम से 25% की वृद्धि प्राप्त करना है। छह राज्यों और हितधारकों के विभिन्न स्तरों को शामिल करते हुए यह अध्ययन मात्स्यिकी सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण और देश भर में उनके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए रणनीतिक योजनाएं तैयार करेगा।

98. भारत में सहकारिता पर विशेष मॉड्यूल: सहकारिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) के समन्वय से राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद ने माध्यमिक स्तर के स्कूली छात्रों के लिए सहकारिता पर एक विशेष मॉड्यूल तैयार किया है

जिसे माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 5 जुलाई, 2025 को लॉन्च किया गया। इस पहल का लक्ष्य छात्रों को सहकारी समितियों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका के प्रति जागरूक करना है। यह छात्रों को सहकारिता क्षेत्र को करियर के एक विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करता है। छात्रों के लिए यह मॉड्यूल एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

99. विद्यालयों में सहकारी समितियां: एनसीसीटी द्वारा, सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप, एनसीईआरटी ने कक्षा VI के स्कूली पाठ्यक्रम में सहकारिता पर एक अध्याय शामिल किया है, जिससे विद्यार्थियों को सहकारिता आंदोलन के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्राप्त हो सकेगी। सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार, एनसीसीटी ने कक्षा VI से X तक के विद्यार्थियों के लिए एनईपी के अनुरूप, आयु-उपयुक्त एवं क्षेत्र-विशिष्ट सहकारिता पर विशेष मॉड्यूल विकसित करने हेतु एक समिति का गठन किया है। डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र पर प्रारूप मॉड्यूल तैयार कर एनसीईआरटी को परीक्षण/सत्यापन हेतु भेजे जा चुके हैं। पीएसीएस, हथकरघा एवं हस्तशिल्प तथा आवास पर तीन मॉड्यूल तैयार किए जा रहे हैं।

100. वित्त का सशक्तीकरण: सहकारिता मंत्रालय द्वारा एनसीसीटी हेतु एक नया ऑब्जेक्ट शीर्ष 'सहायता अनुदान सामान्य' खोला गया है जिससे एनसीसीटी, सहकारिता को सशक्त करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए सहकारी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों को निरंतरतापूर्वक कर सकेगा। पूर्व में प्रशिक्षण प्रयोजन हेतु अधिकांश निधि प्रशिक्षण और विकास फंड (TDF), जो मूलतः भवन मरम्मत एवं अवसंरचना विकास के लिए है, से ली जाती थी। चूंकि, यह लंबे समय तक व्यवहार्य नहीं था अतः, नए शीर्ष के खोले जाने से टीडीएफ पर दबाव कम होगा और वह अपने मूल उद्देश्य में प्रयुक्त होने के लिए उपलब्ध रहेगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, सहकारिता मंत्रालय द्वारा एनसीसीटी को सहायता अनुदान (सामान्य) के अंतर्गत एक पृथक शीर्ष आबंटित किया गया था। इसके अलावा, सार्वजनिक वित्तीय

प्रबंधन प्रणाली (PFMS) को देश भर में एनसीसीटी के सभी प्रशिक्षण संस्थानों में पूर्णत: लागू किया गया है जिससे वित्तीय पारदर्शिता, दक्षता और निधि उपयोग की रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित होती है।

101. एनसीसीटी के प्रत्येक संस्थान के लिए भवन अवसंरचना विकास कार्यों की समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु भवन उप-समिति का गठन किया गया है

102. प्रशिक्षण विकास फंड/भवन फंड का उपयोग: विभिन्न संस्थानों को उनके प्रशिक्षण विकास फंड/भवन फंड का उपयोग भवन अवसंरचना की मरम्मत/नवीनीकरण तथा अचल संपत्तियों (कार्यालय उपस्करों, आदि) की खरीद करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

103. वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकॉम), पुणे के मौजूदा अवसंरचना में एक नया तीन मंजिला अंतरराष्ट्रीय छात्रावास भवन शामिल किया गया है, जिसमें प्रतिभागियों के लिए 50 ट्विन-शेयरिंग कमरे एवं 3 वीआईपी सुइट्स हैं। छात्रावास में रसोईघर, भोजन कक्ष, वाचनालय, 50 सीटों का क्लास, चर्चा कक्ष, व्यायामशाला तथा कार्यालय कक्ष भी हैं। यह भवन सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त ₹30 करोड़ की पूंजी अनुदान से निर्मित किया गया है।

104. नए पाठ्यक्रम: वैमनीकॉम द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए AICTE, नई दिल्ली से संबद्ध पीजीडीएम- सहकारिता के एक नए कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसमें 30 विद्यार्थियों की प्रवेश क्षमता है

105. पायलट परियोजना – पैक्स हेतु समग्र प्रशिक्षण: पैक्स के सदस्यों, निदेशक मंडल, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों/सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए चार राज्यों के चार जिलों, अर्थात ऊना (हिमाचल प्रदेश), जोधपुर (राजस्थान), संबलपुर (ओडिशा) और थेनी (तमिलनाडु) में एक पायलट परियोजना चलाई गई । इस प्रशिक्षण में सहकारी समितियों की अवधारणाएं एवं लाभ, उपर्युक्त वर्णित सहकारी कार्मिकों की श्रेणियों की भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्व, आदर्श उपविधियों के

साथ व्यवसाय विविधीकरण के अवसर, इत्यादि जैसे विषय शामिल किए गए। इस परियोजना के अधीन 4 राज्यों में 284 पैक्स से संबंधित कुल 85,219 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इन प्रशिक्षणों के फोटो और सामग्री को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डालकर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

106. सीएससी पोर्टल पर पैक्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम: एनसीसीटी ने सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सीएससी पोर्टल पर ऑनबोर्ड हुए पैक्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य 30,000 पैक्स के सचिवों/कंप्यूटर ऑपरेटरों को सीएससी पोर्टल की 300 सेवाओं के माध्यम से प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के व्यावसायिक कार्यकलापों में विविधता लाने के लिए प्रशिक्षित करना था। इसके तहत कुल 649 कार्यक्रम संचालित किए गए और 25 राज्यों के 564 जिलों से आए 30271 पैक्स प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया

सचिव, सहकारिता मंत्रालय की हालिया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पहले से ऑनबोर्ड हुए 9007 पैक्स को सक्रिय करने के लिए एनसीसीटी के सहयोग से सीएससी एक अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम कराने के साथ-साथ 15,548 पैक्स को सीएससी पोर्टल पर ऑनबोर्ड कराने के लिए भी प्रशिक्षण कराएगा। यह पहल सीएससी के साथ विचार-विमर्श के चरण पर है, पैक्स की पहचान की जा रही है तथा सीएससी के परामर्श से प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्य तौर-तरीकों पर कार्रवाई की जा रही है।

107. नवस्थापित बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम: सहकारिता मंत्रालय के अनुमोदन से एनसीसीटी ने दिनांक 27.06.2025 से प्रत्येक नवस्थापित बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (एमपैक्स) के पांच कार्मिकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं।

दिनांक 31.03.2026 के अनुसार एनसीसीटी के संस्थानों द्वारा 254 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए हैं जिनमें 17 राज्यों के 203 जिलों में 2,502 से अधिक पैक्स के 11,399 प्रतिभागियों को शामिल किया गया है जो देश भर में इसकी व्यापक पहुंच और प्रभावी कार्यान्वयन को दर्शाता है।

इसी क्रम में, वर्तमान वर्ष 2026-27 के दौरान, एनसीसीटी के संस्थान एमपैक्स के 12500 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए 250 से भी अधिक कार्यक्रम संचालित करने जा रहे हैं।

108. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)/रिस्ट्रक्चर्ड वेदर-बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (RWBCIS) के अधीन क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम: राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी), सहकारिता मंत्रालय तथा फसल बीमा प्रभाग, कृषि और किसान कल्याण विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)/रिस्ट्रक्चर्ड वेदर-बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (RWBCIS) की योजनाओं के अधीन प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) के 10,000 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए 200 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चरणबद्ध कार्यान्वयन हेतु अनुमोदिन किया गया है। चरण-1 में 11 राज्यों, यथा छत्तीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कार्यान्यवन प्रस्तावित है।

109. शैक्षणिक जर्नल का प्रकाशन – आरआईसीएम, चंडीगढ़ द्वारा सहकारिता एवं सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और ज्ञान प्रसार को बढ़ावा देने के लिए 'सहकारिता अनुसंधान – एक बहुविषयक सामाज विज्ञान जर्नल' शीर्षक से एक द्विवार्षिक समकक्ष-समीक्षित जर्नल का प्रकाशन किया गया है।

इस जर्नल का प्रथम संस्करण अप्रैल, 2025 में जारी किया गया। जर्नल का द्वितीय संस्करण दिसंबर, 2025 में जारी होगा

110. पीजीडीएम-एबीएम कार्यक्रम का पुन:प्रारंभ – आरआईसीएम, चंडीगढ़ द्वारा एआईसीटीई

द्वारा विधिवत अनुमोदित स्नातकोत्तर प्रबंध डिप्लोमा– कृषि व्यवसाय प्रबंधन (पीजीडीएम-एबीएम) कार्यक्रम को पुनः प्रारंभ करने की पहल की गई है।

(छ) <u>सुगम व्यवसाय' के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग</u>

111. केंद्रीय पंजीयक के कार्यालय का कंप्यूटरीकरण : पंजीकरण प्रक्रिया को व्यवस्थित करने, उपविधियों में संशोधन और अन्य सेवा अनुरोधों की समयबद्ध प्रोसेसिंग के लिए बहुराज्य सहकारी समितियों के लिए डिजिटल परितंत्र के निर्माण हेतु केंद्रीय पंजीयक के कार्यालय को कंप्यूटरीकृत किया गया है

112. राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में सहकारी समितियों के पंजीयक कार्यलयों के कंप्यूटरीकरण की योजना: मंत्रालय द्वारा दिनांक 30.01.2024 को वर्ष 2023-24 से तीन वर्षों के लिए ₹94.59 करोड़ के बजटीय परिव्यय से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में सहकारी समितियों के पंजीयक के कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण की एक केंद्रीय प्रायोजित परियोजना लॉन्च की है। यह मंत्रालय की "आईटी इंटरवेंशंस के माध्यम से सहकारी समितियों के सशक्तीकरण" की अंब्रेला योजना का हिस्सा है। इस परियोजना का लक्ष्य सहकारी समितियों के लिए सुगम व्यवसाय में वृद्धि करना और सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में सहकारी समितियों तथा आरसीएस कार्यालयों के बीच पारदर्शी, कागज़रहित और डिजिटल परितंत्र का सृजन करना है। परियोजना के अधीन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को हार्डवेयर प्रापण, सॉफ्टवेयर विकास, रखरखाव एवं उन्नयन, आदि के लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अधीन विकसित किया जाने वाला सॉफ्टवेयर संबंधित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के सहकारिता अधिनियमों के अनुरूप होगा। वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 और वित्तीय वर्ष 2026-27 (15 जुलाई, 2026 तक) के दौरान, कुल 35 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों ने अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं तथा राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को भारत सरकार के हिस्से के रूप ₹43.21 करोड़ की राशि जारी की गई है।

113. कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (ARDBs) का कंप्यूटरीकरण: दीर्घकालिक सहकारी ऋण

संरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा 13 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में फैले कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) की 1,867 इकाइयों के कंप्यूटरीकरण की परियोजना को अनुमोदित किया गया है। नाबार्ड इस परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी है। अब तक 10 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिसमें 1422 इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, हार्डवेयर प्रापण, डिजिटलीकरण और सपोर्ट सिस्टम स्थापित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24, वित्तीय वर्ष 2024-25, वित्तीय वर्ष 2025-26 और वित्तीय वर्ष 2026-27 में 10 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को भारत सरकार के हिस्से के रूप में 16.74 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

(ज) <u>राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा उठाए गए कदम</u>

114. ऋण संवितरण में वृद्धि: एनसीडीसी द्वारा वित्तीय सहायता का संवितरण वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹24,733.20 करोड़ से लगभग चार गुना बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹95,182.84 करोड़ हो गया है। एनसीडीसी ने इन चार वर्षों के दौरान संवितरण में 40% से अधिक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, एनसीडीसी ने 1,55,347.21 करोड़ रुपये स्वीकृत किए और 1,27,596.28 करोड़ रुपये का संवितरण किया है।

115. फ्लोटिंग ब्याज दर की शुरुआत: एनसीडीसी ने वित्तीय प्रणाली में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए फ्लोटिंग ब्याज दर की शुरुआत की है। इससे सावधि ऋण की ब्याज दर में लगभग 2% की कमी आई है। फ्लोटिंग ब्याज दर से तात्पर्य है कि यह ब्याज दर, बाजार के हालात और अन्य वित्तीय कारकों के आधार पर बदलती रहती है, जिससे उधार लेने वालों को कम ब्याज दर का लाभ मिलता है।

116. डिफरेंशियल दर अपनाना: एनसीडीसी ने डिफरेंशियल दर प्रणाली को अपनाया है जिसके तहत विभिन्न ऋण उधारकर्ताओं के लिए अलग-अलग ब्याज दर प्रदान की जाती है। यह प्रणाली उधारकर्ताओं की वित्तीय स्थिति और क्षमता को ध्यान में रखते हुए ऋण दर को अनुकूलित करती है

जिससे उधारकर्ताओं को अपनी स्थिति के अनुसार बेहतर दरों पर वित्तीय सहायता प्राप्त होती है

117. सूक्ष्म और लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (CGTMSE), एफपीओ के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (CGSFPO) एवं पशुपालन और डेयरी के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (CGFT-AHD) के तहत पंजीकरण: इस कदम से सहकारी समितियों को एनसीडीसी से संपार्श्विक मुक्त ऋण प्राप्त करने में मदद मिलती है।

118. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) और एनसीडीसी के बीच समझौता ज्ञापन: एनसीडीसी और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के बीच वित्तपोषण, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है। इस समझौता के तहत दोनों संस्थान मिलकर डेयरी क्षेत्र में छोटे उत्पादकों को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे जिससे किसानों की आय में वृद्धि और डेयरी समितियों का सशक्तीकरण होगा।

119. एनसीडीसी द्वारा अन्य ऋणदाताओं की बड़ी परियोजनाओं का मूल्यांकन: एनसीडीसी ने अन्य ऋणदाताओं, जिनके पास अपेक्षित विशेषज्ञता नहीं है, की बड़ी परियोजनाओं का मूल्यांकन शुरू किया है। जैसे कि, एनसीडीसी ने गुजरात राज्य सहकारी बैंक के लिए तीन डेयरी परियोजनाओं का मूल्यांकन किया, जिसमें परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा और मूल्यांकन किया गया।

120. भौगोलिक पहुंच का विस्तारण: एनसीडीसी ने अपनी भौगोलिक पहुंच का विस्तारण करते हुए विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में एक नया क्षेत्रीय कार्यालय तथा जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, सिक्किम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड में 9 नए उप-कार्यालय खोले हैं।

121. युवा पेशेवरों की नियुक्ति: एनसीडीसी ने विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले युवा पेशेवरों को नियुक्त किया। इसमें 14 सीए/सीएमए/इंटर, 39 एमबीए, 3 एलएलबी/एलएलएम, 3 BFSc/MFSc और पत्रकारिता में 2 एम.ए. सहित अन्य युवा पेशेवर शामिल हैं। यह कदम निगम की कार्यक्षमता में वृद्धि करने के लिए उठाया गया है।

122. भारत टैक्सी (भारत का पहला सहकारिता-आधारित मोबिलिटी प्लेटफॉर्म):

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड एक अभिनव, ड्राइवर (सारथी)-केंद्रित एवं सहकार-आधारित मोबिलिटी समाधान है, जिसे सारथियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा आम जनता को किफायती, सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। सहकारिता, पारदर्शिता और साझा स्वामित्व के सिद्धांतों पर आधारित यह प्लेटफॉर्म पारंपरिक राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म का एक जन-केंद्रित विकल्प है । भारत टैक्सी की प्रमुख विशेषता इसका 'शून्य-कमीशन मॉडल' है, जिसके अंतर्गत सारथियों से किसी प्रकार का कमीशन नहीं लिया जाता, जिससे यात्रा किराए का पूरा लाभ सीधे सारथियों को प्राप्त होता है । इस मॉडल में सारथी केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी व्यवस्था के सहभागी एवं लाभार्थी भी हैं । उन्हें बेहतर आय, उचित पारिश्रमिक, निर्णयन प्रक्रिया में भागीदारी तथा प्लेटफॉर्म के लाभों में हिस्सेदारी का अवसर प्राप्त होता है, जिससे उनकी सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुदृढ़ होती है ।

यह परियोजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा सात अन्य प्रमुख सहकारी और राष्ट्रीय संस्थानों- इफको, नेफेड, अमूल, कृभको, एनडीडीबी, एनसीईएल और नाबार्ड के साथ मिलकर प्रवर्तित की गई है । इस परियोजना को "भारत टैक्सी" का नाम दिया गया है और इसे आधिकारिक तौर पर दिनांक 5 फरवरी 2026 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था । वर्तमान में, भारत टैक्सी के प्लेटफॉर्म पर 6.37 लाख ड्राइवर और 35.77 लाख ग्राहक पंजीकृत हैं । यह सेवा वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, लखनऊ, चंडीगढ़, मुंबई, जयपुर और कानपुर में चल रही है ।

123. "एनसीडीसी को सहायता अनुदान की केंद्रीय क्षेत्रक योजना: सरकार द्वारा चार वर्षों की अवधि में प्रदान किए जाने वाले ₹2,000 करोड़ की सहायता अनुदान के आधार पर राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) बाजार से लगभग ₹20,000 करोड़ जुटाने में सक्षम होगा । इस निधि का

उपयोग एनसीडीसी द्वारा डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य पालन, चीनी, वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण एवं शीत श्रृंखला, श्रमिक सहकारी समितियों, महिला सहकारी समितियों तथा अन्य सहकारी क्षेत्रों को दीर्घकालिक एवं कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। इस योजना के अधीन एनसीडीसी सहकारी संस्थाओं को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनसीडीसी को कुल ₹500 करोड़ की राशि जारी की गई थी, जबकि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक ₹250 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। इस सहायता के आधार पर एनसीडीसी ने मई 2026 तक ₹10,672 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता का संवितरण किया है, जिससे विभिन्न सहकारी क्षेत्रों की वित्तीय अपेक्षाओं को पूरा करने और उनकी विकास क्षमता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

124. सहकारी इंटर्न: सभी ग्रामीण सहकारी बैंकों (राज्य सहकारी बैंकों और जिला सहकारी बैंकों) को कवर करते हुए 385 सहकारी इंटर्न्स की नियुक्ति की जा रही है। इस योजना का लक्ष्य सहकारी संगठनों की समग्र क्षमता का विकास करना तथा जमीनी स्तर पर डिजिटल और व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देना है। चयनित सहकारी इंटर्न को मासिक ₹25,000 पारिश्रमिक दिया जा रहा है जिसकी प्रतिपूर्ति सहकारी शिक्षा कोष (CEF) से की जाती है। दिनांक 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार 250 इंटर्न चयनित हो चुके हैं और वर्तमान में 227 इंटर्न काम कर रहे हैं।

125. सहकार नवाचार योजना का शुभारंभ: सहकारी क्षेत्र में नवाचार एवं आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए एनसीडीसी ने सहकार नवाचार योजना प्रारंभ की है, जिसके अंतर्गत सहकारी समितियों द्वारा प्रस्तुत नवोन्मेषी और व्यवहार्य व्यावसायिक विचारों को 100% अनुदान-आधारित वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के लिए प्रतिवर्ष ₹10 करोड़ का कोष निर्धारित किया गया है तथा प्रत्येक सहकारी संस्था को मामला-दर-मामला आधार पर अधिकतम ₹25 लाख तक की सहायता प्रदान की जा सकती है। इस पहल का लक्ष्य नए व्यावसायिक मॉडल, डिजिटल

प्रौद्योगिकियों तथा नवाचार-आधारित समाधानों को प्रोत्साहित करना है, विशेषकर उन सहकारी संस्थाओं के लिए जो पर्याप्त संपार्श्विक के अभाव में अथवा व्यवहार्य विचार होने के बावजूद पारंपरिक ऋण प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं।

126. एनसीडीसी समर्थित मिजोरम पैक्स-केंद्रित सहकारी इंटर्न योजना: मिजोरम में जमीनी स्तर की सहकारी समितियों के समक्ष विद्यमान विशिष्ट चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तथा जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के अभाव के कारण सहकारी इंटर्न योजना के प्रभावी कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए, एनसीडीसी ने राज्य के लिए एक समर्पित पैक्स-केंद्रित सहकारी इंटर्न योजना अनुमोदित की है। इस पहल के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में 11 अर्हरताप्राप्त इंटर्न तैनात किए जाएंगे जो तीन वर्षों की अवधि में 55 पैक्स को हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करेंगे।

99 लाख के कुल वित्तीय परिव्यय से, ये इंटर्न सहकारी समितियों को व्यवसाय योजना, क्षमता विकास, शासन सुधार तथा संस्थागत वित्त तक सुगम पहुंच में सुविधा हेतु सहायता करेंगे । इस योजना से कम-से-कम 55 व्यवसाय योजनाएं तैयार किए जाने, लगभग 275 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किए जाने, सहकारी समितियों की प्रबंधकीय एवं वित्तीय व्यवहार्यता में सुधार करने तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में जमीनी स्तर की सहकारी संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए एक संधारणीय और अनुकरणीय मॉडल सृजित करने का अनुमान है।

(झ) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) का निर्माण

127. प्रामाणिक और अद्यतित डेटा संग्रहण हेतु नया राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस: देश भर में सहकारी समितियों से संबंधित कार्यक्रमों/ योजनाओं हेतु नीति निर्माण और कार्यान्वयन में हितधारकों की सुविधा के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से देश में सहकारी समितियों का एक व्यापक डेटाबेस विकसित किया गया है। एनसीडी पोर्टल को दिनांक 08.03.2024 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। इस डेटाबेस में अब तक 30 विभिन्न क्षेत्रकों की लगभग 8.6 लाख

सहकारी समितियों, जिनसे लगभग 32 करोड़ सदस्य जुड़े हुए हैं, के डेटा शामिल हैं।

128. राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल 3.0 का शुभारंभ: अद्यतित/उन्नत संस्करण एनसीडी पोर्टल 3.0 को आधिकारिक तौर पर माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 06.07.2026 को लॉन्च किया गया था। एनसीडी पोर्टल 3.0 कई नई सुविधाएँ प्रदान करता है जिनमें ओटीपी-आधारित सुरक्षित लॉगइन, सहकारी समिति-स्तरीय उपयोगकर्ता पहुंच और डैशबोर्ड, एआई चैटबॉट, ग्राम-स्तरीय जीआईएस मैपिंग, भाषिणी एकीकरण के माध्यम से बहुभाषी समर्थन, डेटा के रियल-टाइम अद्यतन के लिए राज्य आरसीएस पोर्टलों के साथ एपीआई एकीकरण, फीडबैक तंत्र, तथा कॉल प्रबंधन और तकनीकी हेल्पडेस्क सहायता, बेहतर सुरक्षा एवं तीव्र एक्सेस के लिए डेटाबेस आदि शामिल हैं।

129. एनसीडी जियोटैग मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ: एनसीडी जियोटैग मोबाइल एप्लिकेशन को सभी कार्यशील सहकारी समितियों की जीपीएस अवस्थिति (अक्षांश और देशांतर) को कैप्चर करने के लिए विकसित किया गया है । इसे दिनांक 06.07.2026 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। यह मोबाइल एप्लिकेशन एनसीडी पोर्टल पर सहकारी समितियों की सटीक जियो-टैगिंग और जीआईएस-आधारित मैपिंग को भी सक्षम करेगा।

130. सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क: सरकार ने सहकारी समितियों की राज्य-वार और क्षेत्र-वार मूल्यांकन और रैंकिंग करने के लिए दिनांक 24 जनवरी 2025 को सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क लॉन्च किया। यह रैंकिंग फ्रेमवर्क राज्य के आरसीएस को प्रमुख मापदंडों, जैसे ऑडिट अनुपालन, प्रचालन कार्यकलापों, वित्तीय प्रदर्शन, अवसंरचना और बुनियादी पहचान सूचना के आधार पर सहकारी समितियों के प्रदर्शन का आकलन करने में सक्षम बनाता है । राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा 12 प्रमुख क्षेत्रों, अर्थात् पैक्स, डेयरी, मात्स्यिकी, शहरी सहकारी बैंक, आवासन, क्रेडिट और थ्रिफ्ट, खादी एवं ग्राम उद्योग, कृषि प्रसंस्करण/औद्योगिक,

हस्तशिल्प, हथकरघा, वस्त्र और बुनकर, बहुउद्देशीय और सहकारी चीनी समितियों की राज्य, जिला और प्रखंड स्तर पर रैंकिंग उत्पन्न कर सकते हैं। इस रैंकिंग प्रणाली का लक्ष्य सहकारी समितियों के बीच पारदर्शिता, विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रोत्साहित कर अंततः उनके विकास को बढ़ावा देना है।

131. राज्य के आरसीएस पोर्टल को एपीआई के माध्यम से एनसीडी पोर्टल के साथ एकीकरण में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को सुविधा प्रदान करना: सहकारिता मंत्रालय ने राज्य की सहकारी समितियों के संपूर्ण डेटा को एनसीडी पोर्टल से संबंधित आरसीएस पोर्टल पर प्राप्त करने हेतु एक मानक एपीआई का विकास किया है और इस मानक एपीआई विनिर्देश दस्तावेज तथा डाटाबेस स्कीम को राज्यों के साथ दिनांक 27.05.2025 को साझा किया है। तदुपरांत, मंत्रालय ने आरसीएस पोर्टलों से एनसीडी पोर्टल पर लाइव, इवेंट ड्रिवन डेटा पुशिंग के लिए पुश APIs (एंड प्वॉइंट APIs) पर दिनांक 22.09.2025 को एक दस्तावेज साझा किया है जिससे रियल टाइम अद्यतन और नया पंजीकरण डाटा सुनिश्चित हो सके । इस प्रक्रिया को और भी स्पष्ट करने के लिए दिनांक 14.11.2025 को सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को एक परामर्शी सहित समग्र चेक-लिस्ट जारी की गई। एकीकरण योजना के अनुसार, राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के लिए यह जरूरी है कि वे अपने स्तर पर रिवर्स/पुल एपीआई का विकास सुनिश्चित करें और एनसीडी पोर्टल के साथ सफल एकीकरण के लिए चेकलिस्ट के अनुसार आरसीएस कंप्यूटरीकरण को पूरा करें। दिनांक 15.07.2026 की स्थिति के अनुसार राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, मिजोरम और सिक्किम राज्यों तथा दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के संघ राज्यक्षेत्रों ने एनसीडी पोर्टल के साथ एकीकरण पूर्ण कर लिया है। इस दो-तरफा एकीकरण से विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर सहकारी डेटा का सिंक्रोनाइजेशन सुनिश्चित होगा।

(ञ) <u>नीति और आउटरीच</u>

132. राष्ट्रीय सहकारिता नीति (एनसीपी): सहकारिता मंत्रालय के "सहकार से समृद्धि" के अधिदेश को पूरा करने के लिए नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति तैयार करने की परिकल्पना की गई थी। यह सहकारी क्षेत्र के व्यवस्थित और सर्वांगीण विकास का रोडमैप प्रदान करता है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 24 जुलाई, 2025 को राष्ट्रीय सहकारिता नीति का अनावरण किया गया। इसमें 6 रणनीतिक स्तंभ, 16 उद्देश्य और 83 सिफारिशें हैं। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में 'सहकारिता नीति पर राष्ट्रीय संचालन समिति' का गठन किया गया है और सुचारू एवं समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए सचिव, सहकारिता मंत्रालय की अध्यक्षता में राष्ट्र-स्तरीय 'नीति कार्यान्वयन और निगरानी समिति' का गठन किया गया है।

राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय स्तर की नीति कार्यान्वयन और निगरानी समिति की पहली बैठक दिनांक 9 जून 2026 को अटल अक्षय ऊर्जा भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, सहकारिता मंत्रालय एवं समिति के अध्यक्ष द्वारा की गई। समिति ने राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए रोडमैप पर विचार-विमर्श किया, जिसमें संस्थागत सुदृढ़ीकरण, केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों, विभागों, राज्यों एवं संघ राज्यक्षेत्रों तथा राष्ट्रीय परिसंघों/ सहकारी संस्थाओं द्वारा समन्वित कार्रवाई पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण, सदस्यता विस्तार और सहकारिता-नेतृत्व वाले समावेशी एवं संधारणीय आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके। इस बैठक में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के अध्यक्ष; "त्रिभुवन" सहकारी विश्वविद्यालय के कुलपति; नाबार्ड के अध्यक्ष; तथा सहकारिता मंत्रालय एवं विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के अपर सचिव, संयुक्त सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय सहकारी महासंघों, सहकारी संस्थानों सहित चार राज्यों (तमिलनाडु, गुजरात, असम और उत्तर प्रदेश) के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे

133. "राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 के लिए कार्यान्वयन पद्धति और आगे की राह" पर

राष्ट्रीय संगोष्ठी: माननीय प्रधानमंत्री की "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना में तेजी लाने के लिए और माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय विकास के एक प्रमुख इंजन के रूप में सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयासों को मजबूत करने के लिए दिनांक 30.03.2026 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई । इस संगोष्ठी का आयोजन सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी (टीएसयू) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इस संगोष्ठी में देश भर के नीति निर्माताओं, राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों, सहकारी संस्थानों, विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया और नीति के प्रभावी कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श किया।

134. भारत में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष– 2025: संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (IYC 2025) घोषित किया ताकि आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन और संधारणीयता में सहकारी समितियों की भूमिका को उजागर किया जा सके। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र के सभी हितधारकों के सहयोग से एक कार्य योजना विकसित की, जिसमें पारदर्शिता, नीति सुधार और पैक्स के माध्यम से ग्रामीण आर्थिक रूपांतरण पर जोर दिया गया। यह कार्य योजना माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 24.01.2025 को लॉन्च की गई । समन्वित योजना और कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय ने IYC-राष्ट्रीय सहकारी समिति, IYC-राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति और IYC-राज्य शीर्ष समितियों का गठन किया।

पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने, प्रचालन दक्षता में सुधार, सहकारिता में सहकार को बढ़ावा देने, सहकारी समितियों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मॉडल उपविधियों के माध्यम से सहकारी शासन को मजबूत करने के उद्देश्य से वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें विभिन्न कार्यशालाओं, वृक्षारोपण अभियानों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, क्षमता निर्माण सत्रों, प्रदर्शनियों, खेल आयोजनों, वॉकाथॉन और जागरूकता अभियानों का आयोजन शामिल

था। ये कार्यक्रम विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए गए, जिनमें व्यक्तिगत सहकारी समिति स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर शामिल हैं।

IYC-2025 के दौरान, व्यापक जागरूकता और आउटरीच अभियान भी चलाए गए, जिनके माध्यम से भारतीय रेल ई-टिकट, सहकारी उत्पाद पैकेजिंग, आधिकारिक वेबसाइटों और आधिकारिक संचार के जरिए IYC लोगो की देशव्यापी दृश्यता सुनिश्चित की गई। राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख पहलों में दिनांक 30 जून, 2025 को राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन और दिनांक 06 जुलाई, 2025 को गुजरात के आणंद में सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शामिल थे। मंत्रालय और उसके हितधारकों के IYC कार्यकलापों के डेटा भंडार और मीडिया आउटरीच कार्यों के लिए दिनांक 24.12.2025 को एक समर्पित पोर्टल लॉन्च किया गया।

वर्ष के दौरान एक प्रमुख उपलब्धि राष्ट्रीय सहकारिता नीति (NCP) 2025 का शुभारंभ था, जिसका उद्देश्य शासन प्रणालियों को मजबूत करना, प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करना और सहकारी क्षेत्र को विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप बनाना है।

IYC 2025 के दौरान किए गए कार्यकलापों पर एक वार्षिक रिपोर्ट मंत्रालय द्वारा तैयार की गई और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा गुजरात में दिनांक 17.02.2026 को आयोजित दूसरी मंथन बैठक के दौरान इसे लॉन्च किया गया।

135. मंत्रालय की मीडिया आउटरीच का सशक्तीकरण: विगत चार वर्षों में सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र के बारे में जन सहभागिता और जागरूकता वर्धन के लिए अपनी डिजिटल और मीडिया पहुंच को उल्लेखनीय रूप से सशक्त किया है। पारंपरिक और डिजिटल, दोनों ही माध्यमों का लाभ उठाते हुए मंत्रालय ने पीआईबी के सहयोग से प्रेस विज्ञप्तियां और प्रमुख समाचार पत्रों में लेखों का लगातार प्रकाशन किया है और साथ ही सोशल मीडिया पर भी अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है

। माननीय प्रधानमंत्री और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सभी राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है । प्रेस विज्ञप्तियां, समाचार अपडेट और उपलब्धियां नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट पर, व्यापक समावेशन हेतु बहुभाषी पहुंच के साथ साझा की जाती हैं । मंत्रालय के डिजिटल फुटप्रिंट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । X (ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, लिंक्डइन और व्हाट्सएप सहित सभी प्लेटफॉर्म पर मंत्रालय के आज कुल 6.37 लाख से अधिक फॉलोअर्स/सब्सक्राइबर हैं और यूट्यूब पर कुल वीडियो व्यूअरशिप 1.57 करोड़ से अधिक है । विशेष रूप से प्रमुख आयोजनों और राष्ट्रीय अनुष्ठानों के दौरान ऐतिहासिक पहलों पर विशेष अभियान और क्यूरेटेड पोस्ट लगातार उच्च सार्वजनिक जुड़ाव पैदा करते हैं, ।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय राज्य सरकारों, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रारों (आरसीएस) और राष्ट्रीय सहकारी परिसंघों को अपने संबंधित सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से अपने पोस्ट और सामग्री को साझा करके मंत्रालय की पहल को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रहा है जिससे सहकारी इकोसिस्टम में व्यापक और अधिक समन्वित संचार पहुंच सुनिश्चित हो सके ।

136. मासिक प्रकाशन के माध्यम से सहकारी जागरूकता को प्रोत्साहन: सहकारी क्षेत्र में आउटरीच, जागरूकता और क्षमता निर्माण को बढ़ाने के लिए, सहकारिता मंत्रालय अप्रैल 2023 से दो मासिक पत्रिकाओं—सहकार उदय (IFFCO के माध्यम से) और सहकार जागरण (NCUI के माध्यम से) के प्रकाशन के लिए सुविधा प्रदान कर रहा है । हिंदी, अंग्रेज़ी और 11 क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित ये पत्रिकाएँ मंत्रालय और व्यापक सहकारी आंदोलन की प्रमुख नीतियों, योजनाओं, पहलों और सफलता की कहानियों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती हैं । सहकार उदय हर महीने लगभग 3 लाख प्रतियों का प्रकाशन कर रहा है, जबकि सहकार जागरण का मासिक प्रसार लगभग 2.75 लाख प्रतियों का है । ये प्रकाशन समयोचित, प्रासंगिक और

प्रेरणादायक सामग्री प्रदान करके जमीनी स्तर पर सहकारी सदस्यों को सूचित और सशक्त बनाने में मदद करते हैं।

(ट) <u>बहुराज्य सहकारी समितियां</u>

137. बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2023: बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन सशक्त करने, पारदर्शिता व उत्तरदायित्व बढ़ाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार करने और 97वें संविधान संशोधन के उपबंधों को अंतर्विष्ट करने के लिए बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 में संशोधन किया गया है **।**

138. सहकारी ऑम्बड्समैन: बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 में संशोधन के पश्चात् सहकारी ऑम्बुड्समैन को उक्त अधिनियम की धारा 85क द्वारा दिनांक 05.03.2024 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से नियुक्त किया गया है। ऑम्बुड्समैन कार्यालय पूर्णरूपेण कार्यशील है और बहुराज्य सहकारी समितियों के सदस्यों की जमाराशियों, कार्यरत बहुराज्य सहकारी समितियों के न्यायोचित लाभ या संबंधित सदस्यों के व्यक्तिगत अधिकारों को प्रभावित करने वाले किन्हीं अन्य मुद्दों से संबंधित शिकायतों या अपीलों पर कार्य करता है। दिनांक 17.07.2026 तक 38,000 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, तथा 44 आदेशों के माध्यम से अधिकांश शिकायतों का निपटान किया जा चुका है।

139. सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण (सीईए): बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 में संशोधन के पश्चात् सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण को शासन सशक्तीकरण और उत्तरदायित्व के लिए स्थापित किया गया है जिसे सभी बहुराज्य सहकारी समितियों में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु अधिदेश प्राप्त है **।** दिनांक 16.07.2026 तक 281 से अधिक बहुराज्य सहकारी समितियों में सफलतापूर्वक निर्वाचन करवाए गए हैं।

140. जेम (गवर्मेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल पर सहकारी समितियों को 'क्रेता' के रूप में शामिल

करना: सरकार ने सहकारी समितियों को जेम पर 'क्रेता' के रूप में पंजीकृत होने की अनुमति प्रदान कर दी है जिससे वे किफायती खरीद एवं अधिक पारदर्शिता के साथ लगभग 102.5 लाख वेंडरों से माल और सेवाओं का प्रापण कर सकेंगे। जेम पोर्टल पर 'क्रेता' के रूप में अब तक 783 सहकारी समितियां ऑनबोर्ड/रजिस्टर्ड हो चुकी हैं।

141. सहारा समूह की समितियों के निवेशकों को रिफंड: सहारा समूह की सहकारी समितियों के वैध जमाकर्ताओं को पारदर्शी रीति से भुगतान करने हेतु एक पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। उनकी जमाराशि और दावों के साक्ष्य की प्रस्तुति एवं उचित पहचान के पश्चात् संवितरण का कार्य आरंभ हो चुका है। अब तक 41,55,502 आवेदकों को 9,265.09 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया है।

(ठ) <u>अन्य पहलें</u>

142. स्विगी इंस्टामार्ट के क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहकारी उत्पादों की बाजार पहुंच को बढ़ाना: सहकारिता मंत्रालय ने भारतीय सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देने और 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करने के लिए सहकारी उत्पादों के डिजिटल और बाजार एकीकरण को बढ़ाने, नीतिगत चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने और उपभोक्ता जुड़ाव को गति देने हेतु सहयोग के लिए दिनांक 25.04.2025 को स्विगी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सहकारिता मंत्रालय और स्विगी के बीच, विशेष रूप से डेयरी और ऑर्गेनिक क्षेत्रों में सहकारी उत्पादों के डिजिटल एकीकरण और बाजार पहुंच को बढ़ाने और डिजिटल मार्केटिंग, लॉजिस्टिक्स एवं उपभोक्ता तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहकारी समितियों की क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करना है। समझौता ज्ञापन के दायरे में निम्नलिखित शामिल हैं:

- सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से स्विगी द्वारा भारत में सहकारी आंदोलन/संगठनों/उत्पादों के लिए जागरूकता अभियान चलाना।

- सहकारी समितियों के लिए स्विगी द्वारा अपने इंस्टामार्ट प्लेटमॉर्म के माध्यम से प्राथमिकता पर एक्सेस प्रदान करने हेतु सहकारी डेयरी उत्पादों और सहायता की ऑनबोर्डिंग को प्रोत्साहन प्रदान करना।
- सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से स्विगी द्वारा सहकारी ब्रांडों को मार्केटिंग, प्रचार-प्रसार, उपभोक्ता प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में समर्थन प्रदान करना।
- स्विगी अपने प्लेटफॉर्म पर एक अलग सहकारी श्रेणी बनाएगा, जिसमें सहकारी संगठनों द्वारा प्रोत्साहित ब्रांड के उत्पादों, जैसे कि ऑर्गेनिक, डेयरी, श्रीअन्न (मिलेट्स), हस्तशिल्प, आदि पर फोकस किया जाएगा।
- यह पहल डिजिटल पहुंच बढ़ाएगी, सहकारी समितियों के लिए संधारणीय विकास के अवसर सृजित करेगी, डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहकारी संस्थाओं का प्रभाव अधिकतम करेगी और परस्पर सहमत परियोजनाओं के माध्यम से सहकारी समितियों की क्षमता निर्माण को बढ़ावा देगी।

143. सहकारिता मंत्रालय जन शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निवारण के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2025-2026 के दौरान, सहकारिता मंत्रालय ने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (CPGRAM) के माध्यम से प्राप्त 6130 से अधिक शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटान किया है I जिससे मंत्रालय को CPGRAM निपटान के लिये श्रेणी- ए में रखा है।

144. बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2023 के अधिनियमन के पश्चात् सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी शिक्षा निधि (CEF) खाते को भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) से सहकारिता मंत्रालय सफलतापूर्वक हस्तांतरित किया है और इसके प्रबंधन और उपयोग के लिए एक समर्पित संरचना स्थापित की है।

145. डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और चक्रीयता: श्वेत क्रांति 2.0 में जोड़ा गया एक महत्वपूर्ण उद्देश्य डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और चक्रीयता को बढ़ावा देना है । इस उद्देश्य को प्राप्त करने की रणनीति में जलवायु-दक्ष तरीकों, संसाधनों का कुशल उपयोग और कम उत्सर्जन एवं आय सृजन करने वाले परितंत्र के निर्माण के लिए नवीकरणीय समाधानों द्वारा डेयरी मूल्य श्रृंखला में संधारणीयता और चक्रीयता को एकीकृत करना होगा । माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और चक्रीयता पर दिनांक 03.03.2025 को एक कार्यशाला का उद्घाटन किया गया था । डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और चक्रीयता की कार्रवाई "कचरे से कंचन (Gold out of Garbage)" की परिकल्पना द्वारा मार्गदर्शित है ।

146. डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और चक्रीयता के अंतर्गत दिनांक 31.12.2025 को सहकारी निविष्टियां और सेवा प्रदाय बहुराज्य लिमिटेड नामक एक बहुराज्य सहकारी समिति को पंजीकृत किया गया है। इस समिति का लक्ष्य किफायती, गुणवत्तापूर्ण निविष्टियों और अनिवार्य सहयोग सेवाओं की समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित करके डेयरी पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि और डेयरी किसानों की लाभप्रदता में सुधार करना है ।

147. डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और चक्रीयता के अंतर्गत दिनांक 31.12.2025 को गोमय सहकारी समिति बहुराज्य लिमिटेड नामक एक अन्य बहुराज्य सहकारी समिति को पंजीकृत किया गया है। इस समिति का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों और जैविक उर्वरक के संधारणीय उपयोग का समर्थन करते हुए ग्रामीण समुदायों के लिए रोजगार और आय के अवसर उत्पन्न करने हेतु खाद प्रबंधन प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है ।

148. सरदार पटेल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एसपीसीडीएफ) की स्थापना: माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 06.07.2025 को ₹200 करोड़ की प्रारंभिक पूंजी के साथ सरदार पटेल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एसपीसीडीएफ) नामक एक नई बहुराज्य

सहकारी समिति का शुभारंभ किया गया। एसपीसीडीएफ से 20 राज्यों (जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु, तेलंगाना) के 20,000 से अधिक गांवों के 20 लाख से अधिक डेयरी किसान एक संगठित सहकारी संरचना के प्रत्यक्ष सदस्य बन सकेंगे। एसपीसीडीएफ के माध्यम से किसानों को आश्वस्त दुग्ध प्रापण, बेहतर पशु चिकित्सा देखभाल, मवेशियों के पोषण में वृद्धि और आधुनिक डेयरी प्रथाओं का लाभ प्राप्त होगा। मजबूत शीत श्रृंखला अवसंरचना, शीतलन केंद्रों और कुशल प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश से गुणवत्ता मानक सशक्त होंगे जो सुरक्षित, स्वच्छ डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग में सहायक होगा।

149. एमपीओ के लिए सहकारी दुग्ध उत्पादक संगठन मल्टी स्टेट लिमिटेड: दिनांक 31.12.2025 को सहकारी दुग्ध उत्पादक संगठन बहुराज्य लिमिटेड के नाम से एक नई मल्टी स्टेट लिमिटेड का पंजीकरण किया गया है। इस समिति का लक्ष्य सहकारी समितियों के अधीन 9 राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल) के मौजूदा दुग्ध संग्रहण बिंदुओं को बहुद्देशीय ग्राम सहकारी समितियों (लगभग 20,000 वीसीएस) के रूप में एकीकृत करना है।

150. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSEs) के लिए PESB चयन प्रक्रिया में सहकारी परिसंघों की भागीदारी सक्षम बनाना: मंत्रालय की पहल पर राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय परिसंघों के आवेदकों को, लागू विहित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन, PESB द्वारा विज्ञापित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSEs) के बोर्ड-स्तरीय पदों पर "प्राइवेट श्रेणी" के अधीन आवेदन करने की अब अनुमति है जो उन्हें अन्य व्यावसायिक इकाइयों के आवेदकों के समरूप बराबरी का दर्जा देता है।

151. 'स्टार्ट-अप' की परिभाषा में सहकारी समितियों को शामिल किया जाना: सहकारिता

मंत्रालय की पहल पर बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन पंजीकृत बहुराज्य सहकारी समितियों के साथ-साथ राज्य और संघ राज्यक्षेत्र के अधीन पंजीकृत सहकारी समितियों को अब स्टार्ट-अप्स के रूप में मान्यता प्रदान की गई है जो सहकारी समितियों में नवाचार-चालित विकास को बढ़ावा देगी।

152. सहकारी समितियों के संवर्धन के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहकार: कैबिनेट के अनुमोदन से सहकारिता मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास मंत्रालय (MoSMED), जांबिया गणराज्य की सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार और मंगोलिया सरकार के बीच सहकारी सिद्धांतों के संवर्धन और संबंधित देशों की सहकारी समितियों में सहयोग हेतु एक अन्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है। इन व्यवस्थाओं का आशय मैत्रीपूर्ण और परस्पर लाभकारी संबंधों को बढ़ावा देना और सहकारी समितियों के बीच व्यापार गठबंधन विकसित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और प्रणालियां प्रदान करना है।

विवरण - IV

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीए एंड एफडब्ल्यू) द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की सूची-

केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान योजना (पीएम-केएमवाई)
3. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
4. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)/पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)

5. संशोधित ब्याज सबवेंशन योजना (एमआईएस)
6. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
7. कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ)
8. 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन
9. स्टार्ट-अप्स और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष' (एग्रीश्योर)
10. नमो ड्रोन दीदी

केंद्र प्रायोजित योजनाएं

1. कृषि विपणन के लिए एकीकृत योजना (आईएसएएम)
2. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
3. खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन - तिलहन (एनएमईओ-ओएस)
4. खाद्य तेल-पाम तेल पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमईओ-ओपी)
5. बागवानी के एकीकृत विकास के लिए मिशन (एमआईडीएच)
6. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए मिशन जैविक मूल्य श्रृंखला विकास (एमओवीसीडीएनईआर)
7. कृषि विस्तार पर उप-मिशन (एसएमएई)
8. डिजिटल कृषि मिशन (डीएएम)
9. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- डीपीआर (आरकेवीवाई-डीपीआर)
10. परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
11. प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी)
12. मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता
13. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी)
14. कृषि वानिकी

15. कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम)

16. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)

17. प्रधान मंत्री धन धन्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई)

18. प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमएनएफ)

19. दालों में आत्मनिर्भरता मिशन

20. राष्ट्रीय बांस मिशन

AVERAGE MONTHLY INCOME OF AGRICULTURAL HOUSEHOLD

3732. SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI:

Will the Minister of **AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE** be pleased to state:

(a) whether the Government is aware that the average monthly income of agricultural household in the State of Andhra Pradesh as per the latest available agricultural year is not even Rs. 900 per month;

(b) the details of the average monthly income of agricultural households in the State of Andhra Pradesh as of March, 2024;

(c) whether the Government is also aware that the percentage of agricultural households indebted has also gone up from 92.9% in 2012-13 to 93.2% in 2018-19;

(d) the percentage of agriculture households indebted in 2024-25 and 2025-26; and

(e) the manner in which the Government ensures that agricultural household income goes up and indebtedness comes down to 50% from the present 90%+?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE (SHRI RAM NATH THAKUR):

(a) to (d): The average monthly income & indebtedness of agricultural households in the country is periodically estimated through the “Situation Assessment Survey (SAS) of Agricultural Households”, conducted by the National Statistics Office (NSO), Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI). As per the latest Situation Assessment Survey (January, 2019 – December, 2019) conducted by MoSPI (through NSS 77th round) in the rural areas of the country, the average monthly income per agricultural household in the State of Andhra Pradesh is Rs. 10,480.

As per the last two Situation Assessment Surveys conducted by NSO, the percentage of indebted agricultural households in Andhra Pradesh in 2012-13 and 2018-19 are 92.9 % and 93.2 % respectively. Since the last survey conducted in 2019, the extent of average monthly income per agricultural household and the percentage of indebted agricultural households for the years 2024-25 and 2025-26 are not available.

(e):Agriculture is a state subject. Government supports the efforts of States through appropriate policy measures, budgetary support and various

schemes/programmes to enhance the welfare of farmers and make agriculture more remunerative across the country. The Government has implemented several policies and developmental programmes to increase agricultural productivity, reduce the cost of cultivation, promote crop diversification, ensure remunerative returns and provide income support to farmers. These initiatives cover the entire spectrum of agriculture including credit, insurance, income support, infrastructure, crops including horticulture, seeds, mechanization, marketing, organic and natural farming, farmer collectives, irrigation, extension activities, procurement of crops etc.

To improve credit access over the long term, the government is implementing a 100% centrally funded Central Sector Scheme known as the Modified Interest Subvention Scheme (MISS) across various States/UTs in India. This scheme aims to provide concessional interest rates on short-term agricultural loans obtained by farmers through Kisan Credit Cards (KCC) for their working capital requirements. Due to KCC-MISS scheme, access to easy and affordable credit has increased significantly to farmers to meet their operational needs. Under this scheme, farmers receive KCC loans at a subsidized interest rate of 7%. To facilitate this, an upfront interest subvention (IS) of 1.5% is provided to financial institutions. Additionally, farmers who repay their loans promptly receive a 3% Prompt Repayment Incentive (PRI), effectively reducing the interest rate to 4% per annum. From 2014-15 onwards, the overall flow of institutional agricultural

credit has increased from ₹8.5 lakh crore to over ₹28 lakh crore during 2025-26 (provisional) while, the annual institutional credit flow to Small and Marginal Farmers has increased from ₹3.47 lakh crore to ₹14.77 lakh crore during 2024-25.

Further, to provide assured income support and reduce financial stress among small and marginal farmers, the Government is implementing the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) Scheme, a 100% Central Sector Scheme. Under the scheme, eligible farmer families receive income support of ₹6,000 per year in three equal instalments through Direct Benefit Transfer (DBT). Under PM-KISAN scheme, the Government has disbursed over Rs 4.47 lakh Cr. through 23 installments since inception.

Pradhan Mantri Fasal Bima Yojna (PMFBY) provides comprehensive risk insurance against crop damage from pre-sowing to post-harvest for crops and area notified by the concerned State Government**.** All willing farmers, including sharecroppers, tenant and women farmers are eligible to enrol under the scheme. Since inception of the scheme in 2016 till 2025-26, claims amounting to Rs. 2.02 lakh crore have been settled under PMFBY, providing safety net to farmers against crop losses.

Additionally, Government had increased MSPs for all mandated Kharif, Rabi and other Commercial crops with a minimum return of 50 percent over cost of production from 2018-19 onwards. The several Central Sector and Centrally Sponsored Schemes are being implemented by Department of Agriculture &

Farmers Welfare (DA&FW) is given in the **Statement**.

STATEMENT

Major schemes/programmes of Department of Agriculture and Farmers Welfare:

1. National Food Security and Nutrition Mission (NFSNM)
2. National Mission on Edible Oils (NMEO)-Oil Palm
3. National Mission on Edible Oils (NMEO)-Oilseeds
4. National Mission on Natural Farming (NMNF)
5. Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY)
6. Soil Health & Fertility (SH&F)
7. Rainfed Area Development (RAD)
8. Agroforestry
9. Sub-Mission on Agriculture Extension (SMAE)
10. Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH)
11. National Bamboo Mission
12. National Bee Keeping and Honey Mission (NBHM)
13. Mission Organic Value Chain Development for North Eastern Region
14. Per Drop More Crop (PDMC)
15. Integrated Scheme for Agriculture Marketing (ISAM)
16. Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN)
17. Pradhan Mantri Kisan Maan Dhan Yojana (PM-KMY)
18. Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY)/ Restructured Weather Based

Crop Insurance Scheme (RWBCIS)

19. Pradhan Mantri Annadata Aay SanraksHan Abhiyan (PM-AASHA)
20. Modified Interest Subvention Scheme (MISS)
21. Agriculture Infrastructure Fund (AIF)
22. Namo Drone Didi
23. Formation and Promotion of 10,000 new Farmer Producers Organizations (FPOs)
24. Agri Fund for Start-Ups & Rural Enterprises (AgriSURE)
25. Sub-Mission on Agriculture Mechanization (SMAM)
26. Digital Agriculture Mission
27. Crop Diversification Programme(CDP)
28. Rashtriya Krishi Vikas Yojana-Detailed Project Report (RKVY-DPR)
29. Pradhan Mantri Dhan Dhanya Krishi Yojana
30. Mission for Atmanirbharta in Pulses

SCHOOL SAFETY PROGRAMME

3733. SHRI PRABHAKAR REDDY VEMIREDDY:

Will the Minister of **HOME AFFAIRS** be pleased to state:

(a) the details of funds sanctioned and utilised under the School Safety Programme, State-wise and year-wise;

(b) the number of schools covered, teachers trained, and students sensitised

under the programme in last five years;

(c) whether any evaluation of the programme has been conducted and if so, the details and findings thereof;

(d) the details of school disaster management plans prepared, mock drills conducted and structural and non-structural safety measures implemented under the School Safety Programme during the last five years, State-wise and year-wise;

(e) whether the School Safety Programme has been coordinated or integrated with the National School Safety Programme of the National Disaster Management Authority and with State Disaster Management Authorities; and

(f) if so, the details thereof, including guidelines issued, training modules developed and steps taken to mainstream school safety into the education system?

However, the Government of India implements a comprehensive range of Central Sector and Centrally Sponsored Schemes and Programmes in the agriculture sector aimed at increasing production, productivity and farmers' income across the country. These schemes encompass entire spectrum of agriculture including credit, insurance, income support, infrastructure, crops (including horticulture), seeds, mechanization, marketing, organic and natural farming, farmer collectives, irrigation, extension, digital agriculture and procurement of crops. The list of schemes is placed at **Statement**. Further the Government has substantially increased the budget allocation of Ministry of Agriculture & Farmers Welfare from ₹27,662.67 crore BE during 2013-14 to ₹1,40,416.57 crore BE during 2026-27.

In addition, the Government of India has put in place a social-security and

insurance architecture to provide financial protection to vulnerable households, including farming families. The Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY) and Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY) provide affordable life and accident insurance coverage. PMJJBY provides life insurance protection against death due to any cause, while PMSBY provides insurance protection against accidental death and disability, subject to the prescribed eligibility and conditions laid down in the respective schemes.

Other social-security measures of the Government, include Atal Pension Yojana (APY) that provides social security to workers of unorganized sector with provision of guaranteed monthly pension. Pradhan Mantri Kisan Maan-Dhan Yojana (PM-KMY) is a voluntary and contributory pension scheme for small and marginal farmers which provides guaranteed monthly pension of ₹3,000. National Social Assistance Programme (NSAP) provides financial support and pension to poor and vulnerable section of the society. Ayushman Bharat – Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PM-JAY) provides free and cashless healthcare coverage to poor and vulnerable families. Atal Vayo Abhyuday Yojana (AVYAY) is a central sector umbrella scheme for the welfare and empowerment of senior citizens aged 60 and above. It provides financial security, healthcare, shelter, and a life of dignity. These programmes provide different layers of protection against old age, death, disability, health expenditure and livelihood vulnerability.

Further, in order to prevent snakebite-related deaths, the Ministry of Health

& Family Welfare has launched the National Action Plan for Prevention and Control of Snakebite Envenoming (NAPSE) on 12 March 2024. The Action Plan is aligned with the objective of reducing snakebite-related deaths and disabilities by 50% by 2030. Under the programme, specific interventions include capacity building of healthcare professionals for first aid, diagnosis and management of snakebite; improving accessibility to treatment; strengthening emergency care at District Hospitals and Community Health Centres, including ambulance services; strengthening surveillance of snakebite cases and deaths; establishment/strengthening of Regional Venom Centres; operational research on anti-venoms and diagnostics; digital mapping of facilities having anti-snake venom; and community awareness and outreach activities. The Government has also issued Standard Treatment Guidelines for Clinical Management of Snakebite, with emphasis on timely and appropriate treatment. Guideline on National Action Plan for Prevention and Control of Snakebite Envenoming (NAPSE) is available at **https://ncdc.mohfw.gov.in/ wpcontent/** uploads/2024/07/national-action-plan-for-prevention-and-control-of- snakebite-envenoming-napse.pdf.

STATEMENT

Schemes and Programmes implemented by the Department of Agriculture & Farmers Welfare

1. Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN)

2. Pradhan Mantri Kisan Maan Dhan Yojana (PM-KMY)
3. Pradhan Mantri Annadata Aay Sanrakshan Abhiyan (PM-AASHA)
4. Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY) / Restructured Weather Based Crop Insurance Scheme (RWBCIS)
5. Modified Interest Subvention Scheme (MISS)
6. Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH)
7. National Mission on Edible Oils (NMEO) – Oil Palm
8. National Mission on Edible Oils (NMEO) – Oilseeds
9. Mission for Atmanirbharta in Pulses
10. National Mission on Natural Farming (NMNF)
11. National Food Security and Nutrition Mission (NFSNM)
12. National Bee Keeping and Honey Mission (NBHM)
13. Sub-Mission on Agriculture Mechanization (SMAM)
14. Sub-Mission on Agriculture Extension (SMAE)
15. Digital Agriculture Mssion
16. National Bamboo Mission (NBM)
17. Mission Organic Value Chain Development for North Eastern Region
18. Soil Health & Fertility (SH&F)
19. Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY)
20. Per Drop More Crop (PDMC)
21. Rashtriya Krishi Vikas Yojana – Detailed Project Report (RKVY-DPR)

22. Crop Diversification Programme (CDP)
23. Rainfed Area Development (RAD)
24. National Makhana Board
25. Agriculture Infrastructure Fund (AIF)
26. Formation and Promotion of 10,000 new Farmer Producers Organizations (FPOs)
27. Agri Fund for Start-Ups & Rural Enterprises (AgriSURE)
28. Integratd Scheme for Agriculture Marketing (ISAM)
29. PM Dhan-Dhaanya Krishi Yojana (PMDDKY)
30. Agroforestry

FINANCIAL AND ASSISTIVE DEVICES TO DIVYANGJAN

3805. SHRI PRADEEP PUROHIT:

Will the Minister of **SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT** be pleased to state:

(a) the number of Divyangjan registered in Odisha and Bargarh district;

(b) the details of assistive devices, scholarships, skill development programmes and financial assistance provided to Divyangjan in Bargarh Lok Sabha Constituency during the last five years;

(c) whether the Government proposes or to establish an Artificial Limb Fitment Centre Composite Regional Centre for Divyangjan in Bargarh Lok Sabha

Constituency; and

(d) if so, the steps taken to improve accessibility in Government offices, educational institutions and public places in Bargarh district?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT (SHRI B. L. VERMA):

(a): The Unique Disability ID (UDID) project is a flagship initiative of the Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan), Ministry of Social Justice & Empowerment, Government of India wherein the hospitals authorized by the respective State/UT Governments are onboarded for the assessment of disabilities and issuance of disability certificates/UDID cards based on the type and nature of disability. As per record available with the UDID portal, 983681 Disability Certificates and UDID Cards have been issued in the State of Odisha out of which 33848 are in Bargarh District.

(b): The Department is implementing the Scheme of 'Assistance to Persons with Disabilities for Purchase/Fitting of Aids /Appliances (ADIP)' under which funds are released to various Implementing Agencies for providing different types of aids & assistive devices viz., prosthetic and orthotic appliances, wheelchairs, tricycles, hearing aids, smart canes, Braille kits, low vision devices, motorized tricycles/wheelchairs, educational kits and other disability-specific assistive devices to the eligible persons with disabilities (PwDs) across the country. The

Bargarh Lok Sabha Constituency in Odisha comprises the districts of Bargarh and Jharsuguda. During the last five years, the number of Divyangjan benefitted through the distribution of aids and assistive devices under the ADIP Scheme, along with the funds utilized in these districts, is as under:

Particular	Bargarh	Jharsuguda
No. of beneficiaries covered	1841	190
Funds utilised (Rs.in Lakhs)	163.70	14.06

Further, under the Scholarship Scheme Rs. ₹26.74 crore have been released in respect of 10880 beneficiaries in the state of odisha

(c): No such proposal is under consideration for establish an Artificial Limb Fitment Centre in Bargarh Lok Sabha Constituency.

(d): As per Sections 40 to 45 of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 (RPwD Act, 2016), the appropriate Government, as defined under Section 2(b) of the said Act, is statutorily mandated to take requisite steps to ensure the creation and maintenance of accessible built infrastructure, transport systems, and accessible Information and Communication Technology (ICT) platforms for Divyangjans, the data regarding the State/UT wise compliance is not being maintained centrally.

However, The Department of Empowerment of Persons with Disabilities (DEPwD) implements an Umbrella Scheme- Scheme for Implementation of Rights

of Persons with Disabilities (SIPDA) Act, 2016. Under sub-scheme “Creation of Barrier Free Environment” (CBFE Scheme) of SIPDA, the financial assistance is provided to State/UT Governments on demand basis for creation of barrier free environment in existing government buildings and establishments as per receipt of compliant proposals. No proposal has been received from the Odisha during last five years.

सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितताएं

3806. श्री राजेश रंजन:

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में कई सहकारी समितियां वित्तीय अनियमितताओं, कमजोर प्रबंधन और समय पर लेखापरीक्षा के अभाव के कारण निष्क्रिय पड़ी हैं या घाटे में चल रही हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान संपरीक्षित सहकारी समितियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा ऐसी समितियों की संख्या कितनी है जिनमें अनियमितताएं पाई गईं और उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) सरकार द्वारा सहकारी समितियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सदस्यों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है?

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह):

(क) और (ख): राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) के अनुसार, देशभर में कुल 8.53 लाख सहकारी समितियों में से 6.63 लाख कार्यशील, 1.41 लाख गैर-कार्यशील तथा 49,177 समितियाँ परिसमापनाधीन हैं। कुल 6.63 लाख कार्यशील सहकारी समितियों में से 5.95 लाख समितियों का

लेखा-परीक्षण (Audit) हो चुका है, जबकि 0.68 लाख समितियों का लेखा-परीक्षण नहीं हुआ है। कार्यशील एवं लेखा-परीक्षित सहकारी समितियों का राज्यवार ब्यौरा **विवरण-I** में संलग्न है। वित्तीय अनियमितताओं, कमजोर प्रबंधन तथा समय पर लेखा-परीक्षण न होने के कारण निष्क्रिय पड़ी सहकारी समितियों का विवरण संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा संधारित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, बहु-राज्य सहकारी समितियाँ (MSCS), जो बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (MSCS Act, 2002) के प्रावधानों के तहत पंजीकृत हैं, स्वायत्त सहकारी संगठनों के रूप में कार्य करती हैं और अपने सदस्यों के प्रति उत्तरदायी होती हैं। वित्तीय गबन सहित किसी भी प्रकार की अनियमितता के मामले में, ऐसी बहु-राज्य सहकारी समितियों के विरुद्ध MSCS अधिनियम, 2002 की धारा 86 के तहत परिसमापन की कार्यवाही शुरू की जाती है। तत्पश्चात, समिति की परिसंपत्तियों के परिसमापन तथा अधिनियम की धारा 90 के प्रावधानों के तहत निवेशकों/सदस्यों को भुगतान सुनिश्चित करने के लिए MSCS अधिनियम, 2002 की धारा 89 के तहत परिसमापक (Liquidator) नियुक्त किया जाता है। अब तक कुल 115 बहु-राज्य सहकारी समितियों परिसमापनाधीन है। ऐसी समितियों की राज्यवार संख्या **विवरण**-II में संलग्न है।

(ग): सहकारिता मंत्रालय ने दिनांक 06.07.2021 को अपनी स्थापना के बाद से “सहकार से समृद्धि” के दृष्टिकोण के तहत सहकारी समितियों में पारदर्शिता, जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए कई पहलें की हैं। प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (MSCS Act, 2002) में वर्ष 2023 में संशोधन किया गया, जिसका उद्देश्य बहु-राज्य सहकारी समितियों में सुशासन को सुदृढ़ करना, पारदर्शिता बढ़ाना, जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार करना आदि है।
- बहु-राज्य सहकारी समिति (संशोधन) अधिनियम, 2023 की धारा 63A के तहत सहकारी पुनर्वास, पुनर्निर्माण एवं विकास निधि (Cooperative Rehabilitation, Reconstruction

and Development Fund) की स्थापना की गई, ताकि बीमार बहु-राज्य सहकारी समितियों को पुनर्जीवित किया जा सके तथा उनकी अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके।

- PACS के मॉडल उपनियमों (Model Byelaws) का प्रसार किया गया, जिससे भंडारण, प्रसंस्करण, LPG वितरण तथा कॉमन सर्विस सेंटर जैसी विभिन्न गतिविधियों में विविधीकरण संभव हुआ है। इससे बेहतर सुशासन मानकों को सुनिश्चित करने तथा सदस्य-केंद्रित संचालन को बढ़ावा देने में सहायता मिली है।
- PACS के कम्प्यूटरीकरण परियोजना के माध्यम से कार्यशील PACS को एक समान ERP-आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर लाकर PACS को सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे पारदर्शिता, दक्षता, अभिलेख प्रबंधन तथा सेवा वितरण में सुधार हुआ है।
- राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (NCCT) के माध्यम से देशभर में सहकारी समितियों के सदस्यों, निदेशक मंडल, कर्मचारियों, राज्य अधिकारियों तथा इच्छुक युवाओं के लिए क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसके लिए 20 प्रशिक्षण संस्थानों का नेटवर्क कार्यरत है।
- राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) का विकास किया गया है, जो देशभर की 8.53 लाख सहकारी समितियों, जिनमें लगभग 32 करोड़ सदस्य हैं, का एक व्यापक डिजिटल भंडार है।
- ग्रामीण सहकारी बैंकों को RBI की एकीकृत लोकपाल योजना (Integrated Ombudsman Scheme) के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिससे अधिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने में सहायता मिली है।

विवरण-I

कार्यशील सहकारी समितियों की राज्यवार लेखा-परीक्षण स्थिति

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लेखा-परीक्षण की स्थिति		
		कुल कार्यशील सहकारी समितियाँ	लेखा-परीक्षित सहकारी समितियों की संख्या	गैर-लेखा-परीक्षित सहकारी समितियों की संख्या
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1,217	1,160	57
2	आंध्र प्रदेश	12,408	11,970	438
3	अरुणाचल प्रदेश	1,034	542	492
4	असम	8,071	5,114	2,957
5	बिहार	22,243	19,896	2,347
6	चंडीगढ़	195	183	12
7	छत्तीसगढ़	10,380	9,261	1,119
8	दिल्ली	1,827	1,782	45
9	गोवा	3,165	2,506	659
10	गुजरात	79,823	73,340	6,483
11	हरियाणा	15,447	13,228	2,219
12	हिमाचल प्रदेश	5,055	4,725	330
13	जम्मू एवं कश्मीर	9,132	3,994	5,138
14	झारखंड	8,144	7,220	924
15	कर्नाटक	40,440	37,732	2,708
16	केरल	15,106	14,624	482
17	लद्दाख	166	158	8
18	लक्षद्वीप	53	22	31
19	मध्य प्रदेश	27,041	25,479	1,562

20	महाराष्ट्र	2,19,775	2,11,329	8,446
21	मणिपुर	5,330	3,992	1,338
22	मेघालय	3,100	2,439	661
23	मिजोरम	1,274	1,237	37
24	नागालैंड	1,943	1,491	452
25	ओडिशा	8,063	4,864	3,198
26	पुदुचेरी	400	399	1
27	पंजाब	12,666	11,715	951
28	राजस्थान	27,172	23,497	3,675
29	सिक्किम	1,398	1,012	386
30	तमिलनाडु	21,090	19,384	1,706
31	तेलंगाना	46,672	43,478	3,194
32	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	379	170	209
33	त्रिपुरा	2,237	1,744	493
34	उत्तराखंड	4,450	2,599	1,851
35	उत्तर प्रदेश	22,888	15,528	7,360
36	पश्चिम बंगाल	23,028	16,977	6,051
	कुल	**6,62,812**	**5,94,791**	**68,020**

स्रोत: एनसीडी पोर्टल (दिनांक 15.07.2026 की स्थिति अनुसार)

विवरण-II

- **परिसमापनाधीन बहु-राज्य सहकारी समितियों (MSCS) की राज्यवार संख्या**

क्रम.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	परिसमापनाधीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	2
2	बिहार	1
3	चंडीगढ़	1
4	दिल्ली	16

5	गोवा	1
6	गुजरात	4
7	झारखंड	1
8	कर्नाटक	1
9	महाराष्ट्र	23
10	ओडिशा	12
11	पंजाब	1
12	राजस्थान	26
13	तमिलनाडु	3
14	तेलंगाना	2
15	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	1
16	उत्तर प्रदेश	14
17	पश्चिम बंगाल	6
	कुल	**115**

TEXTILE PARK IN WARANGAL

3807. DR. KADIYAM KAVYA:

Will the Minister of **TEXTILES** be pleased to state :

(a) the details of implementation of the PM MITRA Mega Textile Park in Warangal district, including progress made in land acquisition, development of trunk infrastructure, investment commitments received and the expected timeline for commissioning; and

(b) the details of estimated employment likely to be generated through the project, including opportunities for local youth, Scheduled Castes, women and other sections of the local population?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI PABITRA MARGHERITA):

(a) and (b): To develop integrated large scale and modern industrial infrastructure facility for entire value-chain of the textile industry, the Government has approved setting up of 7 (Seven) PM Mega Integrated Textile Region and Apparel (PM MITRA) Parks in Greenfield/Brownfield sites with scheme outlay of Rs. 4,445 Crore for the period 2021-22 to 2027-28. The Government has finalised 7 sites including one in Warangal, Telangana for setting up PM MITRA Parks.

The site was selected under brownfield category. ₹ 300 Cr. has already been expended towards development of trunk infrastructure. The park was formally inaugurated by Hon'ble Prime Minister on 10.05.2026. Currently, the park is operational with around 548 acres of land already being allotted to investors and commercial production has started. Once completed, the project is envisaged to generate 1 Lakh direct and 2 Lakh indirect Jobs. With existing commitments alone, over 24,400 direct jobs are expected to be generated. A strong majority of the workforce in operating apparel units comprises women. Structured skilling programs and local preference policies ensure gainful employment for youth and vulnerable sections, including Scheduled Castes (SC) and Scheduled Tribes (ST), fostering inclusive regional development.

TRADITIONAL FISHING COMMUNITY

3808. SHRI MALAIYARASAN D.:

Will the Minister of **FISHERIES, ANIMAL HUSBANDRY AND DAIRYING** be pleased to state:

(a) whether the Government has conducted any assessment of the impact of industrial projects, port development, coastal infrastructure, power projects, mining activities and other large-scale developments on traditional fishing communities across coastal States;

(b) the details of studies, consultations or impact undertaken regarding changes in fishing grounds, marine biodiversity, fish catch, livelihood opportunities and income of fishermen due to such projects during the last five years;

(c) whether the Government has received representations or grievances from fishing communities regarding loss of access to traditional fishing areas, coastal pollution, declining fish availability and displacement due to industrial activities, if so, the details thereof including Kallakurichi constituency of Tamil Nadu; and

(d) the measures taken by the Government in coordination with coastal State Governments and concerned Ministries to protect the livelihood rights of traditional fishermen, provide rehabilitation and compensation where

applicable, and ensure sustainable fisheries management?

THE MINISTER OF PANCHAYATI RAJ; AND MINISTER OF FISHERIES, ANIMAL HUSBANDRY AND DAIRYING(SHRI RAJIV RANJAN SINGH *ALIAS* LALAN SINGH):

(a) and (b): The Government mandates assessments of environmental and social impacts for major infrastructural projects to evaluate ecological and socio-economic effects including on traditional fishing communities across the coastal states before granting clearances to such projects. Conducted by project proponents and appraised by authorities, the Environmental Impact Assessment (EIA) process covers a comprehensive range of investigations, including baseline marine and ecological studies, topographic, bathymetric, and oceanographic surveys, shoreline and sediment transport analyses, water, air, and soil quality assessments, and hydrodynamic modeling. It also features specialized evaluations such as mangrove and coral assessments, dredging and navigation impacts, pollution and oil spill risks, climate vulnerability, coastal regulation zone (CRZ) mapping and compliance study, disaster risk assessment and emergency response study, and Social Impact Assessments (SIA). To ensure sustainable planning, construction, and operation, these projects incorporate mandatory public consultations, cost-benefit analyses, and the formulation of robust Environmental Management Plans (EMPs), Environmental Monitoring Plans (EMOPs), and Environmental Mitigation Measures.

The Indian Council of Agricultural Research (ICAR) has informed that the ICAR-Central Marine Fisheries Research Institute (ICAR-CMFRI) has undertaken many consultancy projects during the last five years for assessing the impacts of such initiatives on fishing grounds, marine biodiversity, fish catch, livelihood opportunities, and the income of fishermen. The details of the consultancy projects completed during this period are placed at **Statement**.

(c): Government of Tamil Nadu has informed that 6 representations and grievances have been received in Chennai District from fishing villages in North Chennai, related to pollution in the Kosasthalaiyar river, adverse impact on the livelihood of fishers along Ennore Creek and the north Chennai coast. In Thoothukudi district, fishers in 6 villages have represented livelihood loss and sea erosion due to Udangudi Thermal Power Project. To prevent sea erosion, breakwaters have been established in the villages of Allanthalai, Manapad, and Periyathalai. In Tirunelveli district, a grievance has been received from the 7 fishing villages regarding sea erosion due to the extension of the bait arch at the Kudankulam Atomic Power Project, affecting the berthing of fishing crafts and shifting of fishing grounds to longer distances. In Kanniyakumari district, 3 grievances have been received from stakeholders regarding coastal pollution (Radiation) due to industrial activities such as mining by Indian Rare Earths (India) Limited (IREL) in Manavalakurichi, Kanniyakumari district. In respect of Kallakurichi constituency, no representation or grievance has been received so far

from fishing communities.

(d): The Department of Fisheries, Government of India (DoF, GoI), in coordination with the coastal states has undertaken comprehensive measures for the sustainable harnessing of marine fisheries resources and the welfare of small-scale and traditional fishers. The Government has notified the *Sustainable Harnessing of Fisheries in the Exclusive Economic Zone Rules*, which mandate key conservation measures, including a uniform fishing ban during fish breeding seasons; minimum legal size for fish capture and adoption of bycatch-reduction measures; prohibition of destructive and juvenile fishing practices; and promotion of best practices to minimise post-harvest losses.

For sustainable fishing, enhancement of fish stocks, and sea-safety considerations, a uniform 61-day fishing ban is implemented annually in the Exclusive Economic Zone (EEZ). Coastal States/UTs also enforce corresponding bans within their territorial waters in alignment with the EEZ-wide ban. Livelihood and nutritional support for socio-economically backward active traditional fishers during the fishing ban/lean period, as well as group accident insurance for active fishers, is provided under the Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana (PMMSY).

Under PMMSY, the Government of India has, for the first time, extended support for activities by the coastal states such as sea ranching and installation of Artificial Reefs (ARs) along the entire coastline to prevent habitat degradation,

enhance fish stocks, and support fishers' livelihoods. Activities such as mariculture, including seaweed cultivation and open-sea cage culture, are also promoted to reduce fishing pressure in nearshore waters and augment marine fisheries production in a sustainable manner.

PMMSY further includes the component "Development of 100 Coastal Fishermen Villages as Climate Resilient Coastal Fishermen Villages (CRCFV)", aimed at transforming 100 villages selected jointly with the coastal States/UTs into economically vibrant and climate-resilient villages through need-based interventions including infrastructure and livelihood-enhancing activities.

STATEMENT

Details of studies by ICAR-CMFRI in the last 5 years		
Sr. No.	**Name of the Project**	**Client details**
1.	Estimation of Marine Fish Landings Data from the Potential Impact Zones of Vizhinjam International Sea Port, Kerala, India	Adani Vizhinjam Port Pvt. Ltd. (AVPPL)
2.	Impact study of proposed Vadhavan port on coastal fisheries	Jawaharlal Nehru Port Trust, Nariman Point, Mumbai
3.	Baseline study for impact of coastal road on fisheries and fisher livelihood, Mumbai, Maharashtra	Municipal Corporation of Greater Mumbai MCGM), Mumbai
4.	Assessment of impact of seismic surveys on fisheries off Palghar, Maharashtra	Oil & Natural Gas Corporation Ltd, Mumbai
5.	Large-scale impact examination of the construction of Thane Creek Bridge-III on fish stock and fishing activities in the nearby	Maharashtra State Road Development Corporation, Mumbai -400 050

	areas.	

सहकारी विश्वविद्यालय

3809. श्रीमती मंजू शर्माः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सहकारी समितियों से संबंधित प्रस्तावित विश्वविद्यालय द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षण प्रणालियों के आधुनिकीकरण, सहकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में विषय-विशेषज्ञों के विकास और देश में सहकारी क्षेत्र के विकास और व्यवसायीकरण में किस प्रकार योगदान दिए जाने की संभावना है;

(ख) विशेष रूप से राजस्थान राज्य में सहकारी समितियों में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) डिजिटल युग में सहकारी क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाए रखना सुनिश्चित करने और पारदर्शिता, दक्षता और सदस्य सेवाओं को बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) सहकारी क्षेत्र में नवीनतम सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को शामिल करके सहकारी प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुसंधान सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को तैयार करने हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई गई है?

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह):

(क): "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी अधिनियम, 2025 विश्वविद्यालय को अपने स्वयं के स्कूलों की स्थापना करके और संबद्ध संस्थानों के माध्यम से सहकारी क्षेत्र में योग्य एवं प्रशिक्षित श्रमबल की वर्तमान और भावी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा सहकारी क्षेत्र में कार्यबल की पेशेवरता हेतु

सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण में पाठ्यक्रम डिज़ाइन व सामग्री, शिक्षण शास्त्र तथा पाठ्यक्रम वितरण का मानकीकरण करने के लिए अधिदेशित करता है। प्रशिक्षण प्रणालियों के आधुनिकीकरण के संदर्भ में, विश्वविद्यालय डिजिटल सामग्री, सिमुलेशन , खेलों और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग करता है।

(ख): जहां तक सहकारी समितियों, विशेष रूप से राजस्थान में, में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व का संबंध है, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय है, को किसान संस्थानों को सशक्त करके, उत्पादकता बढ़ाकर और फसल-पूर्व एवं फसल-पश्चात् अवसंरचना को सहायता देकर सहकारी समितियों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिदेशित किया गया है।

एनसीडीसी आवधिक रूप से यथा-संशोधित, अधिसूचित वस्तुओं और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हुए अपनी निगम-प्रायोजित योजनाओं के साथ-साथ भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत सहकारिता क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है। हालिया वर्षों में, एनसीडीसी ने सहकारी अवसंरचना को सशक्त करते हुए, नई सहकारी समितियों, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल आदि पर विशेष बल देने के साथ-साथ सहकारिता क्षेत्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप क्षेत्र-विशिष्ट योजनाएँ और केंद्रित उत्पाद शुरू किए हैं। सहायता प्राप्त कार्यकलापों और कार्यान्वित की गई योजनाओं का ब्यौरा **विवरण-I** में प्रदान किया गया है।

एनसीडीसी , सहकारी समितियों में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए, अखिल भारतीय स्तर पर विशेष रूप से महिला-संचालित स्वयं सहायता समूहों और सहकारी समितियों के लिए निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

i. स्वयं शक्ति सहकार योजना
ii. नंदिनी सहकार

iii. युवा सहकार योजना

ये योजनाएं पूरी तरह से एनसीडीसी (NCDC) द्वारा वित्तपोषित और समर्थित हैं।

स्वयं शक्ति सहकार योजना का ब्यौरा **विवरण-II** में दिया गया है।

नंदिनी सहकार का ब्यौरा **विवरण-III** में दिया गया है।

युवा सहकार योजना का ब्यौरा **विवरण-IV** में दिया गया है

राजस्थान राज्य में महिला सहकारी समितियों के लिए पिछले 3 वर्षों के संवितरण का ब्योरा इस प्रकार है:

क्रम सं.	**वित्तीय वर्ष**	**संवितरित राशि (₹ करोड़ में)**
1	2023-24	0.44
2	2024-25	—
3	2025-26	190.16

(ग): सहकारिता मंत्रालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं कि डिजिटल युग में सहकारिता क्षेत्र प्रतिस्पर्धी बना रहे। प्रमुख उपाय निम्नानुसार हैं:

1. प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियाँ (पैक्स) कंप्यूटरीकरण परियोजना: मंत्रालय ₹2,516 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ कार्यशील पैक्स के कंप्यूटरीकरण हेतु केंद्रीय प्रायोजित परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसे अब बढ़ाकर ₹2925.39 करोड़ तक कर दिया गया है। इसके अंतर्गत सभी कार्यशील पैक्स को एक ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) आधारित साझा राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर लाया जाना तथा राज्य सहकारी बैंकों (एसटीसीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) के माध्यम से उन्हें नाबार्ड से लिंक करना शामिल है। यह ईआरपी आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर के माध्यम से उनकी परिचालन दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने के उद्देश्य

से किया गया है। यह परियोजना मानकीकृत लेखांकन , संपरीक्षा, एमआईएस , ऑनलाइन सेवा प्रदाय और विभिन्न राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्मों के साथ एकीकरण की सुविधा प्रदान करती है, जिससे कुशल शासन और सदस्यों को बेहतर सेवा प्रदाय संभव हो पाता है। प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियाँ (पैक्स) कंप्यूटरीकरण परियोजना के अंतर्गत, दिनांक 15.07.2026 तक ईआरपी आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर 63,686 पैक्स को ऑनबोर्ड किया जा चुका है, 54,707 पैक्स को ई-पैक्स घोषित किया गया है तथा इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से 51.58 करोड़ से अधिक डिजिटल लेनदेन किए गए हैं, जिससे ज़मीनी स्तर पर पारदर्शिता में वृद्धि, सेवा वितरण में सुधार और बेहतर वित्तीय प्रबंधन संभव हुआ है.

2. सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) कार्यालय का कंप्यूटरीकरण: राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सहकारी समितियों के पंजीयक कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण हेतु केंद्रीय प्रायोजित परियोजना का शुभारंभ मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023-24 से तीन वर्षों की अवधि के लिए ₹94.59 करोड़ के बजटीय परिव्यय के साथ 30.01.2024 को किया गया है। यह मंत्रालय की "आईटी पहलों के माध्यम से सहकारी समितियों को सशक्त करना" नामक अंब्रेला परियोजना का एक भाग है। इस परियोजना का उद्देश्य सहकारी समितियों के लिए व्यवसाय में सुगमता को बढ़ावा देना तथा सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सहकारी समितियों के आरसीएस कार्यालयों के साथ पारदर्शी और कागज़ रहित संवाद के लिए एक डिजिटल इकोसिस्टम का निर्माण करना है। इस परियोजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को हार्डवेयर के प्रापण, सॉफ्टवेयर के विकास, सॉफ्टवेयर के रखरखाव एवं उन्नयन आदि के लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत विकसित किया जाने वाला सॉफ्टवेयर संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सहकारी समिति अधिनियमों के अनुसार होगा। वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 और 2026-27 (15 जुलाई, 2026 तक) के दौरान, 35 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं, तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भारत सरकार के हिस्से के रूप में

₹43.21 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। 7 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के एकीकृत डिजिटल आरसीएस पोर्टल लाइव हो चुके हैं और उन्हें राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के साथ एकीकृत भी कर दिया गया है।

3. कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) का कंप्यूटरीकरण: दीर्घकालिक सहकारी ऋण संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, सरकार द्वारा 13 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फैले कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) की 1,867 इकाइयों के कंप्यूटरीकरण की परियोजना को अनुमोदित किया गया है। नाबार्ड इस परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी है। अब तक 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों को 1,422 इकाइयों के साथ स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है । इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2023-24, वित्तीय वर्ष 2024-25, वित्तीय वर्ष 2025-26 और वित्तीय वर्ष 2026-27 में 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को हार्डवेयर के प्रापण, डिजिटलीकरण और सपोर्ट सिस्टम की स्थापना हेतु ₹16.74 करोड़ का भारत सरकार का हिस्सा जारी किया जा चुका है । अब तक, 9 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने इस परियोजना के अंतर्गत हार्डवेयर का प्रापण पूरा कर लिया है।

4. राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी): देश भर में सहकारी समितियों से संबंधित नीतियों के निर्माण और कार्यक्रमों/योजनाओं के क्रियान्वयन में हितधारकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकारों के सहयोग से देश में सहकारी समितियों का एक व्यापक डेटाबेस तैयार किया गया है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 08.03.2024 को एनसीडी) पोर्टल का शुभारंभ किया गया था। अब तक इस डेटाबेस में 30 विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 8.6 लाख सहकारी समितियों का डेटा शामिल किया जा चुका है, जिनमें लगभग 32 करोड़ सदस्य शामिल हैं।

5. राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल 3.0 का शुभारंभ: अपग्रेड/संवर्धित संस्करण एनसीडी **पोर्टल 3.0** का आधिकारिक शुभारंभ माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 06.07.2026 को इसका किया गया। एनसीडी पोर्टल 3.0 कई नई सुविधाएँ प्रदान करता है, जिनमें ओटीपी आधारित सुरक्षित लॉगिन, सहकारी समिति-स्तरीय उपयोगकर्ता पहुँच और डैशबोर्ड, एआई

चैटबॉट, गांव-स्तरीय जीआईएस मैपिंग, भाषिणी एकीकरण के माध्यम से बहुभाषी सहायता, डेटा को रियल-टाइम में अद्यतन करने के लिए राज्य आरसीएस पोर्टलों के साथ एपीआई एकीकरण, फीडबैक तंत्र, कॉल प्रबंधन एवं तकनीकी हेल्पडेस्क सहायता तथा उन्नत सुरक्षा एवं तीव्र पहुँच हेतु बेहतर फ्रंटएंड फ्रेमवर्क और डेटाबेस शामिल हैं।

6. एनसीडी जियोटैग मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ: सभी कार्यशील सहकारी समितियों के जीपीएस स्थान (अक्षांश और देशांतर) को कैप्चर करने के लिए एनसीडी जियोटैग मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक 06.07.2026 को शुभारंभ किया गया था। यह मोबाइल एप्लिकेशन एनसीडी पोर्टल पर सहकारी समितियों के सटीक जियो-टैगिंग और जीआईएस आधारित मैपिंग को भी सक्षम बनाएगा।

7. सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक (सीआरसीएस) के कार्यालय का कंप्यूटरीकरण:

बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) अधिनियम, 2023 की धारा 120क के नव-संस्थापित उपबंध के अनुपालन में, ऑनलाइन पंजीकरण, उपविधियों में संशोधन और समयबद्ध सेवा वितरण को सक्षम करके बहु-राज्य सहकारी समितियों के लिए एक डिजिटल पारितंत्र सृजित करने हेतु केंद्रीय सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक के कार्यालय का कंप्यूटरीकरण कर दिया गया है। सीआरसीएस कार्यालय के कंप्यूटरीकरण के साथ, एमएससीएस अधिनियम की सांविधिक अपेक्षाओं के अनुपालन में, पंजीकरण, उपविधियों में संशोधन, वार्षिक विवरणी दाखिल करना, शाखा खोलना, बिक्री अधिकारी की नियुक्ति, सहकारी शिक्षा निधि (सीईएफ) तथा सहकारी पुनर्वास, पुनर्रचना एवं विकास निधि (सीआरआरडीएफ) में ऑनलाइन भुगतान आदि सहित सीआरसीएस कार्यालय की सभी कार्य प्रक्रियाएं नए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निष्पादित की जा रही हैं।

8. सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क: राज्य-वार और क्षेत्रक-वार सहकारी समितियों का मूल्यांकन और रैंकिंग करने के लिए सरकार द्वारा 24 जनवरी 2025 को सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क लॉन्च किया गया था। यह

रैंकिंग फ्रेमवर्क राज्य आरसीएस को ऑडिट अनुपालन, प्रचालन कार्यकलापों, वित्तीय प्रदर्शन, अवसरंचना और प्राथमिक पहचान संबंधी जानकारी सहित प्रमुख मानदंडों के आधार पर सहकारी समितियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनसीडी पोर्टल के माध्यम से राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर 12 प्रमुख क्षेत्रों—अर्थात पैक्स , डेयरी, मात्स्यिकी, शहरी सहकारी बैंक, आवासन, क्रेडिट और थ्रिफ्ट, खादी एवं ग्रामोद्योग, कृषि प्रसंस्करण/औद्योगिक, हस्तशिल्प, हथकरघा, कपड़ा एवं बुनकर, बहुउद्देश्यीय और चीनी सहकारी समितियों की रैंकिंग तैयार कर सकते हैं। इस रैंकिंग प्रणाली का उद्देश्य सहकारी समितियों के बीच पारदर्शिता, विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना है, जिससे अंततः उनके विकास को गति मिलेगी।

9. एपीआई के माध्यम से राज्य आरसीएस पोर्टल को एनसीडी पोर्टल के साथ एकीकृत करने हेतु राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के लिए सुविधा : सहकारिता मंत्रालय ने एनसीडी पोर्टल से राज्य की सहकारी समितियों के संपूर्ण डेटा को उनके संबंधित आरसीएस पोर्टलों तक लाने के लिए राज्यों के लिए एक मानक एपीआई विकसित किया है, और दिनांक 27.05.2025 को राज्यों के साथ मानक एपीआई विनिर्देश दस्तावेज और डेटाबेस स्कीमा साझा किया है। इसके बाद, मंत्रालय ने दिनांक 22.09.2025 को आरसीएस पोर्टल से एनसीडी पोर्टल पर लाइव, इवेंट-संचालित डेटा के लिए पुश एपीआई (एंड प्वाइंट एपीआई) पर एक दस्तावेज़ साझा किया, जिससे रियल-टाइम में अपडेट और नए पंजीकरण डेटा को सक्षम किया जा सके। प्रक्रिया को और अधिक स्पष्ट करने के लिए, दिनांक 14.11.2025 को सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक व्यापक चेकलिस्ट के साथ एक एडवाइजरी जारी की गई थी। एकीकरण योजना के अनुसार, एनसीडी पोर्टल के साथ सफल एकीकरण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपने स्तर पर रिवर्स/पुल एपीआई का विकास सुनिश्चित करने और चेकलिस्ट के अनुसार आरसीएस कंप्यूटरीकरण को पूरा करने की आवश्यकता है। दिनांक 15.07.2026 की स्थिति के अनुसार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, मिजोरम और सिक्किम राज्यों तथा दादरा और नगर हवेली

एवं दमन और दीव तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्रों ने एनसीडी पोर्टल के साथ एकीकरण पूरा कर लिया है । यह दोतरफा एकीकरण विभिन्न प्लेटफॉर्मों के बीच सहकारी डेटा के सिंक्रोनाइजेशन को सुनिश्चित करेगा।

10.डिजिटल सेवाएं एवं प्रौद्योगिकी एकीकरण: पैक्स के लिए विकसित ईआरपी आधारित सॉफ्टवेयर कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस), राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी), कॉमन सेवा केंद्रों (सीएससी) और अन्य डिजिटल सर्विस प्लेटफॉर्मों के साथ एकीकरण को सक्षम बनाता है, जिससे पैक्स जीवंत बहुउद्देश्यीय आर्थिक संस्थाओं के रूप में कार्य करने और अपने सदस्यों को विविधीकृत सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो रहे हैं।

11.शासन व्यवस्था फ्रेमवर्क को सशक्त बनाना: मंत्रालय ने कई नीतिगत और संस्थागत सुधार किए हैं, जिनमें राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस की स्थापना, राष्ट्रीय सहकारिता नीति, 2025 का शुभारंभ, एमएससीएस अधिनियम, 2002 में संशोधन आदि शामिल हैं।

12.शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए नई शाखाएं खोलने की अनुमति दी गई है: शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) अब भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना पिछले वित्तीय वर्ष में शाखाओं की मौजूदा संख्या के 15% तक (अधिकतम 10 शाखाएं) नई शाखाएं खोल सकते हैं।

13.भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शहरी सहकारी बैंकों को अपने ग्राहकों को डोरस्टेप सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दी गई है: शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) द्वारा अब डोरस्टेप बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा सकती है। इन बैंकों के खाताधारक अब घर बैठे ही विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं, जैसे नकदी निकासी, नकदी जमा, केवाईसी , डिमांड ड्राफ्ट और पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र आदि।

14.शहरी सहकारी बैंकों के लिए अम्ब्रेला संगठन: शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) क्षेत्र के लिए एक

अम्ब्रेला संगठन के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फ़ाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनयूसीएफ़डीसी) की स्थापना की गई है, जो लगभग 1,500 यूसीबी (यूसीबी) को आवश्यक आईटी अवसंरचना और परिचालन संबंधी सहायता प्रदान कर रहा है। इसने डिजी लोन और डिजी पे जैसी विभिन्न सेवाएं भी शुरू की हैं।

15.वाणिज्यिक बैंकों की तर्ज पर सहकारी बैंकों को भी बकाया ऋणों का वन-टाइम सेटलमेंट करने की अनुमति दी गई है : सहकारी बैंक अब बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों के माध्यम से तकनीकी राइट-ऑफ के साथ-साथ उधारकर्ताओं के साथ ऋण समाधान प्रक्रिया भी प्रदान कर सकते हैं।

16.सहकारी बैंकों हेतु एईपीएस के लाइसेंस शुल्क में कटौती की गई है : सहकारी बैंकों को आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) से जोड़ने के लिए लाइसेंस शुल्क को लेनदेन की संख्या से जोड़कर कम कर दिया गया है । सहकारी वित्तीय संस्थानों को अब प्री-प्रोडक्शन (पूर्व-उत्पादन) चरण के पहले तीन महीनों के लिए यह सुविधा नि:शुल्क मिलेगी। इसके साथ ही, ऑनबोर्ड किए गए बैंकों के सदस्य अब बायोमेट्रिक्स के माध्यम से अपने घर पर ही बैंकिंग की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।.

17.यूआईडीएआई ने दिनांक 01.08.2025 को आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) पर सहकारी बैंकों को ऑनबोर्ड करने के लिए एक नया फ्रेमवर्क लागू किया है। अब, केवल एसटीसीबी को प्रमाणीकरण उपयोगकर्ता एजेंसियों (एयूए)/ईकेवाईसी उपयोगकर्ता एजेंसियों (केयूए) के रूप में शामिल होने की आवश्यकता है; डीसीसीबी को राज्य सहकारी बैंक के माध्यम से उप एयूए/केयूए के रूप में इसका नि:शुल्क उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

18.सहकार सारथी (साझा सेवा निकाय): ग्रामीण सहकारी बैंकों (आरसीबी) को प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के पश्चात सहकार सारथी (साझा सेवा निकाय) प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की गई है । इसके द्वारा ग्रामीण सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए 13 सेवाएँ शुरू की गई हैं।

19.भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 07.10.2025 की अपनी अधिसूचना के माध्यम से ग्रामीण सहकारी बैंकों को अपनी एकीकृत ऑमबुड्समैन योजना में शामिल कर लिया है। इससे ग्रामीण सहकारी बैंकों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी।

20.भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 04.12.2025 के मास्टर निदेश के माध्यम से राज्य सहकारी बैंकों (एसटीसीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) को स्वचालित मार्ग के तहत नई शाखाएं (अधिकतम 10) खोलने की अनुमति प्रदान की है । राज्य सहकारी बैंक (**एसटीसीबी**) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (**डीसीसीबी**) पात्रता के अधीन**,** अब बिना किसी देरी के नई शाखाएं खोल सकेंगे और अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे।

21.भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 28.11.2025 के मास्टर निदेश के माध्यम से ग्रामीण और शहरी सहकारी बैंकों को आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु वित्तीय मानदंडों में छूट प्रदान की है। सकल एनपीए 7% से कम और शुद्ध एनपीए 3% से अधिक न होने की पूर्व आवश्यकताओं तथा शुद्ध लाभ के मानदंडों को हटा दिया गया है। अब सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को आसानी से आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

22.भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 04.12.2025 के मास्टर निदेश के माध्यम से व्यवसाय प्राधिकार हेतु पात्रता मानदंड (ईसीबीए) के नियम जारी किए हैं, जो पूर्ववर्ती एफएसडब्ल्यूएम प्रावधानों का स्थान लेंगे। इन मानदंडों से पिछले दो वर्षों में कोई शास्ति न होने से संबंधित खंड को हटा दिया गया है। अब सहकारी बैंक आसानी से नई शाखाएं खोल सकेंगे और अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे।

(घ): शैक्षणिक कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी द्वारा एक सहयोगात्मक और परामर्शदात्री प्रक्रिया के माध्यम से बनाए जाते है । संकाय सदस्यों के एक समूह द्वारा शुरुआत में तैयार किए गए प्रत्येक पाठ्यक्रम पर संबंधित स्कूल के सहकारिता अध्ययन बोर्ड में तदुपरांत विचार-विमर्श

किया गया जाता है, जिसमें सहकारिता क्षेत्र के विशेषज्ञ भी शामिल होते हैं, तथा इसके पश्चात अकादमिक एवं अनुसंधान परिषद द्वारा अंतिम अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

विवरण-I

एनसीडीसी द्वारा सहायता प्राप्त योजनाएं/कार्यकलाप

1) निगम प्रायोजित योजनाएं:

क) सहायता प्राप्त कार्यकलाप:

एनसीडीसी सहकारी समितियों को उनके विकास के लिए ऋण (सावधि ऋण और निवेश ऋण दोनों) और सब्सिडी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ऋण घटक एनसीडीसी की अपनी स्वयं की निधियों से प्रदान किया जाता है, जबकि पात्र सब्सिडी केंद्रीय क्षेत्र की अन्य योजनाओं के साथ डवटेलिंग के बाद प्रदान की जाती है। एनसीडीसी द्वारा सहायता प्राप्त कार्यकलापों की सूची इस प्रकार है:-

i. विपणन:
ii. प्रसंस्करण:
iii. भंडारण:
iv. शीत श्रृंखला:
v. औद्योगिक:
vi. सहकारी समितियों के माध्यम से आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण:
vii. ऋण और सेवा सहकारी समितियां/अधिसूचित सेवाएं:
viii. सहकारी बैंकिंग इकाई:
ix. कृषि सेवाएं:
x. जिला योजनागत योजनाएं:

xi. दुर्बल वर्ग सहकारी समितियां**:**

xii. सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए सहायता**:**

xiii. संवर्धनात्मक एवं विकासात्मक कार्यक्रम

ख) एनसीडीसी के केंद्रित उत्पाद:

I. **युवा सहकार - सहकारी उद्यम सहायता और नवाचार योजना:** इस योजना का उद्देश्य नए और/या नवोन्मेषी विचारों वाली नवस्थापित सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करना है।

II. **नंदिनी सहकार:** इस योजना का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है और महिला सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाओं की उद्यमशीलता की गतिशीलता को सहायता प्रदान करना । यह योजना महिलाओं के उद्यम, व्यवसाय योजना प्रतिपादन, क्षमता विकास, ऋण और सब्सिडी, और/या अन्य योजनाओं के ब्याज अनुदान के महत्वपूर्ण इनपुट को अभिसरित करती है।

III. **स्वयं शक्ति सहकार योजना:** महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को ऋण/अग्रिम प्रदान करने के लिए कृषि ऋण सहकारी समितियों को एनसीडीसी की वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना।

IV. **दीर्घावधि कृषक पूंजी सहकार योजना**: एनसीडीसी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कार्यकलापों/वस्तुओं/सेवाओं के लिए दीर्घकालिक ऋण/अग्रिम के आगे संवितरण हेतु कृषि ऋण सहकारी समितियों को एनसीडीसी की दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना।

V. **एनसीडीसी नकद क्रेडिट ऋण:** सहकारी समितियों के लिए कार्यशील पूंजी योजना, जिसके तहत वाणिज्यिक बैंकों की कैश क्रेडिट सीमा की तर्ज पर ₹20 करोड़ तक का ऋण प्रदान किया जाता है — जिसमें आसान निकासी, शून्य प्रक्रिया शुल्क और वार्षिक नवीनीकरण का

विकल्प शामिल है।

VI. **सहकार नवाचार योजना:** यह योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** में पात्र सहकारी समितियों को **₹25 लाख तक की अनुदान सहायता** प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी, ताकि नवाचार, नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने, नवीन उत्पादों, सेवाओं एवं व्यावसायिक मॉडलों के विकास, बाजार लिंकेज और संधारणीयता-उन्मुख पहलों को बढ़ावा दिया जा सके, जिससे सहकारी क्षेत्र को सशक्त किया जा सके और नवोन्मेषी तथा मापनीय विचारों वाली उभरती सहकारी समितियों को सहायता प्रदान की जा सके।

2) अन्य केंद्रीय योजनाएं:

क) राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) योजना को सहायता अनुदान- सहकारिता मंत्रालय

ख) कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई) भंडारण और भंडारण अवसरंचना के अलावा अन्य केंद्रीय क्षेत्रक एकीकृत कृषि विपणन योजना (सीएसआईएसएएम) की उप-योजना - कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय।

ग) बागवानी के एकीकृत विकास के लिए मिशन (एमआईडीएच) - एकीकृत कटाई बाद प्रबंधन - कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय।

घ) कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत वित्तपोषण सुविधा के माध्यम से ब्याज अनुदान एवं ऋण गारंटी - कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय।

ङ) कृषि विस्तार एवं प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमएईटी) के बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी) के अंतर्गत बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहायता घटक।

च) पीएम मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) – मत्स्य पालन विभाग; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय।

(i) मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) की स्थापना और संवर्धन।

(ii) प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना (पीएम-एमकेएसएसवाई) – मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित पीएमएमएसवाई (PMMSY) के तहत एक उप-योजना।

छ) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई)- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय।

ज) 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की स्थापना और संवर्धन की योजना– कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय।

झ) (i) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) – खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन योजना - खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय।

(ii) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) – एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना - खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय।

(iii) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) – कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) के लिए अवसंरचना का सृजन- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय।

ञ) नेशनल शेडयूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएसटीएफडीसी) - जनजातीय कार्य मंत्रालय

ट) राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम)- पशुपालन और डेयरी विभाग; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय।

ठ) राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) पशुपालन और डेयरी विभाग; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय।

ड) पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ), मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी

मंत्रालय

ढ) **सूक्ष्म और लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)**- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई)

ण) **राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन (एनबीएचएम)–** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एमओए एंड एफडब्ल्यू)

त) **कृषि यांत्रिकीकरण उप मिशन (एसएमएएम) -** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एमओए एंड एफडब्ल्यू)

विवरण-II

स्वयंशक्ति सहकार योजना पर अनुपूरक टिप्पणी

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) वर्ष 1963 में संसद के एक अधिनियम के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक शीर्ष स्तरीय सांविधिक संस्थान है । एनसीडीसी की स्थापना सहकारी सिद्धांतों के आधार पर कृषि उपज, खाद्य पदार्थों, औद्योगिक वस्तुओं, पशुधन तथा कुछ अन्य वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, भंडारण, आयात और निर्यात के लिए कार्यक्रमों की योजना बनाने एवं उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। एनसीडीसी (NCDC) प्राथमिक, जिला और शीर्ष / बहु-राज्य—इन तीनों स्तरों पर सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एनसीडीसी सहकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है।

I) योजना का उद्देश्य:

- निर्धन वर्ग हेतु सुलभ, किफ़ायती एवं भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता I
- महिला स्वयं सहायता समूहों को सामान्य/सामूहिक सामाजिक-आर्थिक कार्यकलापों को शुरू करने हेतु पर्याप्त बैंक ऋण तक पहुँच सुगम बनाना।

- सतत आजीविका का संवर्धन

II) सहायता के लिए पात्र सहकारी समितियां:

इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित प्रकार की कृषि क्रेडिट सहकारी समितियां एनसीडीसी के ऋण हेतु पात्र होंगी:

- प्राथमिक कृषि क्रेडिट सहकारी समितियां (पैक्स)
- जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी)
- राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी)
- एसएचजी संघीय सहकारी समितियां/सहकारी परिसंघ

III) पात्रता मानदंड

प्रत्यक्ष वित्तपोषण के निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करने वाली ऋण सहकारी समितियों को एनसीडीसी ऋण प्रदान किया जाएगा :

i) सहकारी समिति कम से कम 3 वर्षों से प्रचालन में होनी चाहिए।

ii) सहकारी समितियों की नेट वर्थ सकारात्मक होनी चाहिए, जो कि चुकता शेयर पूंजी के 100% से कम न हो, अर्थात् चुकता शेयर पूंजी में कोई क्षरण नहीं होना चाहिए।

iii) सहकारी समितियों को पिछले तीन वर्षों के दौरान कोई नकद हानि न हुई हो तथा पिछले तीन वर्षों में से कम से कम दो वर्षों में निवल लाभ अर्जित किया गया हो।

IV) वह उद्देश्य जिनके लिए एनसीडीसी सहायता का प्रदान की जाएगी:

महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कार्यशील पूंजी ऋण या सावधि ऋण के आगे संवितरण हेतु पात्र ऋण सहकारी समितियों को एनसीडीसी सहायता प्रदान की जाएगी।

V) वित्तपोषण का पैटर्न:

ऋण सहकारी समितियों की आवश्यकता के अनुसार तथा महिला स्वयं सहायता समूहों (**एसएचजी**) को अल्पकालिक/मध्यमकालिक ऋण के आगे संवितरण हेतु एनसीडीसी द्वारा मूल्यांकित (ऋण सहकारी समितियों के ऋण व्यवसाय कारोबार के अनुसार) ऋण प्रदान किया जाएगा।

VI) प्रतिभूति:

ऋण एनसीडीसी की संतुष्टि निम्नलिखित में से किसी एक, या दो या अधिक के संयोजन द्वारा प्रतिभूत किया जाएगा**:**

i. ऋण राशि के कम से कम 1.50 गुना मूल्य की ऋण सहकारी समितियों की अचल परिसंपत्तियों का बंधक।
ii. ऋण राशि के कम से कम 1.10 गुना अंकित मूल्य की सावधि जमा रसीदों का गिरवी रखना।
iii. राज्य सरकार की गारंटी / बैंक गारंटी।
iv. महिला स्वयं सहायता समूहों (**एसएचजी)** से प्राप्य ऋण सहकारी समितियों के ऋणों/अग्रिमों का हाइपोथेकेशन, जो ऋण राशि के कम से कम 1.25 गुना तक हो।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, ऋण समझौता तथा मांग वचन पत्र की शर्त भी रखी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर, पोस्ट डेटेड चेक भी सुरक्षा दस्तावेजों का हिस्सा होंगे।

VII) ऋण जारी करने का तरीका:

आवेदन प्राप्त होने पर, प्रस्ताव की मेरिट के आधार पर ऋण स्वीकृत किया जाएगा। ऋण संवितरण औपचारिकताएं पूरी करने तथा स्वीकृति आदेश में निर्धारित निबंधनों एवं शर्तों को पूरा करने के पश्चात किया जाएगा, और यह ऋण आहरण की निर्धारित अवधि के भीतर एक या अधिक किस्तों में होगा।

VIII) ऋण की अवधि/अधिस्थगन/ब्याज दर:

अल्पकालिक कार्यशील पूंजी ऋण 3 वर्ष तक की अवधि के लिए होगा, जिसमें मूलधन के भुगतान पर अधिकतम 6 महीने का ऋण स्थगन प्रदान किया जाएगा। हालांकि, ब्याज के भुगतान में किसी भी

प्रकार का ऋण स्थगन लागू नहीं होगा । ऋण सहकारी समितियां वार्षिक सत्यापन के आधार पर **5** वर्षों के लिए रिवॉल्विंग आधार पर भी कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त कर सकती हैं। ऋण का पुनर्भुगतान अर्धवार्षिक किस्तों में किया जाएगा।

IX) ब्याज दर:

समय-समय पर यथा-संशोधित ब्याज दर संबंधी एनसीडीसी के परिपत्र के अनुसार।

X) प्रसंस्करण शुल्क एवं कानूनी शुल्क:

प्रत्यक्ष वित्तपोषण के मामले में, सहकारी समिति स्वीकृत राशि के 0.5% की दर से प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान करेगी, जो अधिकतम 3.00 लाख रुपये अधीन होगा तथा भुगतान के समय लागू कर इसमें जोड़ा जाएगा । तथापि, 1 वर्ष तक के कार्यशील पूंजी ऋण के लिए कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं लिया जाएगा । उधारकर्ता सहकारी समिति प्रतिभूति/सुरक्षा दस्तावेजों के निष्पादन पर होने वाले कानूनी व्यय का वहन करेगी।

<u>विवरण-III</u>

नंदिनी सहकार पर अनुपूरक टिप्पणी

(ग): एनएसएफडीसी, एनबीसीएफडीसी और एनएसकेएफडीसी द्वारा मध्य प्रदेश में मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से आयोजित कौशल प्रशिक्षण का ब्यौरा **विवरण-III** में दिया गया है।

(घ): मध्य प्रदेश में वर्ष 2023-24 में प्रशिक्षण लागत के लिए 30.71 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई और पात्र प्रशिक्षुओं को वजीफे के रूप में 6.71 करोड़ रुपये जारी किए गए।

(ङ): मध्य प्रदेश में कुल 13,635 प्रशिक्षुओं ने रोजगार (प्लेसमेंट) प्राप्त किया है।

विवरण -I

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थियों का राज्यवार ब्यौरा

वर्ष	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
	प्रशिक्षित लाभार्थी	**प्रशिक्षित लाभार्थी**	**प्रशिक्षित लाभार्थी**
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम			
आंध्र प्रदेश	675	429	190
असम	250	633	1198
बिहार	1187	424	841
चंडीगढ़	0	110	0
छत्तीसगढ़	243	75	153
दिल्ली	111	191	143

गोवा	0	100	0
गुजरात	514	170	266
हरियाणा	545	315	669
हिमाचल प्रदेश	210	359	300
जम्मू-कश्मीर	270	527	180
झारखंड	300	230	373
कर्नाटक	843	350	925
केरल	313	90	25
लद्दाख	0	0	30
मध्य प्रदेश	1247	1605	6231
महाराष्ट्र	753	417	3773
मणिपुर	109	143	0
ओडिशा	555	90	385
पुडुचेरी	17	0	30
पंजाब	1124	1189	1038
राजस्थान	798	495	2989
तमिलनाडु	505	235	1415
तेलंगाना	279	60	510
त्रिपुरा	90	80	202
उत्तर प्रदेश	3749	947	8144
उत्तराखंड	309	187	570
पश्चिम बंगाल	1399	923	80
कुल योग	**16,395**	**10,374**	**30,660**

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थियों का राज्यवार ब्यौरा

वर्ष	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	**प्रशिक्षित लाभार्थी**	**प्रशिक्षित लाभार्थी**	**प्रशिक्षित लाभार्थी**
आंध्र प्रदेश	653	690	120
असम	1332	724	1896

बिहार	1399	1400	882
छत्तीसगढ़	390	324	440
दिल्ली	179	136	55
गोवा	0	25	0
गुजरात	854	450	295
हरियाणा	419	427	740
हिमाचल प्रदेश	120	380	360
जम्मू-कश्मीर	495	446	770
झारखंड	515	531	415
लद्दाख	50	0	30
कर्नाटक	508	260	959
केरल	546	263	85
मध्य प्रदेश	1115	1289	7815
महाराष्ट्र	1117	364	5029
मणिपुर	407	200	0
मेघालय	30	140	0
ओडिशा	413	610	549
पांडिचेरी	34	0	0
पंजाब	471	480	839
राजस्थान	1129	799	3456
सिक्किम	155	25	25
तमिलनाडु	632	347	615
तेलंगाना	441	130	410
त्रिपुरा	419	210	285
उत्तर प्रदेश	3109	2177	10730
उत्तराखंड	180	325	497
पश्चिम बंगाल	1044	223	110
कुल	**18,156**	**13,375**	**37,407**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थियों का राज्यवार ब्यौरा

वर्ष	2021-22	2022-23	2023-24
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	प्रशिक्षित लाभार्थी	प्रशिक्षित लाभार्थी	प्रशिक्षित लाभार्थी
आंध्र प्रदेश	839	850	15
असम	488		539
बिहार	446	216	390
छत्तीसगढ़	377	242	
दिल्ली	47		
गुजरात	415	290	62
हरियाणा		728	479
हिमाचल प्रदेश	568		225
जम्मू-कश्मीर	0	319	90
झारखंड	426	29	320
कर्नाटक		180	210
केरल			88
मध्य प्रदेश	898	1328	3146
महाराष्ट्र	93	480	1244
ओडिशा	49	604	298
पंजाब	782	1215	245
राजस्थान		89	1489
तमिलनाडु		429	110
तेलंगाना		676	135
त्रिपुरा		180	
उत्तर प्रदेश	929	1043	2430
उत्तराखंड	190		180
पश्चिम बंगाल	904	374	423
कुल	**7,451**	**9,272**	**12,118**

विवरण-II

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम

क्र.सं.	वित्त वर्ष	प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रकार	प्रशिक्षित लाभार्थियों की संख्या
1	2021-22	अपस्किलिंग	177
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम	235
		अल्पकालिक प्रशिक्षण	590
		दीर्घकालिक प्रशिक्षण	245
2	2022-23	अपस्किलिंग	80
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम	0
		अल्पकालिक प्रशिक्षण	1130
		दीर्घकालिक प्रशिक्षण	395
3	2023-24	अपस्किलिंग	600
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम	360
		अल्पकालिक प्रशिक्षण	1232
		दीर्घकालिक प्रशिक्षण	4039

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

क्र.सं.	वित्त वर्ष	प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रकार	प्रशिक्षित लाभार्थियों की संख्या
1	2021-22	अपस्किलिंग	169
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम	400
		अल्पकालिक प्रशिक्षण	476
		दीर्घकालिक प्रशिक्षण	70
2	2022-23	अपस्किलिंग	405
		उद्यमिता विकास	230

		कार्यक्रम	
		अल्पकालिक प्रशिक्षण	389
		दीर्घकालिक प्रशिक्षण	200
		वृद्धावस्था सहायता	65
3	2023-24	अपस्किलिंग	565
		उद्यमिता विकास	420
		कार्यक्रम	
		अल्पकालिक प्रशिक्षण	4755
		दीर्घकालिक प्रशिक्षण	2075

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम

क्र.सं.	वित्त वर्ष	प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रकार	प्रशिक्षित लाभार्थियों की संख्या
1	2021-22	अल्पकालिक प्रशिक्षण	210
		अपस्किलिंग	688
2	2022-23	अल्पकालिक प्रशिक्षण	284
		अपस्किलिंग	1044
3	2023-24	अल्पकालिक प्रशिक्षण	2265
		अपस्किलिंग	881

<u>विवरण-III</u>

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिला	नौकरी भूमिका (जॉब रोल) / प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम
मध्य प्रदेश	अगर मालवा	सहायक डिजाइनर - फैशन, होम और
		मेड-अप (संस्करण 2)
		मल्टी स्किल तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) (संस्करण 2)
		स्कूल में आईटी समन्वयक (संस्करण 3)
		ईडीपी
	अशोक नगर	स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण-3)

	बालाघाट	स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण-3)
	बड़वानी	सहायक डिजाइनर - फैशन, होम और
		मेड-अप (संस्करण 2)
		ईडीपी
		स्ट्रीट फूड विक्रेता - स्टैंडअलोन (संस्करण 2)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण-3)
	बैतूल	सौर पैनल स्थापना तकनीशियन (संस्करण 3)
		कूरियर एक्जिक्यूटिव - संचालन (संस्करण 2)
		वेयरहाउस एसोसिएट (संस्करण 2)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण 3)
	भिंड	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण .3)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण .3)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण -3)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		सहायक डिजाइनर - फैशन, होम और
		मेड-अप (संस्करण 2)
	भोपाल	फैशन डिजाइनर (संस्करण .2)
		मशीन ऑपरेटर सहायक - ब्लो मोल्डिंग
		(संस्करण 1)
		मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण)
		(संस्करण 2)
		फैशन डिजाइनर (संस्करण 2)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		वेल्डर (जीटीएडब्ल्यू) (संस्करण 4)
	दमोह	स्ट्रीट फूड विक्रेता - स्टैंडअलोन (संस्करण 2)
		प्रलेखन कार्यकारी (संस्करण 3)
	देवास	टेलीहेल्थ सेवा समन्वयक (संस्करण 1)
	धार	स्कूल में आईटी समन्वयक (संस्करण 3)
		ईडीपी
	डिंडोरी	पारंपरिक नाश्ता और नमकीन बनाने वाला (संस्करण 3)
	गुना	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)

		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
	ग्वालियर	मशीन ऑपरेटर सहायक - प्लास्टिक
		प्रसंस्करण (संस्करण 1)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		फैशन डिजाइनर (संस्करण 2)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर (संस्करण 3)
	हरदा	सिलाई मशीन ऑपरेटर (संस्करण 3)
		वेयरहाउस एग्जीक्यूटिव (संस्करण 2)
	नर्मदापुरम	सिलाई मशीन ऑपरेटर (संस्करण 3)
		सौर पैनल स्थापना तकनीशियन (संस्करण 3)
	इंदौर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		टैली के साथ वित्तीय लेखांकन में प्रमाण-पत्र
		ईआरपी
		सौर ऊर्जा स्थापना, संचालन और
		रखरखाव
		ईडीपी
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		फैशन डिजाइनर (संस्करण 2)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण-3)
		सहायक डिजाइनर - फैशन, होम और
		मेड-अप (संस्करण 2)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		मशीन ऑपरेटर और प्रोग्रामर प्लास्टिक सीएनसी
		लेथ मशीन
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		गृह स्वास्थ्य सहायता (संस्करण 3)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
	नर्मदापुरम	फील्ड तकनीशियन और अन्य होम एप्लायंसेज
		(संस्करण 3)

	जबलपुर	मल्टी स्किल तकनीशियन - कंज्यूमर ड्यूरेबल्स
		(संस्करण 1)
		अतिथि सेवा कार्यकारी (फ्रंट ऑफिस) (संस्करण 3)
		फ्लेबोटोमिस्ट (संस्करण 2)
		गृह स्वास्थ्य सहायता (संस्करण 3)
		जनरल ड्यूटी असिस्टेंट - एडवांस (संस्करण .2)
		गृह स्वास्थ्य सहायता (संस्करण 3)
	खंडवा	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट - एडवांस (संस्करण .2)
		टेलीकॉम कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव - कॉल
		सेंटर/रिलेशनिशप सेंटर (संस्करण 4)
		जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर (संस्करण 3)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण-3)
	खरगोन	घरेलू डाटा एंट्री ऑपरेटर (संस्करण 3)
		ईडीपी
	मंडला	काउंटर सेल्स एग्जीक्यूटिव (पर्यटन और
		आतिथ्य) (संस्करण 3)
		स्ट्रीट फूड विक्रेता - स्टैंडअलोन (संस्करण 2)
	मुरैना	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण -3)
		वेल्डर (जीटीएडब्ल्यू) (संस्करण 4)
	नरसिंहपुर	स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण 3)
		स्ट्रीट फूड विक्रेता - स्टैंडअलोन (संस्करण 2)
	रायसेन	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण-3)
	राजगढ़	ईडीपी
		स्ट्रीट फूड विक्रेता - स्टैंडअलोन (संस्करण 2)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
	रीवा	स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण 3)
	सागर	स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण 3)
	सीहोर	फील्ड तकनीशियन और अन्य होम एप्लायंसेज
		(संस्करण 3)

		मकई प्रसंस्करण तकनीशियन (संस्करण .1)
		डेयरी उत्पाद प्रोसेसर (संस्करण 2)
		स्ट्रीट फूड विक्रेता - स्टैंडअलोन (संस्करण 2)
		स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण-3)
		सौर पैनल स्थापना तकनीशियन (संस्करण 3)
	शहडोल	पारंपरिक नाश्ता और नमकीन बनाने वाला (संस्करण 3)
	शाजापुर	स्कूल में आईटी समन्वयक (संस्करण 3)
		ईडीपी
	श्योपुर	सहायक डिजाइनर - फैशन, होम और
		मेड-अप (संस्करण 2)
	शिवपुरी	सहायक डिजाइनर - फैशन, होम और
		मेड-अप (संस्करण 2)
		स्कूल में आईटी समन्वयक (संस्करण 3)
	सिंगरौली	स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण 3)
		जनरल ड्यूटी असिस्टेंट - एडवांस (संस्करण 2)
		टेलीकॉम कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव – कॉल
		सेंटर/रिलेशनिशप सेंटर (संस्करण 4)
		जनरल ड्यूटी असिस्टेंट - एडवांस (संस्करण 2)
		सौर एलईडी तकनीशियन (संस्करण 3)
	टीकमगढ़	स्व-नियोजित दर्जी (संस्करण 3)
	उज्जैन	सहायक डिजाइनर - फैशन, होम और
		मेड-अप (संस्करण 2)
		मल्टी स्किल तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) (संस्करण 2)
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		ईडीपी
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव (संस्करण 3)
		मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण)
		(संस्करण 2)
	विदिशा	सीसीटीवी स्थापना तकनीशियन (संस्करण .3)

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिला	नौकरी भूमिका (जॉब रोल)/प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम
मध्य प्रदेश	अगर मालवा	सहायक डिजाइनर- फैशन, होम और मेड-अप्स
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम
		मल्टी स्किल तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल)
	अशोक नगर	स्व-नियोजित दर्जी
	बालाघाट	स्व-नियोजित दर्जी
	बड़वानी	सहायक डिजाइनर- फैशन, होम और मेड-अप्स
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम
		स्व-नियोजित दर्जी
		पारंपरिक स्नैक और नमकीन मेकर
	बैतूल	कूरियर कार्यकारी - संचालन
		स्व-नियोजित दर्जी
		वेयरहाउस एसोसिएट
	भिंड	सहायक डिजाइनर- फैशन, होम और मेड-अप्स
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		स्व-नियोजित दर्जी
	भोपाल	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		फैशन डिजाइनर
		मशीन ऑपरेटर सहायक - ब्लो मोल्डिंग
		मशीन ऑपरेटर सहायक - प्लास्टिक एक्सट्रूज़न
		मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण)
		स्व-नियोजित दर्जी
		स्व-नियोजित दर्जी संस्करण 3
		वेल्डर - (जीटीएडब्लयू)
	छिंदवाड़ा	स्व-नियोजित दर्जी
	दमोह	सहायक इलेक्ट्रीशियन
		प्रलेखन कार्यकारी
	देवास	टेलीहेल्थ सेवा समन्वयक

	धार	उद्यमिता विकास कार्यक्रम
	गुना	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	ग्वालियर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव संस्करण 2
		फैशन डिजाइनर
		जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर
		मशीन ऑपरेटर सहायक - प्लास्टिक प्रसंस्करण
	हरदा	सिलाई मशीन ऑपरेटर
		वेयरहाउस एक्जीक्यूटिव
	नर्मदापुरम	फील्ड तकनीशियन अन्य होम एप्लायंसेज
		सिलाई मशीन ऑपरेटर
		सौर पैनल स्थापना तकनीशियन
	इंदौर	सहायक डिजाइनर- फैशन, होम और मेड- अप्स
		ऑटोमोटिव एक्सेसरी फिटर
		सीएनसी टर्निंग में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम
		टैली ईआरपी के साथ वित्तीय लेखांकन में प्रमाणपत्र
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव संस्करण 2
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम
		फैशन डिजाइनर
		गृह स्वास्थ्य सहयोगी
		मशीन ऑपरेटर और प्रोग्रामर - सीएनसी लेथ
		स्व-नियोजित दर्जी संस्करण 3
		सौर ऊर्जा स्थापना, संचालन और रखरखाव
	नर्मदापुरम	फील्ड तकनीशियन अन्य होम एप्लायंसेज
	जबलपुर	कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव संस्करण 2
		जनरल ड्यूटी असिस्टेंट-एडवांस्ड
		अतिथि सेवा कार्यकारी (फ्रंट ऑफिस)
		गृह स्वास्थ्य सहयोगी
		फ्लेबोटोमिस्ट

		स्व-नियोजित दर्जी
	खंडवा	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट-एडवांस्ड
		जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर
		स्व-नियोजित दर्जी
		टेलीकॉम कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव - कॉल सेंटर/रिलेशनशिप सेंटर
	खरगोन	घरेलू डाटा एंट्री ऑपरेटर
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम
		स्कूल में आईटी समन्वयक
	मंडला	काउंटर सेल्स एग्जीक्यूटिव (पर्यटन और आतिथ्य)
		पारंपरिक स्नैक और नमकीन मेकर
	मुरैना	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		स्व-नियोजित दर्जी
		वेल्डर - (जीटीएडब्ल्यू)
	नरसिंहपुर	काउंटर सेल्स एग्जीक्यूटिव (पर्यटन और आतिथ्य)
		मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण)
		स्व-नियोजित दर्जी
		पारंपरिक स्नैक और नमकीन मेकर
	नीमच	स्व-नियोजित दर्जी
	पन्ना	सहायक इलेक्ट्रीशियन
		वेल्डर - (जीटीएडब्ल्यू)
	रायसेन	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		स्व-नियोजित दर्जी
	राजगढ़	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम
	रीवा	मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण)
	सागर	मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण)
		स्व-नियोजित दर्जी

		योग वेलनेस ट्रेनर
	सीहोर	मकई प्रसंस्करण तकनीशियन
		डेयरी उत्पाद प्रोसेसर
		फील्ड तकनीशियन अन्य होम एप्लायंसेज
		स्व-नियोजित दर्जी
		सौर पैनल स्थापना तकनीशियन
		पारंपरिक स्नैक और नमकीन मेकर
	शाजापुर	उद्यमिता विकास कार्यक्रम
		स्कूल में आईटी समन्वयक
	श्योपुर	सहायक डिजाइनर-फैशन, होम और मेड- अप्स
	शिवपुरी	सहायक डिजाइनर- फैशन, होम और मेड- अप्स
		स्कूल में आईटी समन्वयक
	सिंगरौली	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट-एडवांस्ड
		स्व-नियोजित दर्जी
		सौर एलईडी तकनीशियन
		टेलीकॉम कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव - कॉल सेंटर/रिलेशनशिप सेंटर
	टीकमगढ़	स्व-नियोजित दर्जी
	उज्जैन	सहायक डिजाइनर- फैशन, होम और मेड-अप्स
		कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
		कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव संस्करण 2
		उद्यमिता विकास कार्यक्रम
		मल्टी स्किल तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल)
		मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण) वी2
	विदिशा	सीसीटीवी स्थापना तकनीशियन

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिला	नौकरी भूमिका (जॉब रोल(/ प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम
मध्य प्रदेश	भोपाल	सफाई कर्मचारी
	भोपाल	कचरा बीनने वाला

	छिंदवाड़ा	सफाई कर्मचारी
	छिंदवाड़ा	कचरा बीनने वाला
	नर्मदापुरम	सफाई कर्मचारी
	नर्मदापुरम	कचरा बीनने वाला
	इंदौर	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	जबलपुर	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	भोपाल	सफाई कर्मचारी
	दमोह	सफाई कर्मचारी
	उज्जैन	सफाई कर्मचारी
	विदिशा	सफाई कर्मचारी
	विदिशा	स्व-नियोजित दर्जी
	भोपाल	स्व-नियोजित दर्जी
	इंदौर	स्व-नियोजित दर्जी
	इंदौर	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	जबलपुर	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	खंडवा	स्व-नियोजित दर्जी
	रीवा	सफाई कर्मचारी
	उज्जैन	स्व-नियोजित दर्जी
	धार	सफाई कर्मचारी
	इंदौर	सफाई कर्मचारी
	इंदौर	सफाई कर्मचारी
	रतलाम	सफाई कर्मचारी
	भोपाल	स्व-नियोजित दर्जी
	छिंदवाड़ा	स्व-नियोजित दर्जी
	जबलपुर	स्व-नियोजित दर्जी
	मंडला	काउंटर सेल्स एग्जीक्यूटिव
	नरसिंहपुर	काउंटर सेल्स एग्जीक्यूटिव
	नरसिंहपुर	स्व-नियोजित दर्जी
	नीमच	स्व-नियोजित दर्जी
	रीवा	स्व-नियोजित दर्जी
	सागर	स्व-नियोजित दर्जी

	सिंगरौली	स्व-नियोजित दर्जी
	नर्मदापुरम	फील्ड तकनीशियन अन्य होम एप्लायंसेज
	सीहोर	फील्ड तकनीशियन अन्य होम एप्लायंसेज
	भोपाल	सफाई कर्मचारी
	धार	सफाई कर्मचारी
	इंदौर	सफाई कर्मचारी
	हरदा	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	इंदौर	कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव वर्जन
	भोपाल	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	इंदौर	स्व-नियोजित दर्जी
	जबलपुर	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	खंडवा	सिलाई मशीन ऑपरेटर
	इंदौर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	सीहोर	डेयरी उत्पाद प्रोसेसर
	अगर मालवा	स्कूल में आईटी समन्वयक
	छतरपुर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	धार	स्कूल में आईटी समन्वयक
	खंडवा	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव कॉल सेंटर
	खरगोन	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	खरगोन	स्कूल में आईटी समन्वयक
	शाजापुर	स्कूल में आईटी समन्वयक
	सिंगरौली	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव कॉल सेंटर
	उज्जैन	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	राजगढ़	सफाई कर्मचारी
	राजगढ़	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	राजगढ़	जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर
	भिंड	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	भिंड	स्व-नियोजित दर्जी
	भोपाल	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	भोपाल	आयरन एंड स्टील-टंगस्टन अक्रिय गैस वेल्डर (जीटीएडब्ल्यू)

	ग्वालियर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	ग्वालियर	जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर
	खंडवा	जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर
	खंडवा	स्व-नियोजित दर्जी
	मुरैना	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	मुरैना	आयरन एंड स्टील-टंगस्टन अक्रिय गैस वेल्डर (जीटीएडब्ल्यू)
	मुरैना	स्व-नियोजित दर्जी
	रायसेन	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	रायसेन	स्व-नियोजित दर्जी
	इंदौर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	सिंगरौली	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेनी
	अशोक नगर	स्व-नियोजित दर्जी
	गुना	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	राजगढ़	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	श्योपुर	सहायक फैशन डिजाइनर
	इंदौर	गृह स्वास्थ्य सहयोगी प्रशिक्षु
	इंदौर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	बालाघाट	स्व-नियोजित दर्जी
	छिंदवाड़ा	स्व-नियोजित दर्जी
	नरसिंहपुर	स्व-नियोजित दर्जी
	सागर	स्व-नियोजित दर्जी
	इंदौर	कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव
	विदिशा	सीसीटीवी स्थापना तकनीशियन
	बुरहानपुर	सफाई कर्मचारी
	उज्जैन	सौंदर्य चिकित्सक

डिजिटल कृषि मिशन

3879. श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:

डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डिजिटल कृषि मिशन (डीएएम) की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके डिजिटल उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और बाजार संपर्कों के माध्यम से देश भर में राज्य-वार, विशेषकर महाराष्ट्र में, कितने किसान लाभान्वित हुए है;

(ख) प्रौद्योगिकी, कृषि संबंधी डेटा और मौसमपूर्वानुमान तक पहुंच में सुधार हेतु डिजिटल कृषि मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए महाराष्ट्र में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में तथा छोटे और सीमांत किसानों हेतु क्या विशिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार का महाराष्ट्र में डिजिटल अवसंरचना का विस्तार करने का विचार है; और

(घ) महाराष्ट्र में क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत कौन से उपाय किए जा रहे हैं?

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर):

(क) : डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत, एग्रीस्टैक एक डिजिटल आधार है जिसे कृषि क्षेत्र में डेटा और डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाने के लिए स्थापित किया गया है ताकि विभिन्न सरकारी योजनाएं पात्र किसानों तक अधिक तेज़ी से और प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। इसमें कृषि क्षेत्र से संबंधित तीन मूलभूत रजिस्ट्री शामिल हैं, जैसे किसान रजिस्टर, जियो- रेफ्रेंस विलेज मैप और बोई गई फसल का रजिस्टर, जिसे सभी राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तैयार करके रखा जाता है।

एग्रीस्टैक कई प्रकार की डिजिटल सेवाओं और योजनाओं के सुचारू संचालन में सहायता करता है, जिनमें प्रधानमंत्री-किसान योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के लिए लाभार्थियों का सटीक लक्ष्यीकरण, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) आधारित खरीद और उर्वरक बुकिंग शामिल हैं। यह आपदा राहत वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण को आधे घंटे के भीतर स्वीकृत करना और खरीद योजनाओं में किसानों की

भागीदारी बढ़ाने के लिए बेहतर पहुंच जैसी सेवाओं की त्वरित डिलीवरी को भी सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, किसान आईडी का उपयोग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत नामांकन, पीएम-आशा की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत खरीद और फसल एवं इनपुट नियोजन में सहायता के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड से लिंक करने के लिए किया जा रहा है। साथ ही, डिजिटल फसल सर्वेक्षण डेटा का उपयोग लगभग वास्तविक समय में फसल उत्पादन अनुमान लगाने के लिए किया जा रहा है।

6 अगस्त, 2026 तक, देश भर में 10.33 करोड़ से अधिक किसान आईडी बनाई जा चुकी हैं, जिनमें महाराष्ट्र में 1.36 करोड़ से अधिक किसान आईडी शामिल हैं। किसान आईडी का राज्यवार ब्यौरा **विवरण-I** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, रबी 2025-26 के दौरान, देश के 648 जिलों में 31.3 करोड़ से अधिक भूखंडों को कवर करते हुए डिजिटल फसल सर्वेक्षण (डीसीएस) किया गया, जिसमें महाराष्ट्र के 34,99,974 भूखंड शामिल हैं। डीसीएस भूखंडों का राज्यवार ब्यौरा **विवरण-II** में दिया गया है।

(ख): किसान अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके स्वयं किसान आईडी के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। तथापि, महाराष्ट्र में किसान आईडी बनाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) के माध्यम से एक अभियान चलाया गया, ताकि अधिक से अधिक किसानों को शीघ्रातिशीघ्र अपनी किसान आईडी प्राप्त हो सके।

महाराष्ट्र ने एआई-आधारित एप्लिकेशन 'महाविस्तार' विकसित किया है, जिसके माध्यम से किसानों को उनके मोबाइल फोन पर उनकी स्थानीय भाषा में समय पर जानकारी प्रदान की जाती है, जिनमें मौसम पूर्वानुमान, फसल प्रबंधन पद्धतियां, कीट और रोग प्रबंधन, कृषि उपज की बिक्री के लिए बाजार की जानकारी और अन्य कृषि संबंधी सलाहकार सेवाएं शामिल हैं।

(ग):महाराष्ट्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य एग्रीस्टैक पहल के कार्यान्वयन के

माध्यम से डिजिटल कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और सुदृढ़ीकरण कर रहा है। इसका उपयोग कई कार्यों के लिए किया जा रहा है, जिनमें ऋण माफी योजनाओं का कार्यान्वयन, महाडीबीटी और पीओसीआरए डीबीटी प्लेटफार्मों के माध्यम से कृषि संबंधी योजनाओं के तहत लाभों का वितरण, आपदा राहत और पुनर्वास, उर्वरक वितरण और अन्य सरकारी सेवा वितरण तंत्र शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में कुशल और पारदर्शी शासन के लिए एक एकीकृत, किसान-केंद्रित डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करना है।

(घ): डिजिटल कृषि मिशन के तहत, महाराष्ट्र में सभी क्षेत्रों के किसानों को शामिल करने के लिए विशेष उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं, जिनमें वे किसान भी शामिल हैं जो क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में, वन अधिकार अधिनियम, 2006 (एफआरए) के अंतर्गत आने वाले किसानों के लिए किसान पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 4 अगस्त 2026 तक कुल 22,597 वन अधिकार धारक किसानों ने सफलतापूर्वक अपना किसान पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए पंजीकरण करा लिया है। इस पहल से इन किसानों को डिजिटल कृषि मिशन और विभिन्न किसान-केंद्रित डिजिटल सेवाओं का निर्बाध रूप से लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

<u>विवरण-I</u>

6 अगस्त, 2026 तक पूरे देश में बनाए गए किसान आईडी

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	बनाए गए किसान आईडी की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	51,21,750
2	असम	14,64,996
3	बिहार	55,50,075
4	छत्तीसगढ़	37,81,504
5	गुजरात	62,46,923
6	हरियाणा	12,26,907
7	हिमाचल प्रदेश	5,97,153
8	जम्मू और कश्मीर	160

9	कर्नाटक	66,05,504
10	केरल	25,65,507
11	मध्य प्रदेश	1,14,44,193
12	महाराष्ट्र	1,36,28,992
13	ओडिशा	20,87,004
14	पंजाब	3,85,515
15	राजस्थान	87,46,218
16	सिक्किम	38,507
17	तमिलनाडु	36,53,156
18	तेलंगाना	50,68,737
19	त्रिपुरा	91,154
20	उत्तर प्रदेश	2,47,59,182
21	उत्तराखंड	3,30,466
	कुल	**10,33,93,603**

विवरण -II

डिजिटल फसल सर्वेक्षण: रबी 2025-26

क्र.सं.	राज्य	प्लाट्स
1	आंध्र प्रदेश	1,59,76,100
2	कर्नाटक	99,42,735
3	महाराष्ट्र	34,99,974
4	राजस्थान	2,72,66,008
5	पंजाब	93,45,263
6	मध्य प्रदेश	4,81,34,982
7	तमिलनाडु	3,38,84,867
8	गुजरात	83,66,001
9	छत्तीसगढ	1,05,26,503
10	असम	36,92,559
11	उत्तर प्रदेश	5,56,88,914

12	बिहार	1,82,88,483
13	ओडिशा	3,01,09,994
14	केरल	79,62,677
15	झारखंड	1,10,82,694
16	तेलंगाना	1,03,96,925
17	मिजोरम	2,101
18	अंडमान और निकोबार	27,943
19	उत्तराखंड	11,39,769
20	जम्मू और कश्मीर	6,69,518
21	त्रिपुरा	1,97,759
कुल		31,40,04,270

मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी के भुगतान में विलंब

3880. श्री नारायणदास अहिरवारः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि बुंदेलखंड सहित राज्य-वार और जिला-वार कई स्थानों पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान में विलंब हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का पारदर्शिता बढ़ाने, भ्रष्टाचार को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि विकास योजनाओं का पूरा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, बुंदेलखंड सहित राज्य-वार और जिला-वार निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं

को, विशेषकर बुंदेलखंड के युवाओं को, उनके प्रशिक्षण की समाप्ति पर स्थानीय स्तर पर सतत रोजगार प्रदान करने के लिए कोई नई योजना या नीति आरंभ करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमलेश पासवान):

(क) और (ख): महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत, मजदूरी का भुगतान सीधे केंद्र सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रोटोकॉल के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में जमा किया जाता है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष की शुरुआत में, पिछले वर्षों की स्वीकार्य लंबित देनदारियों, यदि कोई हो, भारत सरकार द्वारा विधिवत प्रतिपूर्ति की जाती है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 तक की सभी देय और स्वीकार्य लंबित मजदूरी देनदारियों का निपटान पहले ही कर दिया गया है।

प्रस्ताव की प्रस्तुति और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी करना एक सतत प्रक्रिया है। योजना की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, राज्यों की निधियों की मांग, पहले से स्वीकृत राशि के उपयोग और अपेक्षित दस्तावेजों के साथ पूर्ण प्रस्तावों की प्राप्ति के आधार पर समय-समय पर वित्तीय मंजूरी जारी की जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष (2026-27) के दौरान, महात्मा गांधी नरेगा योजना के मजदूरी घटक के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को 912.43 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

(ग) और (घ): चूंकि विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम, 2025 1 जुलाई, 2026 से लागू हो गया है, इसलिए पारदर्शिता, जवाबदेही, प्रभावी निगरानी, समय पर निधियों के उपयोग और इच्छित परिणामों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम के तहत एक व्यापक संस्थागत, समुदाय -आधारित और तकनीकी-सक्षम ढांचा लागू किया गया है। ग्राम पंचायत, मध्यवर्ती पंचायत, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी, स्वतंत्र सामाजिक लेखा परीक्षा इकाइयों के माध्यम से अनिवार्य सामाजिक लेखा परीक्षा, रिकॉर्ड और सूचना

का सार्वजनिक प्रकटीकरण, शिकायत निवारण तंत्र, नियमित निरीक्षण और समवर्ती निगरानी कार्यान्वयन ढांचे के भाग के रूप में की जा रही है।

इस कार्यान्वयन को तकनीकी सक्षम प्रणाली के माध्यम से और सहायता प्रदान की जाती है। पारदर्शिता और प्रामाणिकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है, स्वतंत्र क्षेत्र सत्यापन और कार्यान्वयन की गुणवत्ता के आकलन के लिए क्षेत्र अधिकारी निगरानी दौरे किए जा रहे हैं, परिसंपत्तियों को तकनीकी-सक्षम, कार्यों के माप को रिकॉर्ड करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माप पुस्तकें (ई-एमबी) का उपयोग किया जा रहा है, और प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) के माध्यम से वास्तविक और वित्तीय प्रगति की निगरानी वास्तविक समय में की जा रही है। इन उपायों को बुंदेलखंड क्षेत्र सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में लागू किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजना का लाभ पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे।

दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत पहलों के समूह में से एक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) है जिसका उद्देश्य आजीविका विविधीकरण और गरीबी कम करना है। डीडीयू-जीकेवाई का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रदान करना और रोजागार से जुड़े कौशल कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना है। डीडीयू-जीकेवाई दिशानिर्देश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति(50%), महिलाओं (33%) और पीडब्ल्यूडी (5%) का सामाजिक समावेशन करता है।

मंत्रालय ने ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार क्षमता और आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए 2025-26 में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 (डीडीयू-जीकेवाई 2.0) शुरू की है, जो मांग-आधारित कौशल, उद्योग भागीदारी, रोजागार से जुड़े प्रशिक्षण और उभरती नौकरी

भूमिकाओं पर केंद्रित है। डीडीयू-जीकेवाई एक वर्ष रोजगार पश्चात ट्रैकिंग और सहायता, परामर्श, प्रवासन सहायता, पूर्व छात्र जुड़ाव, शिकायत निवारण तंत्र और अपस्किलिंग और रीस्किलिंग के अवसरों के माध्यम से दीर्घकालिक रोजगार परिणामों (न्यूनतम 6 महीने के लिए अधिकतम 20% स्व- या गिग रोजगार सहित न्यूनतम 70% नियोजन) पर जोर देता है। संशोधित ढांचे के तहत, अभ्यर्थियों को निरंतर रोजगार और करियर प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए दीर्घकालिक ट्रैक और समर्थन की आवश्यकता होती है।

प्रशिक्षण गुणवत्ता, मूल्यांकन, नियोजन परिणामों की नियमित समीक्षा और आवधिक निगरानी की जा रही है, जिससे योजना के प्रभावी कार्यान्वयन, आजीविका संवर्धन और समय पर कार्यान्वयन में योगदान हो रहा है।

बुंदेलखंड क्षेत्र में, 36036 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है और योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 23275 अभ्यर्थियों को इस योजना के तहत नियोजित किया गया है।

नार्को समन्वय केन्द्र का सुदृढ़ीकरण

3881. श्री सतीश कुमार गौतम:

क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नार्को समन्वय केन्द्र को सुदृढ़ करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) नार्को समन्वय केन्द्र के सुदृढ़ीकरण से क्या लाभ प्राप्त हुए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय):

(क) से (ग): सरकार ने सभी चार स्तरों (शीर्ष, कार्यकारी, राज्य और जिला स्तर) पर विभिन्न स्टेकहोल्डरों को शामिल करके, नए सिरे से तैयार किए गए 4-स्तरीय नार्को-समन्वय (एनकॉर्ड) तंत्र के

माध्यम से मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत किया है। यह तंत्र मादक पदार्थों की तस्करी, प्रीकर्सर डायवर्जन, मांग कम करने और पुनर्वास की निगरानी के लिए केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय के लिए एक व्यवस्थित और संस्थागत प्लेटफार्म प्रदान करता है, जिससे प्रवर्तन और खुफिया जानकारी साझा करने के बेहतर परिणाम मिलते हैं। एनकॉर्ड शीर्ष, कार्यकारी, राज्य और जिला स्तरों पर लगातार सक्रिय और कार्यात्मक रहा है। अब तक, नीति निर्माण, मंत्रालयों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं पर नियंत्रण के पूरे ढांचे की समीक्षा करने के लिए 10 शीर्ष एनकॉर्ड बैठकें और 7 कार्यकारी एनकॉर्ड बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। ऑपरेशनल स्तर पर, देश भर में 272 राज्य एनकॉर्ड बैठकें और 16,187 जिला एनकॉर्ड बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनसे जमीनी स्तर पर समन्वित प्रवर्तन कार्रवाई करने, खुफिया जानकारी साझा करने और मादक पदार्थ की तस्करी के रूझान की नियमित निगरानी में मदद मिली है। इन

बैठकों ने विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग को और अधिक सुदृढ़ किया है, संयुक्त अभियानों को सुगम बनाया है तथा विभिन्न राज्यों में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्कों के विरुद्ध लक्षित कार्रवाई को समर्थन प्रदान किया है। आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए एनकॉर्ड समिति की बैठकों के निर्देशों के कार्यान्वयन की स्थिति की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। इन एनकॉर्ड बैठकों से मिले इनपुट स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा मादक पदार्थ नियंत्रण संबंधी विजन डॉक्यूमेंट (वर्ष 2026-2029) का मसौदा तैयार करने में उपयोगी साबित हुए हैं। इसके अलावा, एक एनकॉर्ड पोर्टल बनाया गया है, जो मादक पदार्थों और एनसीबी से संबंधित समस्त जानकारी के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है और साथ ही एनकॉर्ड तंत्र के सभी चार स्तरों के लिए एक संपूर्ण नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम (केएमएस) के रूप में भी कार्य करता है। यह भारत सरकार द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरूद्ध शुरू की गई पहलों पर जानकारी के भंडार के रूप में भी कार्य करता है। इसके अलावा, एनकॉर्ड तंत्र से मादक-पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र (मानस) - 24x7 टोल-फ्री हेल्पलाइन (1933), गिरफ्तार

नार्को-अपराधियों पर राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निदान) पोर्टल, मिशन स्पंदन - जागरूकता के लिए आध्यात्मिक संस्थानों के साथ साझेदारी जैसी नई पहलें उभर कर सामने आई हैं।

LIVESTOCK INSURANCE UNDER NATIONAL LIVESTOCK MISSION

3882. SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY:

SHRIMATI BIJULI KALITA MEDHI:

Will the Minister of **FISHERIES, ANIMAL HUSBANDRY AND DAIRYING** be pleased to state:

(a) the number of livestock insured under the National Livestock Mission (NLM) and livestock population as per the latest Livestock Census during each of the last three years, State-wise;

(b) the details of the Central and State Governments' fiscal contributions towards subsidizing livestock insurance premiums under the scheme including any changes made to the premium sharing pattern during the said period, State-wise;

(c) whether the Government has assessed the existing per-household insurance subsidy limit is inadequate for farmers and entrepreneurs expanding their operations under the Mission's entrepreneurship components, if so, the details thereof;

(d) whether such a limit could discourage the scale-up of livestock enterprises envisaged under the Mission;

(e) whether the Government is considering increasing the subsidy limit or reducing the GST burden on livestock insurance premiums for herd sizes exceeding the existing subsidy cap, with a view to making insurance coverage more affordable for entrepreneurs expanding their livestock enterprises and if so, the details thereof; and

(f) whether the Government has any planned financial outlay for strengthening veterinary infrastructure and services in the country, if so, the details thereof?

THE MINISTER OF PANCHAYATI RAJ; AND MINISTER OF FISHERIES, ANIMAL HUSBANDRY AND DAIRYING(SHRI RAJIV RANJAN SINGH *ALIAS* LALAN SINGH):

(a) to (e): State-wise number of livestock insured during each of the last three years is placed at **Statement-I**. State-wise livestock population as per 20th Livestock Census is placed at **Statement-II**.

To make livestock insurance more affordable and to increase the coverage, Government has revised the beneficiary share and animal limit per household under the National Livestock Mission (NLM) in the March 2024. Details of these changes are given below:

Criteria	**Before March 2024**	**After march 2024**
Beneficiary Share	20%–50% (APL, BPL, SC, ST) based on category and place of residence. The detail is placed at **Statement-III.**	Uniform 15% irrespective of category and place of residence

No. of animals to be insured per household	5 cattle unit (1 cattle unit = 1 large animal /10 small animals)	10 Cattle Unit except pig and rabbit for which it remained 5 Cattle Unit

The remaining premium share is shared between the Central and the State in the ratio of 60:40 for general States and 90:10 for Himalayan and North-Eastern States. Central Government provides 100% assistance to all UTs. State-wise fund released from the Central Government for the livestock insurance during each of the last three years i.e from FY 2023-24 to 2025-26, is placed at **Statement-IV**.

Apart from this, for entrepreneurs, Government is providing subsidy upto50% on livestock insurance component for the projects of the breed development for sheep, goat, pig, camel, horse and donkey under the NLM Entrepreneur Development Programme (NLM-EDP).

There is no GST on the insurance premium for livestock under the NLM scheme. This exemption of GST under the scheme makes premium more affordable to the beneficiaries.

(f): The Government of India is implementing various schemes to strengthen and modernize veterinary infrastructure and services in the country. These schemes complement the efforts of State Governments and other implementing agencies. These include the Livestock Health and Disease Control Programme (LHDCP), Rashtriya Gokul Mission (RGM), National Livestock Mission (NLM), Animal

Husbandry Infrastructure Development Fund (AHIDF) and National Programme for Dairy Development (NPDD).

Under LHDCP, financial assistance is provided for disease control, vaccination, surveillance, diagnostics, strengthening and modernization of veterinary hospitals, dispensaries and laboratories. Under RGM, support is provided for strengthening and modernization of breeding infrastructure for cattle and buffalo, including semen stations, In-vitro Fertilization (IVF) laboratories and sex-sorted semen production facilities. Multi-purpose Artificial Insemination Technicians in Rural India (MAITRI) provide Artificial Insemination (AI) services at farmers' doorstep.

Under NLM, financial assistance is provided to Entrepreneurs to establish modern breeding farms for sheep, goat, pig, camel, horse, donkey and poultry along with feed and fodder infrastructure through entrepreneurship. NLM also supports breeding infrastructure including establishment of semen stations, semen banks and promotes Artificial Insemination (AI) services for sheep and goat through existing cattle and buffalo AI centers.

AHIDF supports investment in dairy, meat, feed, breeding and other eligible livestock infrastructure by providing 3% interest subvention on term loan. NPDD provide financial supports for development of dairy infrastructure such as milk procurement, chilling, processing and quality testing.

The financial outlay for these schemes is provided under their respective

approved budgetary provisions and implemented as per the applicable scheme guidelines.

STATEMENT-I

State-wise number of livestock insured during each of the last three years

(in nos.)

Sl. No	State/UT	2023-24	2024-25	2025-26
1.	Andhra Pradesh	283258	140584	44886
2.	Arunachal Pradesh	0	0	4555
3.	Assam	0	530	153
4.	Bihar	0	0	3496
5.	Chhattisgarh	0	10236	11669
6.	Goa	99	47	0
7.	Gujarat	0	248000	258000
8.	Haryana	317708	456186	210659
9.	Himachal Pradesh	4249	96660	2479
10.	Jharkhand	0	45132	0
11.	Karnataka	4450	166872	117356
12.	Kerala	0	55061	23374
13.	Madhya Pradesh	69975	105246	103057
14.	Maharashtra	0	2840	535
15.	Manipur	0	300	0
16.	Meghalaya	0	5523	0
17.	Mizoram	746	0	0
18.	Nagaland	0	2000	12378
19.	Odisha	42945	90393	123194
20.	Punjab	0	108659	30737
21.	Rajasthan	8349	950	16853
22.	Sikkim	0	2636	2194
23.	Tamil Nadu	0	167803	89235

24.	Tripura	0	8505	2156
25.	Telangana	0	0	12653
26.	Uttarakhand	126843	437838	66755
27.	Uttar Pradesh	89084	376209	177231
28.	West Bengal	0	0	0
Total		**947706**	**2528210**	**1313605**

STATEMENT-II

State-wise livestock population as per 20th Livestock Census is as under:

Sl. No	State/UT	Livestock Population
1.	Andhra Pradesh	34067616
2.	Arunachal Pradesh	1161428
3.	Assam	18092201
4.	Bihar	36540820
5.	Chhattisgarh	15872302
6.	Goa	132406
7.	Gujarat	26893274
8.	Haryana	7046091
9.	Himachal Pradesh	4412846
10.	Jharkhand	23614545
11.	Karnataka	29013412
12.	Kerala	2908657
13.	Madhya Pradesh	40637375
14.	Maharashtra	33079818
15.	Manipur	550719
16.	Meghalaya	2039103
17.	Mizoram	359704
18.	Nagaland	553803
19.	Odisha	18170309

20.	Punjab	7050355
21.	Rajasthan	56800945
22.	Sikkim	274332
23.	Tamil Nadu	24500621
24.	Tripura	1317892
25.	Telangana	32640639
26.	Uttarakhand	4427089
27.	Uttar Pradesh	68012945
28.	West Bengal	37483238
Total		**527654485**

STATEMENT-III

The beneficiary's share, as applicable to different categories of beneficiaries and locations before the revision in the guidelines in March 2024 is given below:

Category/ Place	Normal Areas	North East Region (NER)/ Himalayan Region	Union Territories
BPL / SC / ST	30%	20%	20%
APL	50%	40%	40%

Definition of Types of Areas:

i. North East Region: Seven North Eastern States and Sikkim.

ii. Himalayan Region: UT of Jammu and Kashmir, UT of Ladakh, Uttarakh and, Himachal Pradesh.

iii. Normal Areas: All areas which do not fall under the above categories.

BPL: Below Poverty Line

SC: Scheduled Caste

ST: Scheduled Tribe

APL: Above Poverty Line

STATEMENT-IV

State-wise central fund released for the livestock insurance to the State Government during each of the last three years, is as under:

S.No.	State	(Rs. in lakh)		
		2023-24	**2024-25**	**2025-26**
1.	Andhra Pradesh	708.55	391.5	125
2.	Arunachal Pradesh	0	9.73	0
3.	Assam	0	0	0
4.	Bihar	0	0	0
5.	Chhattisgarh	12.3	50	57
6.	Goa	0	0	0
7.	Gujarat	155	100	225
8.	Haryana	407.25	975	571
9.	Himachal Pradesh	0	0	0
10.	Jharkhand	0	0	0
11.	Karnataka	200	125	50
12.	Kerala	0	50	25
13.	Madhya Pradesh	350	493.5	568.24
14.	Maharashtra	0	0	0
15.	Manipur	0	0	0
16.	Meghalaya	0	0	0
17.	Mizoram	0	0	125.05
18.	Nagaland	0	22	216
19.	Odisha	0	250	235
20.	Punjab	0	0	0
21.	Rajasthan	0	0	0
22.	Sikkim	0	51.8	43.13

23.	Tamil Nadu	0	150	100
24.	Telangana	0	0	25
25.	Tripura	0	0	207.78
26.	Uttar Pradesh	100	527.5	225
27.	Uttarakhand	196.48	305.5	667.75
28.	West Bengal	0	0	0
Total		**2129.58**	**3501.53**	**3465.95**

LAC INDUSTRY IN DISTRICT PURULIA IN WEST BENGAL

3883.SHRI JYOTIRMAY SINGH MAHATO:

Will the Minister of **COMMERCE AND INDUSTRY** be pleased to state:

(a) whether the Government has assessed the potential of Purulia district, West Bengal for the development of the lac industry, considering its significant lac production, tribal population and scope for value addition and exports, if so, the details thereof;

(b) whether the Government has any proposals to establish a Lac Processing and Value Addition Centre, Testing Laboratory, Common Facility Centre or Export Facilitation Centre in Purulia to strengthen the lac value chain, if so, the details thereof;

(c) whether any financial assistance, technology support, skill development, branding and market linkage initiatives have been extended to lac growers, Self- Help Groups, Farmer Producer Organisations and entrepreneurs in the district during the last five years, if so, the details thereof;

(d) whether the Government has prepared any roadmap to promote exports of lac and lac-based products from Purulia under the Districts as Export Hubs initiative or any other Central scheme, if so, the details thereof; and

(e) the measures proposed to be taken by the Government to develop Purulia as a national hub for lac production, processing and exports?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI JITIN PRASADA):

(a): India produced about 21,272 tonnes of lac during 2025-26 and exported about USD 174 million worth of lac and its value-added products during the same period. (Previous three years production and exports are given at **Statement**).

The Shellac and Forest Products Export Promotion Council (SHEFEXIL), which is the nodal Export Promotion Council under the Department of Commerce for promotion of exports of Non-Timber Forest Produce, including lac and its value-added products, has assessed the potential of Purulia district, West Bengal, for the development of the lac industry. As per the assessment, Purulia is one of the important lac-producing districts in the country and a substantial tribal population in the district are engaged in lac cultivation. As per the records of the District Industries Centre, Purulia, lac cultivation is undertaken over about 700 hectares across 12 of the 20 blocks of the district.

(b) to (e): Key initiatives undertaken for the welfare of lac growers in the districts

include financial assistance for establishment of a lac-based Van Dhan Vikas Kendra at Balarampur block of Purulia district under the Ministry of Tribal Affairs (through TRIFED), aimed at promoting value addition and livelihood generation in the lac sector; and formation of 23 Farmer Producer Organisations (FPOs) in Purulia district under the Central Sector Scheme for Formation and Promotion of 10,000 FPOs.

Further, key initiatives undertaken by the Government for development of the lac sector and promotion of exports of lac and its value-added products, including from Purulia district, are as under:

(i) The Export Promotion Mission (EPM) being implemented by the Department of Commerce, aims to strengthen India's export competitiveness through targeted financial and trade facilitation interventions. The Mission operates through two integrated sub-schemes: (1) Niryat Protsahan, which focuses on improving access to affordable trade finance for MSMEs through instruments such as interest subvention, export factoring, credit guarantee and credit enhancement support for diversification into new markets; and (2) Niryat Disha, which focuses on non-financial enablers that enhance market readiness and competitiveness, including export quality and compliance support, assistance for international branding, packaging and participation in trade fairs, export warehousing and logistics, inland transport reimbursements, and trade intelligence and capacity-building initiatives. The benefits under the Mission are available to exporters

across sectors, including exporters of lac and lac-based products from Purulia district.

(ii) Under the Districts as Export Hubs (DEH) initiative of the Directorate General of Foreign Trade (DGFT), Department of Commerce, the export potential of districts is identified and promoted through District Export Promotion Committees (DEPCs) and District Export Action Plans (DEAPs). Purulia district has been identified under the DEH initiative, and the DEAPs are prepared in coordination with Central Ministries/Departments, State Governments and district-level stakeholders, and are aligned with the One District One Product (ODOP) initiative.

(iii) A number of export promotion initiatives have been undertaken, inter alia including the organisation of Buyer-Seller Meets (BSMs) and Reverse Buyer-Seller Meets (RBSMs), as well as participation of exporters in national and international exhibitions and trade fairs. Key events over the last three years include the Bharat Nutraverse Expo (New Delhi), Vitafoods Europe (Geneva/Barcelona), Food Ingredients Europe (Frankfurt), and SupplySide West (Las Vegas, USA). These initiatives aim to connect Indian exporters of non-timber forest produce, including lac and its value-added products, with global buyers.

(iv) The Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) has established 65 Export Facilitation Centres (EFCs) across the country, including four in West Bengal, namely, Central Tool Room & Training Centre (CTTC), Kolkata; MSME Testing Centre, Kolkata; Branch MSME-Development and Facilitation Office,

Siliguri; and MSME-Development and Facilitation Office, Kolkata. These Centres provide mentoring, handholding and export-related support to MSMEs across the State to facilitate their participation in international trade.

STATEMENT

India's Production of Lac and Exports of Lac & Lac-based Products (2023-24 to 2025-26)

Year	Lac Production (in tons)	Export value (USD Millions)
2023-24	20,332	148.98
2024-25	22,149	160.55
2025-26	21,272	173.87

Source: DGCIS and SHEFEXIL

मनरेगा के अंतर्गत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

3884. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

श्री जय प्रकाश:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को हरियाणा के सोनीपत और हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान में देरी के संबंध में शिकायतों की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में पंजीकृत मनरेगा श्रमिकों की संख्या, सृजित कार्य-दिवसों, मजदूरी भुगतान की स्वीकृत समय-सीमा, वितरित मजदूरी और विलंबित भुगतानों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लंबित मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और तकनीकी तथा प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या डिजिटल भुगतान प्रणाली, आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) और शिकायत निवारण तंत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए कोई विशेष पहल की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सोनीपत तथा हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमलेश पासवान):

(क) और (ख): विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण): वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के लागू होने के परिणाम स्वरूप, हरियाणा सहित देश के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना को 1 जुलाई, 2026 से सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है। वीबी-जी राम जी योजना के संबंध में उल्लेखनीय है कि हरियाणा राज्य को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 01.07.2026 से 31.03.2027 तक की अवधि हेतु केंद्रीय अंश के रूप में 590.19 करोड़ रुपये का अंतरिम आवंटन किया गया है। तत्पश्चात, राज्य से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर विभिन्न घटकों के लिए प्रथम किश्त के रूप में 194.93 करोड़ रुपये की मूल स्वीकृति जारी की गई है।

वीबी-जी राम जी के कार्यान्वयन के शुभारंभ पर 01.07.2026 से निरस्त हो चुकी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत मजदूरी के भुगतान के संबंध में यह उल्लेखनीय है कि हरियाणा राज्य सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी करना एक सतत प्रक्रिया है। इस योजना के तहत, केंद्र सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रोटोकॉल के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में मजदूरी का भुगतान सीधे जमा किया जाता है। मजदूरी भुगतान के लिए स्वीकृतियां, निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त निधि अंतरण आदेशों के आधार पर सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से मंत्रालय द्वारा प्रतिदिन जारी की जाती हैं। प्रत्येक वित्तीय वर्ष की शुरुआत में, पिछले वर्षों की स्वीकार्य लंबित देनदारियों, यदि कोई हों, की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा विधिवत रूप से की जाती है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की सभी देय एवं स्वीकार्य लंबित मजदूरी देनदारियों का पहले ही निपटान कर दिया गया है।

इस योजना के तहत पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान हरियाणा के सोनीपत और हिसार जिलों में मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर सृजित किए गए निधि अंतरण आदेशों (एफटीओ) के प्रतिशत (%) का विवरण निम्नानुसार है:

मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर जारी किए गए निधि अंतरण आदेशों (एफटीओ) का प्रतिशत		
वित्तीय वर्ष	**सोनीपत जिला**	**हिसार जिला**
2023-24	94.31	82.54
2024-25	97.47	99.5
2025-26	93.83	97.23

नरेगासॉफ्ट के अनुसार

महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान हरियाणा के सोनीपत और हिसार जिलों में पंजीकृत श्रमिकों का विवरण निम्नानुसार है:

		(आंकड़े लाख में)
वित्तीय वर्ष	सोनीपत ज़िले में पंजीकृत श्रमिक	हिसार ज़िले में पंजीकृत श्रमिक
2023-24	0.69	2.54
2024-25	0.69	2.54
2025-26	0.69	2.54

नरेगासॉफ्ट के अनुसार

महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान हरियाणा के सोनीपत और हिसार जिलों में सृजित श्रम-दिवसों का विवरण नीचे दिया गया है:

		(आंकड़े लाख में)
वित्तीय वर्ष	सोनीपत जिले में सृजित श्रम-दिवस	हिसार जिले में सृजित श्रम -दिवस
2023-24	4.05	24.3
2024-25	3.86	24.3
2025-26	2.5	12.1

नरेगासॉफ्ट के अनुसार

(ग): महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत, केंद्र सरकार द्वारा संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा सृजित किए गए निधि अंतरण आदेशों (एफटीओ) के आधार पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रोटोकॉल के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में मजदूरी का भुगतान सीधे जमा किया जाता है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, लाभार्थी मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान प्राप्त करने के हकदार होते हैं। सरकार, प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस), नियमित समीक्षा बैठकों और अन्य उपयुक्त तंत्रों के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करती है और जब भी कोई विशिष्ट कार्यान्वयन संबंधी मुद्दा मंत्रालय के संज्ञान में आता है, तो उसका शीघ्र समाधान करने के प्रयास किए जाते हैं।

इसके अलावा, समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें मस्टर रोल अपलोड करने से लेकर एफटीओ अनुमोदित तक मजदूरी भुगतान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के लिए समय-सीमाएं निर्धारित की गई हैं। मंत्रालय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर मजदूरी के समय पर भुगतान में सुधार के लिए समन्वित प्रयास कर रहा है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों

को समय पर भुगतान आदेश सृजित करने की सलाह दी गई है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत श्रमिकों को मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि प्रबंधन प्रणाली (एनई-एफएमएस) में सुधार
- मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, लंबित दावों के सत्यापन और विलंब के मुआवजे के दावों आदि के लिए राज्य सरकारों तथा अन्य हितधारकों के साथ गहन परामर्श
- समय पर भुगतान की निगरानी और विलंब के मुआवजे के भुगतान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करना
- आवधिक बैठकों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समय पर भुगतान और विलंब के मुआवजे के भुगतान की स्थिति की समीक्षा करना
- कार्यनिष्पादन समीक्षा समिति की बैठकें, मध्य-अवधि समीक्षाएं आदि

इसके अलावा, मजदूरी के समयबद्ध भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तकनीकी कार्यकलापों के माध्यम से मंत्रालय द्वारा निरंतर प्रयास किए गए हैं। इनमें से कुछ मुख्य कार्यकलाप निम्नलिखित हैं:

- **प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी):** मध्यस्थों की भूमिका को कम करते हुए मजदूरी सीधे केंद्रीय खाते से श्रमिकों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है। यह पारदर्शिता बढ़ाने और लीकेज को रोकने में प्रभावी साबित हुआ है। लगभग 100% निधियों का प्रबंधन इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाता है, जिसमें मजदूरी का पूरा भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रोटोकॉल के माध्यम से किया जाता है।
- **आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एपीबीएस):** एपीबीएस में रूपांतरण एक प्रमुख सुधार प्रक्रिया है, जहाँ महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत श्रमिकों के आधार के आधार पर

प्राथमिकता के साथ सीधे बैंक खातों में लाभ जमा किया जाता है, जिससे संवितरण प्रक्रिया में कई स्तर कम हो जाते हैं। एपीबीएस बेहतर लक्षित संवितरण, प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और भुगतान में विलंब को कम करने में मदद करता है, जिससे लीकेज पर रोक लगाकर व्यापक समावेश को बढ़ावा मिलता है और इस प्रकार अधिक जवाबदेही व पारदर्शिता को प्रोत्साहन मिलता है।

As per information shared by Government of Uttar Pradesh the expenditure on training for capacity building of functionaries of VB-G RAM G has been made from the funds provided to the State Institute of Rural Development by the National Institute of Rural Development and Panchayati Raj.

MSP FOR BANANA

3903. SHRI ANAND BHADAURIA:

Will the Minister of **AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE** be pleased to state:

(a) whether the Government would include banana along with other foodgrains under Minimum Support Price (MSP) announced by CACP;

(b) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor;

(c) whether the Government has taken/would take any measure to provide marketing facilities for banana farmers;

(d) if so, the details thereof, State-wise with particular reference to Sitapur and LakhimpurKhiri districts in UP; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE (SHRI RAM NATH THAKUR):

(a): No Sir.

(b): Question does not arise.

(c) to (e): Government is implementing the Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH),Centrally Sponsored Scheme for holistic development of the horticulture sector in the country. Under MIDH, institutional, technical and extension support is provided to assist farmers in the adoption of protected cultivation technologies. Such support is provided through State Horticulture Missions, Technical Support Groups (TSGs), Precision Farming Development Centres (PFDCs), Centres of Excellence (CoEs), ICAR Institutes, State Agricultural Universities (SAUs), Krishi Vigyan Kendras (KVKs) and other recognised institutions.

As per information received from State Government, Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) is being implemented in all 75 districts of Uttar Pradesh, including Sitapur and Lakhimpur Kheri. The marketing-related components available to farmers under the scheme are as follows:

i. Non-Pressurized and Pressurized Ripening Chambers – Credit-linked back-

ended subsidy at 35% of the project cost is provided to eligible beneficiaries.

ii. Static / Mobile Vending Cart/Platform with Cool Chamber – Subsidy of 50% of the total project cost is provided to eligible beneficiaries.

iii. Modified Retail Reefer Van with Retail Counter (to be linked with an Integrated Pack House) – Credit-linked back-ended subsidy at 35% of the project cost is provided to eligible beneficiaries.

Government also implements Market Intervention Scheme (MIS), a component under PM-AASHA, for procurement of agricultural and horticultural commodities, which are perishable in nature and are not covered under the Price Support Scheme (PSS). The objective of intervention is to protect the growers of these commodities from making distress sale in the event of a bumper crop during the peak arrival period when the prices tend to fall below economic levels and the cost of production. There should be at least a 10 percent decrease in the ruling market prices over the previous normal year. The scheme is implemented at the request of a State/UT government.

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना

3904. श्री आशीष दुबेः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा कितनी निधि आवंटित और वितरित की गई है;

(ख) क्या हाल ही में शुरू की गई प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत कम वित्तीय समावेशन वाले जिलों में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए निगरानी तंत्र लागू किए जा रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वाणिज्यिक बैंकों और ग्रामीण सहकारी बैंकों द्वारा जमीनी स्तर पर निर्धारित ऋण लक्ष्यों को किस हद तक हासिल किया गया है?

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर):

(क): विगत तीन वर्षों में, अर्थात् वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 तक, 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की गई है। जून 2026 में जारी नवीनतम 23वीं किस्त में, 9.54 करोड़ लाभार्थियों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ।

(ख) और (ग): प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PM-DDKY) को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16 जुलाई, 2025 को 100 जिलों को कवर करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया था और इसे औपचारिक रूप से 11 अक्टूबर, 2025 को शुरू किया गया था। पीएम-डीडीकेवाई के अंतर्गत शामिल 100 जिलों को कम फसल उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम कृषि ऋण वितरण के तीन संकेतकों के आधार पर चिह्नित किया गया है। डीडीकेवाई में 11 विभागों/मंत्रालयों की मौजूदा 36 योजनाओं को राज्य सरकार की योजनाओं और निजी भागीदारी के साथ संयोजित करने की परिकल्पना की गई है। इस योजना का उद्देश्य चिह्नित जिलों में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण विस्तार, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (AIF) के तहत अवसंरचना निर्माण के लिए समर्थन और रिवाल्विंग फंड (RF) और सामुदायिक निवेश फंड (CIF) के प्रावधान जैसी गतिविधियों के माध्यम से अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के ऋण की सुविधा प्रदान करना है।

देश के 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' (PM-DDKY) के तहत पहचाने गए ज़िले सहित सभी ज़िलों में संस्थागत ऋण प्रवाह को सुदृढ़ करने के लिए एक व्यवस्थित निगरानी तंत्र मौजूद है।

नाबार्ड हर ज़िले के लिए **'पोटेंशियल लिंक्ड क्रेडिट प्लान' (PLP)** तैयार करता है, जो **'डिस्ट्रिक्ट क्रेडिट प्लान' (DCP)** का आधार होता है, जिन्हें ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमिटी (BLBC), डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेटिव कमिटी (DCC) और स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी (SLBC) के समन्वय से बनाया जाता है। इन योजनाओं के आधार पर, अलग-अलग एजेंसियों और क्षेत्रों के लिए 'ग्राउंड लेवल क्रेडिट' (GLC) के लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं और उनकी निगरानी की जाती है। ऋण प्रवाह की प्रगति की नियमित रूप से रुकावटों की पहचान करने और सुधार के उपाय करने के लिए **'डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमिटी' (DLBC)** और **'स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी' (SLBC)** की बैठकों में समीक्षा की जाती है। इसके बाद, नाबार्ड और सरकार के स्तर पर भी इनकी समीक्षा और निगरानी की जाती है।

PMDDKY ज़िलों में कृषि ऋण सहित कई महत्वपूर्ण परफ़ॉर्मेंस इंडिकेटर्स (KPI) पर हुई प्रगति की निगरानी स्कीम के मॉनिटरिंग फ़्रेमवर्क के ज़रिए की जाती है, जिसमें डैशबोर्ड-आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम, प्रगति और आउटकम के आधार पर ज़िलों की मासिक रैंकिंग, सेंट्रल कमिटी और नीति आयोग द्वारा समय-समय पर समीक्षा, और प्रत्येक ज़िले के लिए नियुक्त सेंट्रल नोडल ऑफ़िसर (CNO) द्वारा नियमित फ़ील्ड विज़िट शामिल हैं।

इसके अलावा, **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने **'प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग' (PSL) के तहत अलग-अलग वेटेज वाले फ़्रेमवर्क** का उपयोग करके ऐसे ज़िलों की पहचान की है जहाँ कृषि ऋण में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है। इस सिस्टम के तहत, पहचाने गए कम-ऋण वाले ज़िलों में संवितरित ऋण को ज़्यादा वेटेज दिया जाता है ताकि बैंकों को उन क्षेत्रों में ऋण पहुँचाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके जहाँ इसकी कमी है। PMDDKY के तहत आने वाले 35 ज़िले भी इसी श्रेणी में आते हैं और आरबीआई इनकी निगरानी कर रहा है। इन ज़िलों में **'फ़ाइनेंशियल इन्क्लूज़न फ़ंड'** के तहत सहायता, जागरूकता और क्रेडिट सैचुरेशन अभियान, और संस्थागत ऋण तक पहुँच बेहतर बनाने के लिए बैंकों और राज्य सरकारों के समन्वय से विशेष प्रयास

भी किए जा रहें हैं।

इसके अलावा, भारत सरकार **'किसान ऋण पोर्टल' (KRP)** का उपयोग करके समय-समय पर समीक्षाओं द्वारा केसीसी के ज़रिए कृषि ऋण की प्रगति पर डिजिटल रूप से नज़र रखती है, जिससे केसीसी के विस्तार को बेहतर बनाने सहित ज़िले-वार ऋण प्रवाह को ट्रैक करने और राज्यों तथा ऋण देने वाली संस्थाओं के साथ समय पर फ़ॉलो-अप करने में मदद मिलती है । इन उपायों का उदेश्य PMDDKY ज़िलों में वित्तीय समावेश को बेहतर बनाना और संस्थागत ऋण की उपलब्धता को बढ़ाना है।

30 अप्रैल 2025 और 30 अप्रैल 2026 के बीच, PM-DDKY ज़िलों में लाभार्थी एमआईएसएस खातों की संख्या 70.87 लाख से बढ़कर 75 लाख हो गई। इसी दौरान, संवितरित ऋण की राशि 1.27 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गई।

(घ): अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार द्वारा आवंटित लक्ष्य की तुलना में कृषि ऋण संवितरण की उपलब्धि नीचे दी गई है:

(रुपये करोड़ में)

एजेंसी	**2025-26**		
	भारत सरकार का लक्ष्य	**उपलब्धि**	**प्रतिशत उपलब्धि**
अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	24,22,000	23,67,480	97.75
ग्रामीण सहकारी बैंक	3,70,500	2,78,797	75.25
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	4,57,500	3,56,433	77.90
जमीनी स्तर पर कुल ऋण	**32,50,000**	**30,02,710**	**92.39**

स्रोत: नाबार्ड का एनश्योर पोर्टल

औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाएं

3905. श्री धर्मेन्द्र यादवः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा वर्ष-वार और श्रेणी-वार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के के रूप में वर्गीकृत संचालित विभिन्न औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं के तहत लाभान्वित व्यक्तियों और संस्थाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कुल ऐसे लाभार्थियों में से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लाभार्थियों का प्रतिशत कितना है;

(ग) क्या उक्त वर्ग-वार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद):

(क) से (घ): उद्योग राज्य का विषय है। केंद्र सरकार देशभर में उद्योग के समग्र विकास और संवर्धन के लिए विभिन्न स्कीमों, कार्यक्रमों और नीतिगत पहलों के माध्यम से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों में पूरक सहयोग प्रदान करती है। भारत सरकार 14 उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीमों; क्षेत्र-विशिष्ट स्कीमों, जैसे उत्तर पूर्व परिवर्तनकारी औद्योगिकीकरण (उन्नति) स्कीम और केंद्रीय क्षेत्र की नई स्कीम (एनसीएसएस), 2021; तथा इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण स्कीम (ईसीएमसी) जैसी क्षेत्र-विशिष्ट स्कीमों को लागू करती है, जिन्हें भारत सरकार के संबंधित विभागों/मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। इन स्कीमों के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों को विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित व्यक्ति, यदि कोई हो, तो ऐसे व्यक्तियों के स्वामित्व/उनके द्वारा संचालित इकाइयां भी, प्रत्येक

स्कीम के लिए निर्धारित निबंधन एवं शर्तों तथा दिशानिर्देशों को पूरा करने पर, इन स्कीमों के अंतर्गत प्रोत्साहन और लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं। स्कीमों के अंतर्गत लाभार्थियों का श्रेणी-वार (एससी/एसटी/ओबीसी) विवरण नहीं रखा जाता है।

SCHOLARSHIP FOR SCs STUDENTS ENROLLED ABROAD

3906. SHRI DAGGUMALLA PRASADA RAO:

Will the Minister of **SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT** be pleased to state:

(a) the details of the number of students awarded scholarships and enrolled abroad under the Scheme, State-wise and year-wise since 2019, including district-wise details for Andhra Pradesh;

(b) the steps taken to enhance coverage and awareness, particularly in rural areas and SC Constituencies such as Chittoor, including details of campaigns, outreach activities and outcomes achieved;

(c) the measures adopted to simplify application, selection and verification, including digital platforms and facilitation mechanisms; and

(d) the steps taken to prevent delays in sanction and disbursement of scholarships and the time-line prescribed for release of funds and monitoring mechanism for timely disbursement?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT (SHRI RAMDAS ATHAWALE):

(a): The details of number of students awarded scholarships and enrolled abroad

under National Overseas Scholarship Scheme for Scheduled Castes, State-wise and year-wise, since 2019 are at **Statement-I**. The district-wise details of such students in Andhra Pradesh are at **Statement-II.**

(b): To raise awareness about the National Overseas Scholarship (NOS) Scheme among students, relevant details including scheme guidelines and instructions are posted on the Departmental website, advertisements are published in newspapers and letters are sent to the Social Welfare Departments of State Governments and Union Territories with the request for widespread publicity of the Scheme.

(c): Applications under the NOS Scheme are invited through the online portal. The Scheme has recently been on-boarded to the newly launched unified SAMAVESH (Single Access Mechanism for All Verticals of Empowerment & Social Harmony) Portal, to streamline application processing, scrutiny, data management, accessibility and selection process.

(d): Under the NOS Scheme, funds are released in advance through Letters of Authorization (LoA) to the concerned Indian Missions/Embassies with direction to disburse requisite fund to concerned Universities and students at the earliest upon receipt of claims.

STATEMENT-I

State/UTs-wise and year-wise details of the number of students awarded scholarships and enrolled abroad.

S No.	STATE/UT	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (till 06.08.2026)
1	Andaman & Nicobar	0	0	0	0	0	0	0
2	Andhra Pradesh	0	4	0	0	3	3	5
3	Arunachal Pradesh	0	0	0	0	0	0	0
4	Assam	0	0	0	0	1	0	0
5	Bihar	0	0	1	1	1	2	3
6	Chandigarh	0	0	0	0	0	0	1
7	Chhattisgarh	0	0	1	0	1	0	1
8	Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu	0	0	0	0	0	0	0
9	Delhi	5	3	2	4	8	7	11
10	Goa	0	0	0	0	0	0	0
11	Gujarat	0	1	4	8	6	12	8
12	Haryana	1	3	7	2	3	1	3
13	Himachal Pradesh	0		0	0	1	0	1
14	Jammu & Kashmir	0	1	0	0	1	2	0
15	Jharkhand	0	1	0	0	0	0	0
16	Karnataka	2	4	1	5	1	0	4
17	Kerala	1	4	4	3	3	4	5

18	Ladakh	0	0	0	0	0	0	0
19	Lakshadweep	0	0	0	0	0	0	0
20	Madhya Pradesh	5	3	6	1	4	5	9
21	Maharashtra	20	28	43	56	68	12	7
22	Manipur	1	0	0	0	0	0	1
23	Meghalaya	0	0	0	0	0	0	0
24	Mizoram	0	0	0	0	0	0	0
25	Nagaland	0	0	0	0	0	0	0
26	Odisha	1	2	2	0	0	0	1
27	Puducherry	0	0	0	0	0	2	0
28	Punjab	0	1	4	5	1	6	4
29	Rajasthan	0	0	2	0	1	1	1
30	Sikkim	0	0	0	0	0	0	0
31	Tamil Nadu	2	5	7	3	4	4	1
32	Telangana	1	3	2	1	1	4	2
33	Tripura	0	0	0	0	0	0	0
36	Uttar Pradesh	1	2	9	7	6	9	6
35	Uttarakhand	0	1	1	1	0	2	1
36	West Bengal	1	5	2	1	0	4	3
	TOTAL	**41**	**71**	**98**	**98**	**114**	**80**	**78**

STATEMENT-II

Details of the district-wise and year-wise number of students awarded scholarships and enrolled abroad from Andhra Pradesh.

District	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
Annamayya	0	0	0	0	0	0	1
Bapatla	0	0	0	0	0	1	2
Chittoor	0	1	0	0	1	0	1
Krishna	0	0	0	0	0	0	1
Palnadu	0	0	0	0	0	1	0
Prakasam	0	2	0	0	0	0	0
Visakhapatnam	0	1	0	0	0	1	0
Y S R Kadapa	0	0	0	0	2	0	0
Total	**0**	**4**	**0**	**0**	**3**	**3**	**5**

अल नीनो और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में तैयारी

3907. श्री रमाशंकर विद्यार्थी राजभरः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अल नीनो की संभावित स्थिति को देखते हुए खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा किए गए आपातकालीन उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत बीमा दावों के निपटान में लिया गया औसत समय कितना है;

(ग) देवरिया, बलिया और पूर्वांचल के वर्षा-सिंचित किसानों के लिए प्रस्तावित विशेष राहत पैकेज का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है?

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर):

(क): सरकार द्वारा 28-29 मई 2026 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित राष्ट्रीय खरीफ सम्मेलन में अल नीनो की संभावित स्थिति के प्रभाव सहित खरीफ मौसम की तैयारियों की समीक्षा की गई। सम्मेलन में फसल योजना, बीज और उर्वरक की उपलब्धता, जल प्रबंधन और क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों की समीक्षा की गई और राज्यों को समय पर महत्वपूर्ण इनपुट की उपलब्धता, कुशल जल प्रबंधन, मौसम की स्थिति की निरंतर निगरानी, किसानों को एडवाईजरी के प्रसार और आईएमडी, आईसीएआर और राज्य सरकारों के समन्वय से आकस्मिक उपायों के कार्यान्वयन के माध्यम से तैयारियों को मजबूत करने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त, सरकार ने निम्नलिखित उपाय किए हैं:

i. आईसीएआर के केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआरआईडीए) ने राज्यों के साथ परामर्श करके सामान्य से कम वर्षा की संभावना वाले 15 राज्यों के 342 जिलों के लिए जिला कृषि आकस्मिक योजना (डीएसीपी) को अद्यतन किया है। इसके अतिरिक्त, आईसीएआर ने कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के लिए अल नीनो से संबंधित जोखिमों को कम करने हेतु मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) भी जारी की हैं।

ii. वर्षा की स्थिति, जलाशय भंडारण, भूजल स्तर, फसल की बुआई, इनपुट की उपलब्धता, बाजार की स्थिति और समय पर इंटर्वेंशन के लिए कीट/रोगों के प्रकोप की समीक्षा करने के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), केंद्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी), महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र (एमएनसीएफसी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर - सीआरआईडीए), उर्वरक विभाग, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ फसल मौसम निगरानी समूह (सीडब्ल्यूडब्ल्यूजी) की साप्ताहिक बैठक की जा रही है। दिनांक 27.04.2026 को सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अध्यक्षता में राज्य कृषि सचिवों और रिलीफ कमिश्नरों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें बीज, चारा,

पेयजल एवं सिंचाई जल, उर्वरक जैसे इनपुट की उपलब्धता और सामान्य तैयारियों की समीक्षा की गई। इसके अलावा, मानसून के लिए तैयारियों का आकलन और सुदृढ़ीकरण करने के लिए दिनांक 17.06.2026 को संकट प्रबंधन समूह की बैठक आयोजित की गई थी। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी 19 जून 2026 को अल नीनो की संभावित स्थिति के प्रभाव से उत्पन्न होने वाली सामान्य से कम वर्षा की स्थिति हेतु तैयारियों की समीक्षा की है। 23 जून 2026 को माननीय कृषि मंत्री, भारत सरकार द्वारा अल नीनो की स्थिति के मद्देनजर खरीफ की तैयारियों के लिए राज्य कृषि मंत्रियों के साथ स्थिति की समीक्षा की गई है।

iii. बीजों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, और राज्यों की 172.80 लाख क्विंटल की मांग की तुलना में खरीफ फसलों के 192.25 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध हैं। राज्यों ने 1% बीज अर्थात 1.74 लाख क्विंटल राष्ट्रीय बीज भंडार के रूप में आरक्षित रखे हैं।

iv. फसल विविधता को बढ़ावा देने, कम अवधि वाली और सूखा-सहिष्णु (ड्रॉट-टॉलरेंट) फसल किस्मों को बढ़ावा देने, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, जल संरक्षण पद्धतियों, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, अंतरफसल खेती और अन्य जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों की पद्धतियाँ अपनाने पर विशेष ज़ोर दिया गया है।

v. 1 से 30 जून, 2026 के दौरान राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें 80,67,300 किसानों ने 1,14,567 कार्यक्रमों में भाग लिया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, कुशल सिंचाई प्रणाली और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कृषि पद्धतियों को लागू करना था। साथ ही, संवेदनशील जिलों में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का एक व्यापक सैचुरेशन ड्राइव भी आयोजित किया जा रहा है।

vi. सरकार खरीफ 2016 से उपज आधारित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और मौसम सूचकांक आधारित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) का कार्यावन्यन कर रही है, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं

और प्रतिकूल मौसम की घटनाओं से होने वाले फसल नुकसान के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना और इसके माध्यम से कृषि आय को स्थिर करना है। पीएमएफबीवाई व्यापक और स्थानीय जोखिमों के लिए बुआई से पूर्व से लेकर फसलोपरांत तक व्यापक बीमा कवरेज प्रदान करती है। ये योजनाएं राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और किसानों के लिए स्वैच्छिक हैं, और इनका कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित जिलों और फसलों के आधार पर किया जाता है। चिह्नित संवेदनशील जिलों में बीमा कवरेज बढ़ाने के लिए जागरूकता और नामांकन अभियान भी आयोजित किए जा रहे हैं।

vii. केंद्रीय जल आयोग और राज्य सरकारों को जलाशय के पानी के अधिकतम उपयोग के लिए पूर्व योजना बनाने और कुशल सिंचाई पद्धतियों को बढ़ावा देने की सलाह दी गई है। किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना: प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी) जैसी कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों की स्थापना के माध्यम से खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना है। ग्रामीण विकास विभाग, विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) निधि का उपयोग जल संरचनाओं - जैसे कि खेत में तालाब, चेक डैम, नहरों से गाद हटाने और बोरी बंधन - के पुनरुद्धार के लिए कर रहा है ताकि प्रारंभिक या अवशेष वर्षा की प्रत्येक बूंद को संचित किया जा सके। इसके अलावा, जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों के रूप में, विभाग विभिन्न योजनाओं का भी कार्यान्वयन कर रहा है, अर्थात प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), एकीकृत तिलहन योजना मिशन, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और देश भर में कार्यान्वित किए जा रहे अन्य कार्यक्रम।

(ख): इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत बीमा दावों के निपटान में लगने वाले औसत समय के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि अधिकांश दावों का निपटान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के प्रचालन दिशानिर्देशों के तहत

निर्धारित समय सीमा के भीतर अर्थात संबंधित राज्य सरकार से बीमा कंपनियों द्वारा आवश्यक उपज डेटा प्राप्त होने के 21 दिनों के भीतर कर दिया जाता है। तथापि, पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के दौरान, कुछ दावे मुख्य रूप से निम्नलिखित कारणों से लंबित रह जाते हैं:

- दावों में राज्य सरकार के शेयर का देरी से प्रदान किया जाना।
- बैंकों द्वारा बीमा प्रस्तावों को गलत/देरी से प्रस्तुत करना और पंजीकृत किसानों के बैंक खातों के विवरण का सत्यापन न होना।
- उपज के आंकड़ों में विसंगति और परिणामस्वरूप राज्य सरकार और बीमा कंपनियों के बीच विवाद आदि।

इन मुद्दों के कारण लंबित दावों का निपटारा योजना के प्रचालन दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार उनके समाधान के बाद किया जाता है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति (एनपीडीएम) के अनुसार, अधिसूचित आपदाओं की स्थिति में जमीनी स्तर पर आवश्यक राहत उपाय उपलब्ध कराने का प्राथमिक उत्तरदायित्व राज्य सरकार का है। राज्य सरकारें अनुमोदित दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) के रूप में उपलब्ध निधि से प्राकृतिक आपदाओं के लिए राहत उपाय करती हैं। एसडीआरएफ के अतिरिक्त, राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त वित्तीय सहायता, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, 'गंभीर प्रकृति' की आपदा के मामले में विचाराधीन होती है, जिसमें अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (आईएमसीटी) के दौरे के आधार पर आकलन शामिल होता है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता वास्तविक/दावा किए गए नुकसान के मुआवजे के रूप में न होकर राहत के रूप में प्रदान की जाती है।

गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026-27 से 2030-31 के दौरान राज्यवार एसडीआरएफ (सोलहवें वित्त आयोग के अंतर्गत) के तहत फंड आवंटन का ब्यौरा **विवरण** में दिया गया है।

विवरण

राज्यवार एसडीआरएफ (सोलहवें वित्त आयोग के अंतर्गत) के तहत फंड आवंटन

(रुपये करोड़ में)

राज्य	2026-27	2027-28	2028-29	2029-30	2030-31	कुल
आंध्र प्रदेश	1,182	1,241	1,303	1,368	1,439	**6,533**
अरुणाचल प्रदेश	99	104	109	114	121	**547**
असम	843	885	929	975	1,028	**4,660**
बिहार	2,628	2,759	2,897	3,042	3,196	**14,522**
छत्तीसगढ़	479	503	528	554	582	**2,646**
गोवा	22	23	24	25	25	**119**
गुजरात	1,633	1,715	1,801	मैं, 891	1,982	**9,022**
हरियाणा	564	592	622	653	686	**3,117**
हिमाचल प्रदेश	431	453	476	500	524	**2,384**
झारखंड	542	569	597	627	658	**2,993**
कर्नाटक	1,239	1,301	1,366	1,434	1,507	**6,847**
केरल	374	393	413	434	450	**2,064**
मध्य प्रदेश	2,258	2,371	2,490	2,615	2,743	**12,477**
महाराष्ट्र	5,718	6,004	6,304	6,619	6,952	**31,597**
मणिपुर	42	44	46	48	50	**230**
मेघालय	70	74	78	82	84	**388**
मिजोरम	46	48	50	53	55	**252**
नागालैंड	66	69	72	76	79	**362**
ओडिशा	1,718	1,804	1,894	1,989	2,088	**9,493**
पंजाब	478	502	527	553	582	**2,642**
राजस्थान	1,778	1,867	1,960	2,058	2,162	**9,825**
सिक्किम	73	77	81	85	88	**404**
तमिलनाडु	1,638	1,720	1,806	1,896	1,991	**9,051**
तेलंगाना	536	563	591	621	648	**2,959**
त्रिपुरा	57	60	63	66	70	**316**
उत्तर प्रदेश	2,957	3,105	3,260	3,423	3,597	**16,342**
उत्तराखंड	797	837	879	923	967	**4,403**
पश्चिम बंगाल	1,326	1,392	1,462	1,535	1,611	**7,326**
कुल	**29,594**	**31,075**	**32,628**	**34,259**	**35,965**	**1,63,521**

स्रोत: गृह मंत्रालय

RURAL HOUSEHOLDS REGISTERED FOR WAGE EMPLOYMENT

3908. SHRI VAMSI KRISHNA GADDAM:

Will the Minister of **RURAL DEVELOPMENT** be pleased to state:

(a) the details and number of rural households registered for wage employment in Peddapalli Lok Sabha Constituency;

(b) the number of person-days generated during the last three financial years in Peddapalli, Mancherial, Jagtial and Jayashankar Bhupalpally portions of the Constituency;

(c) whether any wage payments are pending, if so, the details thereof, district-wise;

(d) whether works related to water conservation, farm ponds, rural roads, plantation, drainage and community assets have been prioritized, if so, the details thereof;

(e) whether SC, ST, women-headed and landless households are receiving adequate wage employment; and

(f) if so, the steps proposed to strengthen livelihood security in rural mandals of the Constituency?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI KAMLESH PASWAN):

(a): Consequent upon the commencement of the Viksit Bharat – Guarantee for Rozgar and Aajeevika Mission (Gramin): VB–G RAM G Act, 2025, the scheme has been successfully implemented across the rural areas of the country with effect from 1st July, 2026. As on date, about 4.06 lakh rural households are

registered in Peddapalli Lok Sabha Constituency for wage employment under Viksit Bharat-Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) VB-G RAM G Scheme.

(b): Details of person days generated in Peddapalli, Mancherial, Jagtial and Jayashankar Bhupalpally under Mahatma Gandhi NREGS during the last three financial years is given below:

Person-days generated during the last three financial years

Sl. No.	Districts	2025-26	2024-25	2023-24
1	**Jagtial**	**18.57**	**42.45**	**37.32**
2	Jayashankar Bhupalpally	11.31	20.46	21.19
3	Mancherial	20.81	31.68	27.47
4	Peddapalli	16.60	27.07	25.02
	Total	**67.29**	**121.66**	**111.01**

As per NREGSoft

(c): Under Mahatma Gandhi NREGS, the Wage payments are directly credited by the Central Government to the accounts of the beneficiaries through Direct Benefit Transfer protocol. At the beginning of each financial year, admissible pending liabilities of the previous years, if any, are duly reimbursed by the Government of India. Accordingly, all due and admissible pending wage liabilities upto FY 2025-26 have already been cleared.

(d): As per the Schedule -I of the VB-G RAM G Act, 2025 the focus shall include conservation, irrigation, groundwater recharge, source sustainability, rejuvenation of water bodies, watershed development and afforestation and the Illustrative works include:

(i) construction of canals, flood or diversion channels, check dams, gully plugs and underground dykes;

(ii) construction or rejuvenation of ponds, percolation tanks, recharge pits, recharge shafts, injection wells and associated water harvesting structures;

(iii) irrigation open wells, micro-irrigation channels and field water distribution systems;

(iv) reclamation of community waterlogged land;

(v) afforestation and plantation works linked with soil and moisture conservation; and

(vi) rooftop rainwater harvesting and other decentralised recharge systems.

In this regard, a joint advisory has been shared with all States/UTs , accordingly, the assessment units (Blocks) classified as 'Over-exploited', 'Critical', and 'Semi-critical' in the available Dynamic Ground Water Resources Assessment Report of the Central Ground Water Board (CGWB) shall continue to be treated as priority areas for intervention, and the concerned authorities under VB–G RAM G shall ensure that a minimum percentage of the works to be taken up in the assessment units (Blocks) in terms of cost, shall be for water conservation, water harvesting and other water-related works as per following, namely: -

(i) 65% in 'Over-exploited’ and 'Critical’ rural blocks;

(ii) 40% in 'Semi-critical’ rural blocks; and

(iii) 30% in 'Safe’ rural blocks.

(e): Under the VB-G RAM G Scheme all eligible rural households, including Scheduled Castes (SCs), Scheduled Tribes (STs), women-headed and landless households are entitled to up to 125 days of wage employment in a financial year against their demand. In order to ensure that workers are provided employment against their demand, States/UTs have been advised to maintain a adequate shelf of works, undertake advance planning and make workers aware about their rights. It is also mentioned that overall responsibility of implementation of VB-G RAM G is vested with the Governments of concerned States/UTs.

The Ministry continues to closely monitor the implementation of the scheme and provides necessary support to States to ensure that all eligible rural households are able to access employment as per their demand under VB-G RAM G. Employment provided to Scheduled Caste and Scheduled Tribe households and number of women who availed the employment in Peddapalli Lok Sabha Constituency and national level under Mahatma Gandhi NREGS in last financial year 2025-26 is given below:

Sl. No.	**District**	**Number of households Provided Employment**				**Number of women availed the employment**
		SCs	STs	Others	Total	
1	Jagtial	16090	3518	44681	64289	59256
2	Mancherial	17864	9139	28328	55331	50006
3	Peddapalli	10178	1656	37761	49595	46112
	Total	44132	14313	110770	169215	155374
National Level (Figure in lakh)		98.37	92.59	342.73	533.70	405.35

As per NREGSoft

(f): The Government has taken several measures to strengthen livelihood security in rural areas, including the rural mandals of the Constituency, through the implementation of the Viksit Bharat-Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) (VB-G RAM G) Act, 2025, which provides for guaranteed wage employment, durable rural asset creation, promotion of sustainable livelihoods, and convergence with other rural development programmes. The Act also emphasizes technology-enabled implementation, timely Direct Benefit Transfer (DBT) of wages, and strengthening of livelihood opportunities through natural resource management, agriculture and allied sector works, thereby enhancing sustainable livelihood security for rural households.

In the current financial year 2026-27 (for the period from 01.07.2026 to 31.03.2027), a provision of ₹95,692.31 crore has been made for the Central share for VB-G RAM G which is among the largest allocation ever made for for rural employment programme in the country at budget estimate stage. With the inclusion of the corresponding estimated State share, the total programme outlay is likely to exceed ₹1.51 lakh crore, which is expected to significantly accelerate rural transformation, large-scale employment generation and income enhancement in rural areas. Subsequently, Mother Sanctions for various components amounting to ₹25,844.97 crore have already been issued to the States/UTs as the first instalment under the scheme.

मृदा संरक्षण

3909. श्री रामभुआल निषादः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सुल्तानपुर जिले में उसर भूमि, जलभराव और मृदा अपरदन की समस्याओं के समाधान के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो उत्पादकता बढ़ाने और छोटे तथा सीमांत किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए कार्यान्वित की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त जिले में जैविक खेती, बीज ग्राम योजना, जल संरक्षण और फसल अवशेष प्रबंधन जैसी योजनाओं का विस्तार करने का प्रस्ताव है; और

(घ) सुल्तानपुर जिले में डेयरी, कुक्कुट पालन, बकरी पालन और मत्स्यपालन जैसे संबद्ध कार्यकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान की जा रही सहायता का ब्यौरा क्या है?

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर):

(क) और (ख): उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर जिले में क्षारीय(सोडिक) भूमि, जलभराव और मृदा अपरदन की समस्याओं के समाधान हेतु कदम उठाए गए हैं। मृदा अपरदन को नियंत्रित करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत जिले के लघु एवं सीमांत किसानों के खेतों में मेड़ बांधने और चेक डैम के निर्माण के साथ-साथ भूमि समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। किसानों को सहयोग प्रदान करने और उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए अगले वर्ष में कृषि विभाग द्वारा इन्हीं खेतों में फसल उत्पादन कार्यकलाप किए जाते हैं।

(ग) और (घ): उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर जिले में जैविक खेती और बीज ग्राम योजना लागू नहीं है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के “प्रति बूंद अधिक फसल' (पीडीएमसी) घटक के अंतर्गत सुल्तानपुर जिले सहित पूरे देश में सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा दिया जा रहा है और जिले में वर्ष 2015-16 से अब तक 7615 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जा चुका है। इसके अलावा, फसल अवशेष प्रबंधन पर केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत, सुल्तानपुर जिले सहित उत्तर प्रदेश में योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत, फसल

अवशेष प्रबंधन मशीनरी और कस्टम हायरिंग सेंटरों के लिए किसानों को 50% की दर से और ग्रामीण उद्यमियों/सहकारी समितियों/एफपीओ को 80% की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2018-19 से इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश को 911.03 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

केंद्र प्रायोजित/सेक्टर योजनाओं के माध्यम से सरकार उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, बकरी पालन और मत्स्यपालन जैसे संबद्ध कृषि क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का कार्यान्वयन कर रही है। इन योजनाओं को विभिन्न जिलों में विकास योजना के अनुसार राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर जिले में संबद्ध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान की गई सहायता का विवरण निम्नानुसार है:

(i) डेयरी: राज्य सरकार की स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत, किसानों/पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 2 दुधारू पशु खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसमें 40% तक की सब्सिडी/सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत, किसानों को क्रमशः 25 और 10 दुधारू पशु खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसमें 50% की दर से सब्सिडी सहायता का प्रावधान है। राज्य सरकार का डेयरी विकास विभाग दुग्ध सहकारी समितियों के गठन और इंफ्रास्ट्रक्चर के समर्थन जैसे फर्नीचर, दुग्ध परीक्षण उपकरण, पशु चारा, मिनरल मिश्रण, डेटा प्रोसेसिंग और डेयरी प्रसंस्करण एवं संग्रहण इकाइयों (डी.पी.सी.एम.यू.) की स्थापना और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के लिए दुग्ध उत्पादकों को प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य भी करता है।

(ii) मुर्गीपालन, बकरीपालन और भेड़पालन: आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए, विभाग जिले में अनुसूचित जाति श्रेणी की महिला लाभार्थियों को 425 रुपये मूल्य के 50 चूजे, चारा, दवा और शेल्टर की व्यवस्था के साथ निःशुल्क प्रदान करता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभार्थियों को 5 बकरियां और 1 बकरा खरीदने के लिए भी सहायता प्रदान

की जाती है, जिसमें निःशुल्क बीमा और दवा शामिल है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभार्थियों को 20 भेड़ें और 1 मेढ़ा (नर भेड़) खरीदने के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें निःशुल्क बीमा और दवा शामिल है।

(iii) मात्स्यिकी: सुल्तानपुर जिले सहित देश भर में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत मत्स्य पालन विकास गतिविधियों को सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत, 306 लाभार्थियों को मत्स्य पालन विकास गतिविधियों जैसे कि बैकयार्ड आरएएस, बायोफ्लॉक तालाब, तालाब निर्माण, लघु एवं मध्यम आरएएस इकाइयों, लघु एवं मध्यम फ़ीड मिलों और साइकिल/मोटरसाइकिल/थ्री-व्हीलर (आइस बॉक्स सहित) के माध्यम से परिवहन सहायता के लिए 258.69 लाख रुपये की सब्सिडी सहायता दी गई है।

उत्तराखंड में कंप्यूटरीकरण

3910. श्री अजय भट्टः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तराखंड में ग्राम पंचायतों के विकास के लिए सरकार द्वारा जिला-वार और वर्ष-वार कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ख) उत्तराखंड में कंप्यूटरीकृत की गई ग्राम पंचायतों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त राज्य में कंप्यूटरीकृत की गई ग्राम पंचायतों की कुल संख्या कितनी है?

पंचायती राज मंत्री; तथा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह):

(क): पंचायत", "स्थानीय सरकार" होने के नाते, एक राज्य का विषय है और भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची का हिस्सा है। पंचायतों की स्थापना और संचालन संबंधित राज्य पंचायती राज अधिनियमों के माध्यम से किया जाता है, जो संविधान के प्रावधानों के अधीन,

राज्य दर राज्य भिन्न हो सकते है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 243ज के अनुसार, किसी राज्य का विधान-मंडल, विधि द्वारा, ऐसे कर, शुल्क, पथकर और फीस उद्गृहीत, संगृहीत और विनियोजित करने के लिए किसी पंचायत को, ऐसी प्रक्रिया के अनुसार और ऐसे निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, प्राधिकृत कर सकता है और राज्य सरकार द्वारा उद्गृहीत और संगृहीत ऐसे कर, शुल्क, पथकर और फीसे किसी पंचायत को, ऐसे प्रयोजनों के लिए, तथा ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जैसा कि विधि द्वारा निर्दिष्ट है, समनुदिष्ट कर सकता है।

हालांकि, भारत के संविधान का अनुच्छेद 280 में केंद्रीय वित्त आयोगों को संघ, राज्यों और उनके संबंधित स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करने और राज्यों तथा स्थानीय निकायों को विभिन्न प्रयोजनों के लिए करों के साथ-साथ अनुदानों को साझा करने की सिफारिश का प्रावधान किया गया है। वित्त आयोग के अनुदान का उपयोग ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) द्वारा वेतन या अन्य स्थापना व्यय को छोड़कर संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के तहत स्थान विशिष्ट जरूरतों के लिए किया जा सकता है।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान उत्तराखंड राज्य में ग्राम पंचायतों सहित पंचायतों के तीनों स्तरों को पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत आवंटित अनुदानों का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:–

क्रम सं.	**वर्ष**	**आवंटित अनुदान (रुपए करोड़ में)**
1.	2021-22	425.00
2.	2022-23	440.00
3.	2023-24	445.00
4.	2024-25	471.00
5.	2025-26	458.00

पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत जिला-वार अनुदान आवंटन का विवरण मंत्रालय में केंद्रीय स्तर पर संधारित नहीं किया जाता है।

पंचायती राज मंत्रालय वित्तीय वर्ष 2022-23 से राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में संशोधित 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA)' नामक केंद्रीय प्रायोजित योजना का क्रियान्वयन कर रहा

है। इस योजना का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं (PRIs) की क्षमता को सुदृढ़ करना है, जिसके अंतर्गत निर्वाचित प्रतिनिधियों (ERs), पंचायत पदाधिकारियों तथा अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी शासन क्षमता को नेतृत्व भूमिकाओं हेतु विकसित किया जाता है, जिससे ग्राम पंचायतें एवं स्थानीय निकाय सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें।

संशोधित 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA)' योजना पंचायत अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु ग्राम पंचायत भवन, कंप्यूटर सुविधाएँ तथा पंचायत कार्यालय परिसर में कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के सह-स्थान जैसी व्यवस्थाओं के लिए सीमित स्तर पर सहयोग प्रदान करती है। मंत्रालय इस योजना के अंतर्गत निधियों का आवंटन केवल राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को करता है। उत्तराखंड राज्य को संशोधित RGSA के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में आवंटित निधियों का विवरण निम्नानुसार है:–

(रुपए करोड़ में)

2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
42.48	64.67	50.00	44.09

(ख) और (ग): उत्तराखंड राज्य में ग्राम पंचायतों के कंप्यूटरीकरण का जिला-वार विवरण मंत्रालय में संधारित नहीं किया जाता है। हालांकि, मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संशोधित 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA)' योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 से 2025–26 की अवधि में उत्तराखंड राज्य द्वारा कुल 1001 कंप्यूटर क्रय किए गए हैं।

———

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही आज दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

11.04 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

———

14.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Shri Krishna Prasad Tenneti *in the Chair*)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, माननीय अध्यक्ष जी को कई माननीय सदस्यों के द्वारा विभिन्न विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

14.01 hrs

PAPERS LAID ON THE TABLE

माननीय सभापति : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नंबर 2 , माननीय मंत्री श्री जितिन प्रसाद जी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद) : सभापति महोदय मैं वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से संबंधित निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं: -

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्जिबिशन सेंटर लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2024-2025 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्जिबिशन सेंटर लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2024-2025 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 7690/18/26]

(3) विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 की धारा 19 की उप-धारा (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ.320(अ), जो दिनांक 21 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस), अनुसूची 2, 2022 के एचएस कोड 1101 के अंतर्गत वस्तुओं की निर्यात नीति में संशोधन के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7691/18/26]

(दो) का.आ.429(अ), जो दिनांक 30 जनवरी,2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस) 2022 की अनुसूची-I (आयात नीति) के आईटीसी (एचएस) कोड 29411010, 29411030 और 29411050 के सापेक्ष आयात नीति में संशोधन के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7692/18/26]

(तीन) का.आ.576(अ), जो दिनांक 5 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस), 2022, अनुसूची-I (आयात नीति) के अध्याय 66 के अंतर्गत आने वाले एचएस कोड के लिए आयात नीतिगत शर्तों में, उसमें उल्लिखित, संशोधन के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7693/18/26]

(चार) का.आ.577(अ), जो दिनांक 5 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस) 2022, अनुसूची–I (आयात नीति) के अध्याय 71 के अंतर्गत आने वाले आईटीसी (एचएस) कोड 71141920 की आयात नीति में तत्काल प्रभाव से संशोधन के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7694/18/26]

(पांच) का.आ.1759(अ), जो दिनांक 7 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो निर्दिष्ट मांस और मांस उत्पादों के निर्यात हेतु

देशों की सूची, उसमें उल्लिखित, संशोधन के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7695/18/26]

(छह) का.आ.988(अ), जो दिनांक 24 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा निर्यात उत्पाद योजना पर शुल्कों और करों की छूट में संशोधनों, उसमें उल्लिखित, को अधिसूचित किया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 7696/18/26]

(सात) का.आ.1758(अ), जो दिनांक 7 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस), अनुसूची-2, 2022 के एचएस कोड 1101 के अंतर्गत वस्तुओं की निर्यात नीति में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7697/18/26]

(आठ) का.आ.1769(अ), जो दिनांक 7 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस) निर्यात नीति की अनुसूची 2 के अध्याय 10 के अंतर्गत गेहूं की निर्यात नीति में संशोधन के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7698/18/26]

(नौ) का.आ.1124(अ), जो दिनांक 2 मार्च, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसमें दिनांक 23 फरवरी, 2026 की अधिसूचना संख्या 60/2025-26 का शुद्धिपत्र शामिल है।

[Placed in Library, See No. LT 7699/18/26]

(दस) का.आ.1361(अ), जो दिनांक 16 मार्च, 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस) 2022, अनुसूची-I (आयात नीति) के अध्याय 71 के अंतर्गत आने वाले आईटीसी

(एचएस) कोड 71131144 और 71131145 की आयात नीति में तत्काल प्रभाव से 30.06.2026 तक की अवधि के लिए संशोधन के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7700/18/26]

(ग्यारह) का.आ.1410(अ), जो दिनांक 18 मार्च, 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस), 2022–अनुसूची I (आयात नीति) के अध्याय 95 के अंतर्गत नीतिगत शर्त संख्या 2 (तीन) का तत्काल प्रभाव से लोप किया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 7701/18/26]

(बारह) का.आ.1855(अ), जो दिनांक 10 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ तथा जिसके द्वारा निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और कर की छूट (आरओडीटीईपी) योजना में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7702/18/26]

(तेरह) का.आ.1668(अ), जो दिनांक 1 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 (कूरियर सेवा/डाक के माध्यम से निर्यात) के पैरा 9.05 में संशोधन के बारे में है। यह संशोधन 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

[Placed in Library, See No. LT 7703/18/26]

(चौदह) का.आ.1729(अ), जो दिनांक 2 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस), 2022, अनुसूची-I (आयात नीति) के अध्याय 31 के आईटीसी (एचएस) कोड 31021010 के अंतर्गत आयात नीतिगत शर्त में संशोधन करके

सरकारी खाते में यूरिया के आयात के लिए इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) की एसटीई स्थिति को 31.03.2027 तक बढ़ाया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 7704/18/26]

(पन्द्रह) का.आ.1716(अ) जो दिनांक 2 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस), 2022, अनुसूची-I (आयात नीति) के अध्याय 48 के अंतर्गत आने वाली विशिष्ट वस्तुओं की न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) शर्तों को एक माह की अवधि अर्थात 31.03.2026 से बढ़ाकर 30.04.2026 किया गया है तथा शेष सभी निबंधन और शर्तें दिनांक 22.08.2025 की अधिसूचना संख्या 26/2025-26 के अनुसार यथावत रहेंगी।

[Placed in Library, See No. LT 7705/18/26]

(सोलह) का.आ.1717(अ) जो दिनांक 2 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस), 2022, अनुसूची-I (आयात नीति) के अध्याय 07 के आईटीसी (एचएस) कोड 07131010 के अंतर्गत पीली मटर की वर्तमान आयात नीतिगत शर्तों को बढ़ाया गया है जो दिनांक 31 मार्च, 2026 से 31 मार्च 2027 तक वैध है।

[Placed in Library, See No. LT 7706/18/26]

(सत्रह) का.आ.1718(अ), जो दिनांक 2 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा, उसमें उल्लिखित, आयात नीति शर्तों में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7707/18/26]

(अठारह) का.आ.1719(अ), जो दिनांक 2 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा, उसमें उल्लिखित, आयात नीति शर्तों में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7708/18/26]

(उन्नीस) का.आ.1856(अ), जो दिनांक 10 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनैतिक संकट के कारण निर्यातकों को हो रही कठिनाइयों को कम करने के लिए, जनहित में, विदेश व्यापार नीति 2023 के पैरा 4.43 में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7709/18/26]

(बीस) का.आ.1857(अ), जो दिनांक 10 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो निर्यात उत्पाद योजना पर शुल्क और कर की छूट में संशोधनों, उसमें उल्लिखित, के बारे में है।

[Placed in Library, See No. LT 7710/18/26]

(इक्कीस) का.आ.1762(अ), जो दिनांक 7 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 'निर्यात नीति पर सामान्य नोट' के खंड (ढ), उसमें उल्लिखित, कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7711/18/26]

(बाईस) का.आ.1685(अ), जो दिनांक 1 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी(एचएस) 2022, अनुसूची-I (आयात नीति) के अध्याय 71 में तत्काल प्रभाव से, उसमें उल्लिखित, कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7712/18/26]

(तेईस) का.आ.1732(अ), जो दिनांक 2 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी(एचएस) 2022, अनुसूची-I (आयात नीति) के अध्याय 71 में तत्काल प्रभाव से, उसमें उल्लिखित, कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7713/18/26]

(चौबीस) का.आ.1840(अ), जो दिनांक 10 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आयातित उत्पादों (आरओडीटीईपी अनुसूची) पर शुल्क और करों की छूट से संबंधित प्रक्रिया पुस्तिका (एचबीपी) के विवरण -4द और विवरण -4दङ में सुधार के माध्यम से कतिपय संशोधनों किये गये हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7714/18/26]

(पच्चीस) का.आ.2224(अ), जो दिनांक 5 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा चावल (बासमती और गैर-बासमती) के निर्यात के लिए उप-शीर्ष 1006 की नीतिगत शर्त में दिनांक 3 अक्टूबर, 2025 की अधिसूचना संख्या 39/2025-2026 से तत्काल प्रभाव से कतिपय संशोधन किये गये हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7715/18/26]

(छब्बीस) का.आ.2221(अ), जो दिनांक 5 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ तथा जिसके द्वारा अनुसूची- II (निर्यात नीति), आईटीसी (एचएस), 2022 के अध्याय 5 के अंतर्गत विशिष्ट आईटीसी (एचएस) कोडों की निर्यात नीति में तत्काल प्रभाव से संशोधन किये गये हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7716/18/26]

(सत्ताईस) का.आ.2258(अ), जो दिनांक 6 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा, उसमें उल्लिखित, अनुसूची-II (निर्यात नीति) के आईटीसी (एचएस) कोड 04090000 के अंतर्गत प्राकृतिक शहद के मौजूदा न्यूनतम निर्यात मूल्य शर्तों की वैधता को तत्काल प्रभाव से बढ़ाया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 7717/18/26]

(अट्ठाईस) का.आ.1910(अ), जो दिनांक 15 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा अनुसूची-I (आयात नीति), आईटीसी (एचएस) 2022 के अध्याय 38 के अंतर्गत आने वाले आईटीसी (एचएस) कोड, उसमें उल्लिखित, की आयात नीति और आयात नीतिगत शर्तों को संशोधित करके इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने तक बढ़ाया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 7718/18/26]

(उनतीस) का.आ.2222(अ), जो दिनांक 5 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा बैराइट (प्राकृतिक बेरियम सल्फेट) से संबंधित निर्यात नीतिगत शर्तों, उसमें उल्लिखित, में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

[Placed in Library, See No. LT 7719/18/26]

(तीस) का.आ.2223(अ), जो दिनांक 5 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी(एचएस) निर्यात नीति की अनुसूची 2 के अध्याय 10 के अंतर्गत गेहूं की निर्यात नीति में, उसमें उल्लिखित, कतिपय संशोधन किया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 7720/18/26]

